www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, बुधवार, 14 फरवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -310 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





किसानों पर आंसू गैस के गोलों की बौछार, यह... 02

■ किसानों से बातचीत के दरवाजे सदा खुले : अनुराग ठाकुर
■ दिल्ली में दो दिन पानी की रहेगी किल्लत 03

■ इजरायली सेना ने राफा में 2 बंधकों को बचाया
■ चुनाव में 'धांधली' के खिलाफ अदालत जाएगी... 07

निर्देशक नीरज पांडे की अगली फिल्म में अभिनय... 10

### किसान आंदोलन के पहले दिन शंभू बार्डर पर बवाल

# पुलिस ने किसानों पर दागे आंसू गैस के गोले

**चंडीगढ़,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब के सैकड़ों प्रदर्शनकारी किसानों को दिल्ली पहुंचने से रोकने के लिए मंगलवार को पुलिस ने उन्हें पंजाब-हरियाणा शंभू बॉर्डर पर रोक दिया। हरियाणा पुलिस ने किसानों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। किसान अपनी प्रमुख मांगों में से एक के रूप में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून की मांग कर रहे हैं। मार्च कर रहे प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए हरियाणा की सभी सीमाओं पर भारी सुरक्षा तैनात है और नाकेबंदी की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, यहां तक कि प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागने के लिए ड्रोन भी तैनात किए गए हैं। इससे पहले दिन में चंडीगढ़ में किसान नेताओं और केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा और खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल के साथ कई घंटों तक चली उच्च स्तरीय बैठक बेनतीजा रही।

- एमएसपी की मांग कर रहे किसान
- सभी सीमाओं पर सुरक्षा बल तैनात

**200 से अधिक यूनियन हैं शामिल**

इसके बाद संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले 200 से अधिक यूनियनों के नेतृत्व में हजारों किसानों ने राष्ट्रीय राजधानी की ओर 'दिल्ली चलो' विरोध मार्च शुरू किया। बैठक में केंद्रीय मंत्री एमएसपी के मुद्दे पर एक कमेटी बनाने की वकालत कर रहे थे, लेकिन किसान नेताओं ने इसे ठुकरा दिया। केंद्र सरकार 2020-21 आंदोलन के दौरान दर्ज किसानों के खिलाफ मामले वापस लेने पर भी सहमत हुई। लेकिन केंद्र ने कर्जमाफी पर भी कोई वादा नहीं किया। बैठक में शामिल होने वाले संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल ने मीडिया को बताया कि इस मुद्दे पर कई समितियां पहले ही एमएसपी को वैध बनाने की जरूरत की वकालत कर चुकी हैं। इसलिए किसी अन्य समिति का कोई उद्देश्य नहीं है। सरकार कर्ज माफी पर भी गंभीर नहीं थी। हालांकि, सरकार ने बड़े कॉरपोरेट के लाखों करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर दिया।

## संयुक्त किसान मोर्चा गैर-राजनीतिक व किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले दिल्ली मार्च शुरू



**टिकरी के बाद अब सिंघू बॉर्डर पूरी तरह सील**

***नई दिल्ली।*** *टिकरी के बाद दिल्ली पुलिस ने मंगलवार शाम को बैरिकेड्स और अर्धसैनिक बलों सहित बलों की भारी तैनाती के साथ सिंघू बॉर्डर को पूरी तरह से सील कर दिया। यह कदम मंगलवार को हरियाणा-पंजाब शंभू सीमा और हरियाणा के जींद जिले में पुलिस के साथ किसानों की झड़प की खबरों के बीच आया है, जिसमें लगभग 13 लोग घायल हो गए।*

### पहली बैरिकेडिंग तोड़ने में कामयाब रहे किसान

दोपहर 12 से शाम चार बजे तक करीब चार घंटे शंभू बॉर्डर पर तनाव रहा। काफी जद्दोजहद के बाद किसान आंदोलनकारी पहली बैरिकेडिंग को तोड़ने में कामयाब रहे। किसानों को उग्र होता देख हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। चार घंटे में करीब 80 आंसू गैस के गोले दागे गए। मंजर देखकर ऐसा लग रहा था मानो किसानों और पुलिस के बीच जंग चल रही है। शम्भू बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस ने पांच से छह स्तर की बैरिकेडिंग कर रखी थी। किसानों की यहां से आगे बढ़ने को लेकर देर शाम तक मशक्कत जारी रही।

### 18 के करीब आंदोलनकारियों को हिरासत में लिया गया

हरियाणा पुलिस और अर्धसैनिक बलों की टुकड़ी ने शम्भू बॉर्डर पर करीब 18 किसान आंदोलनकारियों को पकड़ा है। इनमें बुजुर्ग और युवा आंदोलनकारी दोनों शामिल थे। युवा, बुजुर्ग सहित किसानों का एक बड़ा समूह ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य वाहनों में भरकर पंजाब के फतेहगढ़ साहिब से सुबह लगभग 10 बजे रवाना हुआ, जो हरियाणा की सीमा से लगभग 40 किलोमीटर दूर है। अमृतसर से कई किसान जेसीबी और मिट्टी की बोरियों के साथ दिखाई दिए। किसानों ने कहा कि इसका इस्तेमाल बैरिकेड तोड़ने के लिए किया जाएगा।

## कांग्रेस ने दी एमएसपी की गारंटी



**अंबिकापुर,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पंजाब एवं अन्य राज्यों के किसानों के दिल्ली कूच के आन्दोलन के बीच एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों को फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य(एमएसपी) की कानूनी गारंटी दी जाएंगी।

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा**

श्री खड़गे एवं श्री गांधी ने आज यहां भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बीच एक बड़ी जनसभा में यह घोषणा करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से पंजाव एवं दूसरे राज्यों से दिल्ली जा रहे किसानों को दमनपूर्वक रोके जाने पर मोदी सरकार की जमकर आलोचना भी की। श्री खड़गे ने दिल्ली जा रहे किसानों को बलपूर्वक रोके जाने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि मोदी सरकार ने आज किसानों के लिए कांटे बिछा दिए हैं, सीमेंट के बैरिकेड लगा दिए हैं, दीवार खड़ी कर दी हैं और उसके ऊपर कीलें लगा दी हैं। यह कौन सा लोकतंत्र है। मोदी जी नहीं चाहते कि किसानों की भलाई हो।

- सरकार बनी तो एमएसपी पर कानून बनाएगी कांग्रेस
- खड़गे बोले किसानों की आवाज दबा रही सरकार
- राहुल ने कहा, सबसे पहले किसानों की मांग पूरी करेंगे

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की देश भर के किसानों की लंबे समय से लंबित मांग है और सत्ता में आने पर सबसे पहले किसानों की इस मांग को पूरा किया जाएगा। श्री गांधी ने कहा, किसान भाइयों आज ऐतिहासिक दिन है। कांग्रेस ने हर किसान को फसल पर स्वामीनाथन कमीशन के अनुसार एमएसपी की कानूनी गारंटी देने का फैसला लिया है। यह कदम 15 करोड़ किसान परिवारों की समृद्धि सुनिश्चित करके उनका जीवन बदल देगा।

## सार संक्षेप

### वायु सेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित



**नई दिल्ली।** वायु सेना का एक हॉक विमान मंगलवार को पश्चिम बंगाल के कलाई कुंडा में नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायु सेना के प्रवक्ता ने आज बताया कि दोनों पायलट समय रहते पैराशूट की मदद से सुरक्षित बच निकले। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के कारण जमीन पर किसी तरीके जान माल के नुकसान की खबर नहीं है। प्रवक्ता ने कहा कि दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन किया गया है।

### कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने की आत्महत्या



**कोटा।** राजस्थान के कोचिंग सिटी कहे जाने वाले कोटा में संयुक्त प्रवेश प्रवेश परीक्षा (जेईई) का परिणाम आने के साथ ही एक और कोचिंग छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यह इस साल की किसी कोचिंग छात्र के आत्महत्या करने की चौथी घटना है।

### 9 साल पुराने मामले में माले विधायक को सजा



**पटना।** आरा के बहुचर्चित जेपी सिंह हत्याकांड में अगिआंव विधायक मनोज मंजिल समेत 23 आरोपियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में आरा सिविल कोर्ट के एडीजे 3 द्वारा यह सजा सुनाई गई है। 8 वर्ष पूर्व जेपी सिंह की हत्या हुई थी। अब आज सजा सुनाई गई है। यह मामला करीब 9 साल पुराना यानी 2015 में हुए एक मर्डर का है।

## दिल्ली में छह सीटों पर लड़ेगी आप

**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी(आप) ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली में कांग्रेस की लोकसभा और विधानसभा में कोई सीट नहीं है इसलिए यहां उसकी एक भी सीट नहीं बनती है फिर भी हम दिल्ली की सात में से एक सीट कांग्रेस को देना चाहते हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) की बैठक में लोकसभा चुनाव पूरी मजबूती से लड़कर जीतने और इंडिया गठबंधन के घटक दलों के साथ सीट साझा करने को लेकर गंभीर विचार-मंथन हुआ।

पीएसी की बैठक में हुए निर्णयों की 'आप' के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. संदीप पाठक ने



- कांग्रेस को एक सीट का दिया प्रस्ताव
- राष्ट्रीय महासचिव संदीप पाठक ने दी जानकारी

पत्रकारों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जब पहली बार इंडिया गठबंधन का विचार देश के सामने लाया गया था तो पूरा देश बहुत उत्साहित हुआ था। देश के एक बहुत बड़े वर्ग में एक उम्मीद जगी थी। इंडिया गठबंधन का उद्देश्य यही था कि सभी घटक राजनीतिक दलों को एक साथ आकर, अपने स्वयं के राजनीतिक हितों की चिंता किए बगैर देश हित को ध्यान में रखकर इंडिया गठबंधन को चुनाव लड़ा कर और जिताकर जनता को एक अच्छी सरकार देने का था। हम भी जब इस इंडिया गठबंधन में आए तो हमारी भी एक ही इच्छा थी कि अपनी पार्टी के हितों के बारे में नहीं सोचना है, देश के बारे में सोचना है। श्री पाठक ने स्पष्ट करते हुए कहा कि हम पूरी ईमानदारी, ताकत और लगन से इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं और गठबंधन को सफल बनाने के लिए हम अपनी पूरी ताकत झोंक देंगे। उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच अभी तक आठ जनवरी और 12 जनवरी के आसपास दो ही आधिकारिक बैठक हुई है।

## शरद पवार ने चुनाव आयोग के फैसले दी चुनौती

**एनसीपी विवाद**

- पवार ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका
- आयोग ने अजित को घोषित किया था हकदार
- अजित गुट ने दायर की थी 'केवियट' याचिका

**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने चुनाव आयोग के उस फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है, जिसमें उनके भतीजे और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार गुट को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के साथ ही इस पार्टी का चुनाव चिन्ह 'घड़ी' का वास्तविक हकदार घोषित किया गया था। अजित पवार गुट ने इससे पहले सात फरवरी को शीर्ष अदालत में एक 'केवियट' याचिका दायर की थी, जिसमें गुहार लगाई है कि शरद पवार गुट की ओर से यदि चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी जाती है तो उनका (अजित गुट) पक्ष भी सुना जाना चाहिए। उन्होंने अपनी याचिका में कोई एकतरफा आदेश नहीं पारित करने की गुजारिश की है। चुनाव आयोग ने छह फरवरी 2024 को अजित पवार गुट को वास्तविक एनसीपी घोषित करते हुए चुनाव चिन्ह 'घड़ी' का निशान का हकदार बताया था। अजित पवार ने पार्टी के कई अन्य विधायकों के साथ पिछले साल महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में शामिल हुए थे। अजित पवार गुट ने चुनाव आयोग के समक्ष पेश हलफनामे में एनसीपी के कुल 81 विधायकों में से 57 का समर्थन हासिल होने का दावा किया था, जबकि शरद पवार गुट के साथ मात्र 28 विधायकों का साथ होने की बात कही गई।



### तेजस्वी के खिलाफ दर्ज मानहानि का मुकदमा रद्द

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ उनकी विवादास्पद टिप्पणी को लेकर अहमदाबाद की एक अदालत में दायर मानहानि का मुकदमा उनके माफी मांगने के साथ ही अपना बयान वापस लेने के बाद सोमवार को रद्द दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने मामले में राजद नेता के माफीनामे को स्वीकार करने के बाद उन्हें राहत प्रदान की।

## हिमालयी क्षेत्र में बारिश व हिमपात का अनुमान



**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता से देश के पश्चिमी हिमालयीन क्षेत्र में 17 से 19 फरवरी के दौरान पश्चिमी हिमलायीन क्षेत्र में बरिश और हिमपात होने का अनुमान है।

मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के कारण 17 से 19 फरवरी के बीच पश्चिमी हिमालय क्षेत्र तथा आसपास के मैदानी इलाकों में छिटपुट से लेकर तेज बारिश और हिमपात होने की संभावना है। इससे पहले 14 फरवरी को पूर्वी भारत में अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि के साथ तूफान के आसार हैं। उत्तरी बंगाल की खाड़ी पर बने प्रतिचक्रवात के प्रभाव के तहत 13 फरवरी को पूर्वी उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड में अलग-अलग स्थानों पर गरज, बिजली और ओलावृष्टि के साथ हल्की

- 17 से 19 फरवरी के दौरान होगा हिमपात
- कई राज्यों में ओलावृष्टि के साथ होगी बारिश

से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में अलग-अलग स्थानों पर आंधी आने और बिजली गिरने का अनुमान है। ओडिशा में हल्की से मध्यम बारिश होने के भी आसार हैं। ओडिशा के अलग-अलग हिस्सों में सुबह के समय घने कोहरे की स्थिति बनी रहेगी। अगले पांच दिनों के दौरान देश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव होने का अनुमान नहीं है।

पिछले 24 घंटों के दौरान उत्तरी मैदानी इलाकों के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान 7-12 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

## स्वामी प्रसाद मौर्य का सपा महासचिव पद से इस्तीफा

**लखनऊ,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा दे दिया है। इसको लेकर उन्होंने पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को अपनी चिट्ठी भेज दी है। इस चिट्ठीमें उन्होंने आरोप लगाया कि यदि राष्ट्रीय महासचिव पद में भी भेदभाव है, तो ऐसे भेदभाव पूर्ण, महत्वहीन पद पर बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। इसलिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से वो त्यागपत्र दे रहे हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपनी



- अखिलेश यादव से कहा, भेदभाव हुआ
- 'लगातार जनाधार बढ़ाने की कोशिश की'

चिट्ठी में लिखा, जबसे मैं समाजवादी पार्टी में सम्मिलित हुआ, लगातार जनाधार बढ़ाने की कोशिश की। सपा में शामिल होने के दिन ही मैंने नारा दिया था पच्चासी तो हमारा है, 15 में भी बंटवारा है। हमारे महापुरुषों ने भी इसी तरह की लाइन खींची थी। भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर ने बहुजन हिताय बहुजन सुखाय की बात की तो डॉ. राम मनोहर लोहिया ने कहा कि सोशलिस्टो ने बांधी गांठ, पिछड़ा पावै सो में साठ, शहीद जगदेव बाबू कुशवाहा और रामस्वरूप वर्मा ने कहा था सौ में नब्बे शोषित हैं, नब्बे भाग हमारा है।

## अशोक चव्हाण भाजपा में शामिल

**मुंबई,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शमिल हो गए। महाराष्ट्र में कांग्रेस को लगातार झटके लग रहे हैं। इसके पहले दो दिग्गज नेताओं बाबा सिद्दीकी और मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस का साथ छोड़ दिया था। श्री चव्हाण ने सोमवार को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री का आज यहां एक सादे समारोह में भाजपा में स्वागत किया गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस, मुंबई भाजपा प्रमुख आशीष शेलार और अन्य पार्टी नेता उपस्थित थे। श्री चव्हाण ने संवाददाताओं से कहा, मैं आज भाजपा में शामिल हो गया। मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और अन्य के प्रति आभारी हूं।

**सोमवार को कांग्रेस से दिया था इस्तीफा**

**चर्चा** *सदन में मोहन मंडावी व भागीरथ चौधरी की रही सौ फीसदी उपस्थिति*

## सनी व शत्रुघ्न ने किसी चर्चा में नहीं लिया भाग

**नई दिल्ली, 13 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संसद सदस्य मोहन मंडावी और भागीरथ चौधरी ने मिसाल कायम की है। दोनों सांसदों ने 17वीं लोकसभा के दौरान अपनी सौ फीसदी उपस्थिति दर्ज कराई। संयोग से दोनों पहली सांसद बने और उन्हें एक-दूसरे के अगल-बगल सीट मिलीं थीं। जबकि, फिल्म अभिनेता से नेता बने सनी देओल (भाजपा) और शत्रुघ्न सिन्हा (तृणमूल कांग्रेस) उन नौ लोकसभा सदस्यों में शामिल रहे, जिन्होंने किसी विधेयक पर चर्चा में हिस्सा नहीं लिया।**

इसके अलावा, सत्रहवीं लोकसभा में भाजपा सांसद रमेश जिगजिनागी, बीएन बाचेगौड़ा, प्रधान बरुआ, अनंत कुमार हेगड़े और वी. श्रीनिवास प्रसाद, तृणमूल कांग्रेस के दिव्येंदु अधिकारी व बसपा सांसद अतुल कुमार ने किसी बहस में हिस्सा नहीं लिया। मंडावी ने कहा, मुझे जो काम सौंपा गया है, मैं उसे पूरी जिम्मेदारी के साथ पूरा कर रहा हूं। मैं छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्र कांकेर का प्रतिनिधित्व करता हूं। कोरोना महामारी के दौरान भी सदन में उपस्थित हुआ था। पीआरएस विधायिका की ओर से आंकड़े साझा किए गए हैं। जिसके मुताबिक, राजस्थान के अजमेर से सांसद भागीरथ चौधरी और मंडावी ने सत्रहवीं लोकसभा के दौरान सौ फीसदी उपस्थिति दर्ज की। जिसमें उनके कार्यकाल के दौरान औसतन 79 फीसदी उपस्थिति देखी गई।



**पुष्पेंद्र सिंह चंदेल सबसे सक्रिय संसद सदस्य रहे**

**चंदेल ने 1,194 बहसों में भाग लिया**

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर से भाजपा सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल सबसे सक्रिय संसद सदस्य थे। जिन्होंने सत्रहवीं लोकसभा में 1,194 बहसों में भाग लिया। इसके बाद अंडमान औ निकोबार द्वीप समूह से कुलदीप राय शर्मा सबसे सक्रिय सांसद रहे। जिन्होंने 833 बहसों में भाग लिया। पीआरएस विधायिका किसी सदस्य द्वारा विधेयकों में चर्चा में भाग लेने, शून्यकाल में मुद्दे उठाने, विशेष उल्लेख और अन्य सदस्यों की ओर से उठाए गए मुद्दों से जुड़ने को 'बहस की भागीदारी' की श्रेणी में मानती है। इसके मुताबिक, बसपा सांसद मलूक नागर ने 582 बहसों में भाग लिया। जबकि, धर्मपुरी से द्रमुक सांसद डीएनवी सेंथिल कुमार ने 307 बहसों में भाग लिया।

# देश

**उवाच**



"मुझे तो समझ ही नहीं आ रहा कि आखिर सरकार समय क्यों बर्बाद कर रही है। आप किसानों को ऐसे रोक रहे हैं जैसे किसी पड़ोसी देश की सेना आ रही हो। उनकी मांगों को देश के प्रधानमंत्री को तुरंत स्वीकार करना चाहिए।

–असदुद्दीन ओवैसी, एआईएमआईएम प्रमुख

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 21.0 | 05.0 |
| मुंबई | 27.0 | 23.0 |
| कोलकाता | 23.0 | 19.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 26.0 |

# अन्नदाताओं की वेदना से केंद्र बेखबर : कांग्रेस

## विपक्ष ने किसानों पर आंसू गैस के गोले दागने पर केंद्र सरकार को घेरा

**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। किसानों के प्रदर्शन पर कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा जब भी इतिहास लिखा जाएगा, तब मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल को किसानों के खिलाफ क्रूरता, बर्बरता, दमन और दंशकाल के रूप में जाना जाएगा। किसानों की आवाज को दबाने के लिए भाजपा सरकार ने देश की राजधानी दिल्ली को 'पुलिस छावनी' में तब्दील कर दिया है, जैसे किसी दुश्मन ने दिल्ली की सत्ता पर हमला बोल दिया हो। दिल्ली के चारों तरफ, खासतौर से हरियाणा और दिल्ली बॉर्डर पर मंजर क्या है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 18 जुलाई, 2022 को तीन काले कानून वापस लेने के बाद किसानों से एमएसपी के लिए कानून बनाने का वादा किया था।

किसान मोदी सरकार से इस वादे की गारंटी क्यों न मांगे। क्या सरकार को देश की मिट्टी का दर्द और आत्महत्या करते अन्नदाताओं की वेदना सुनाई नहीं देती। उन्होंने किसानों को रुक जाने को लेकर सरकार से सवाल किया और कहा दिल्ली की सत्ता में बैठे क्रूर और अहंकारी सत्ताधारियों से हमारे सवाल-क्या देश के अन्नदाता न्याय मांगने दिल्ली नहीं आ सकते। क्या सरकार मानती है कि किसान दिल्ली की सत्ता पर कब्जा करना चाहते हैं। देश के अन्नदाता प्रधानमंत्री और देश की सरकार से न्याय न मांगे, तो कहां जाएं। जब किसान आंदोलन पूरी तरह शांतिप्रिय है तो फिर किसान की राह में कीलें और कंटीली तारें क्यों। कांग्रेस नेता ने कहा कांग्रेस किसानों के न्याय की



जब भी इतिहास लिखा जाएगा, तब मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल को किसानों के खिलाफ क्रूरता, बर्बरता, दमन और दंशकाल के रूप में जाना जाएगा : रणदीप सिंह सुरजेवाला

मांग का समर्थन करती है। ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर साझा करते हुए कहा कि हमारा देश कैसे प्रगति कर सकता है, जब बुनियादी अधिकारों के लिए लड़ने वाले किसानों पर आंसू गैस के गोलों से हमला किया जाता है। मैं इस तरह के कृत्य को लेकर भाजपा की कड़ी निंदा करता हूं। उन्होंने कहा कि किसानों के विरोध को दबाने के बजाए, भाजपा को अपने बढ़े हुए अहंकार, सत्ता की भूखी महत्वाकांक्षाओं और अपर्याप्त शासन को कम करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जिसने हमारे देश को नुकसान पहुंचाया है। गौरतलब है कि हरियाणा पुलिस ने किसान प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे। अंबाला के पास शंभू में पंजाब के साथ राज्य की सीमा पर लगाए गए बैरिकेड्स को तोड़ने की कोशिश की। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानून की मांग कर रहे किसानों ने दिल्ली की ओर मार्च किया।

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने घोषणा की थी कि किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी के लिए कानून बनाने समेत अपनी मांगों पर जोर देने के लिए मंगलवार को दिल्ली जाएंगे। गौरतलब है कि किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी के अलावा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों व कृषि मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफ करने, पुलिस में दर्ज मामलों को वापस लेने, लखीमपुरी खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए 'न्याय', भूमि अधिग्रहण कानून 2013 बहाल करने और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

### किसानों पर आंसू गैस के गोलों की बौछार, यह कैसा अमृतकाल : अखिलेश



**लखनऊ।** दिल्ली की तरफ जा रहे किसानों के जत्थे पर पुलिस द्वारा आंसू गैस छोड़ने को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र की मोदी सरकार की कड़ी आलोचना की है और कहा कि ये कैसा अमृतकाल है जब किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो कुछ हो रहा है और जिस प्रकार की खबरें आ रही हैं कि आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। किसानों को रोकने के लिए और आंदोलन खत्म करने के लिए कीलों के साथ-साथ दीवारें तक खड़ी की गई। प्रशासन के माध्यम से सरकार जो कर सकती थी कर रही है। दिल्ली की सरकार किसानों की आवाज को दबाना चाहती है। ये वही सरकार के लोग हैं जिन्होंने किसानों से कहा कि उनकी आय दोगुनी हो जाएगी, फसल की कीमत मिलेगी, न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि अपनी इन्हीं मांगों को लेकर किसानों ने एक साल तक आंदोलन किया था। इस दौरान 700 किसानों की जान चली गई थी। ये सरकार चौधरी चरण सिंह और एम एस स्वामीनाथन को भारत रत्न देकर किसानों के वोट तो लेना चाहती है लेकिन उनकी बातों को नहीं मानना चाहती है। आने वाले चुनाव में जनता उनको सबक सिखाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मुनाफा कमाने वालों से मिली हुई है।

# पंजाब के दो श्रमिकों का हत्यारा आतंकवादी श्रीनगर में गिरफ्तार



- अपराध में इस्तेमाल की गई पिस्तौल व अन्य आपत्तिजनक सामग्री की गई बरामद
- विजय कुमार ने मामला सुलझने का किया दावा

**श्रीनगर,** 13 फरवरी (एजेसियां)। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मंगलवार को कहा कि कुछ दिन पहले श्रीनगर में पंजाब के दो श्रमिकों की गोली मारकर हत्या करने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था विजय कुमार ने बताया कि मामला सुलझा लिया गया है और श्रमिकों पर गोलियां चलाने वाले मुख्य आरोपी श्रीनगर के जल्डागर निवासी आदिल मंजूर लंगू को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब है कि सात फरवरी की शाम अज्ञात आतंकवादियों ने श्रीनगर के शल्लाकदल, शहीद गंज में पंजाब के चमयारी गांव के अमृतपाल सिंह और रोहित मसीह पर गोलियां चला दी। हमले में 31 वर्षीय अमृतपाल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि 27 वर्षीय रोहित ने अगली सुबह श्रीनगर के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। दोनों श्रमिक पड़ोसी थे और अमृतसर से श्रीनगर आ रहे थे, तभी उन पर गोलीबारी की गयी। आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी टीआरएफ (द रेजिस्टेंस फ्रंट) ने अपने सोशल मीडिया चैनल पर हमले की जिम्मेदारी ली थी। पुलिस महानिरीक्षक (कश्मीर) विधि कुमार बिर्दी ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्य आरोपी आदिल को पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। बिर्दी ने कहा, श्रीनगर पुलिस ने तकनीकी और क्षेत्रीय विश्लेषण के आधार पर कुछ संदिग्धों पर ध्यान केंद्रित किया और बाद में जांच के दौरान एकत्रित पुख्ता सबूतों के आधार पर मुख्य आरोपी आदिल मंजूर की पहचान की और उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि अपराध में इस्तेमाल की गई पिस्तौल और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद कर ली गयी है। आईजीपी बिर्दी ने कहा कि आरोपी ने अपराध को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान में अपने आका के साथ साजिश रची थी। उन्होंने कहा कि आरोपी अत्यधिक प्रेरित और कट्टरपंथी व्यक्ति था। पाकिस्तान के उसके आका ने सोशल मीडिया पर उसे कट्टरपंथी बनाया और आतंकवादी हमले को अंजाम देने के लिए प्रेरित किया।

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर में बारिश व हिमपात के आसार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में मौसम के तीसरे सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ (डब्ल्यूडी) के कारण रविवार को हल्की से मध्यम बारिश और हिमपात होने के आसार हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के ऊंचे इलाकों में 18 से 21 फरवरी के दौरान भारी हिमपात के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर ने बताया कि 17 फरवरी तक मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। प्रदेश के ऊपरी इलाकों में 18 से 20 फरवरी के बीच हल्का से मध्यम हिमपात होगा और मैदानी इलाकों में बारिश होगी। साथ ही कश्मीर घाटी में कुछ स्थानों पर हल्का हिमपात होने के आसार हैं। दक्षिण कश्मीर में कुछ स्थानों पर भारी हिमपात और जम्मू-कश्मीर के पर्वतीय इलाकों के उत्तर और उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में मध्यम से भारी हिमपात के आसार हैं।

### बीएसकेवाई राष्ट्रीय स्कोच पुरस्कार से सम्मानित

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार की प्रमुख योजना बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना (बीएसकेवाई) को वर्ष 2023 के लिए बहुप्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्कॉच पुरस्कार के स्वर्ण (प्रथम) पदक से सम्मानित किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि राज्य स्वास्थ्य आश्वासन सोसायटी (एसएचएएस) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. डी. ब्रुंधा ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त सचिव और एसएचएएस के संयुक्त सीईओ शुभानंद महापात्र के साथ पिछले शनिवार को नई दिल्ली में स्कॉच के अध्यक्ष समीर कोचर से पुरस्कार प्राप्त किया।

### एसीबी ने तहसीलदार को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने मंगलवार को मेडचल मलकाजगिरि जिले के शमीरपेट मंडल में एक तहसीलदार को 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। एसीबी की कार्रवाई दोपहर लगभग एक बजे शुरु हुई, जिसमें आरोपी अधिकारी को निशाना बनाया गया, जिसने अपने ड्राइवर, बद्री (एओ-2) के माध्यम से रिश्वत मांगी और प्राप्त की। एसीबी के एक बयान के अनुसार, एओ-1 के रूप में पहचाने गए सत्यनारायण को हैदराबाद के शिकायतकर्ता मोवा रामशेषगिरी राव से रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। तहसीलदार ने शिकायतकर्ता की भूमि से संबंधित पट्टादार पास बुक जारी करने के लिए अनुकूल रिपोर्ट तैयार करने और उस फाइल को कलेक्टर के पास भेजने के लिए रिश्वत की मांग की थी। एसीबी ने एओ-2 (बद्री) के कब्जे से 10 लाख रुपए रिश्वत की पूरी राशि बरामद की गई, जिसके रासायनिक परीक्षणों के सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं।

# ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे फारूक

## जेकेसीए के फंड की हेराफेरी का मामला

**श्रीनगर,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला मंगलवार को धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर कार्यालय में नहीं पहुंचे। अब्दुल्ला को मंगलवार को श्रीनगर में ईडी कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया था। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि नेका अध्यक्ष ने ईडी को सूचित किया कि वह श्रीनगर में नहीं हैं इसलिए मामले में पेश नहीं हो पाएंगे। गौरतलब है कि ईडी ने इस मामले में 11 जनवरी को भी अब्दुल्ला को बुलाया था लेकिन वह स्वास्थ्य कारणों से ईडी कार्यालय नहीं जा पाए थे। ईडी ने मामले के संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री से कई बार पूछताछ की थी। उल्लेखनीय है कि यह मामला जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) के फंड की हेराफेरी से संबंधित है, जब अब्दुल्ला 2004 से 2009 के बीच इसके अध्यक्ष थे। ईडी का मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर एक एफआईआर पर आधारित है। अब्दुल्ला और उनके पूर्व पदाधिकारियों पर जेकेसीए में 13 करोड़ रुपए से अधिक के धन शोधन से संबंधित मामला दर्ज किया गया था। यह कथित घोटाला वर्ष 2012 में सामने आया और ईडी ने वर्ष 2022 में अब्दुल्ला के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। ईडी इस मामले में नेकां अध्यक्ष अब्दुल्ला से कई बार पूछताछ कर चुकी है।



# बिहार में सुभाष यादव ने अदालत में किया आत्मसमर्पण

**पटना,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। फरार चल रहे लालू के साले सुभाष यादव के घर पर पुलिस जेसीबी लेकर कुर्की जब्ती के लिए पहुंच गई। कुर्की जब्ती की कार्रवाई से घबराकर सुभाष यादव ने एमपी एमएलए कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। जमीन के विवाद में कोर्ट के आदेश के साथ पुलिस उनके घर पर पहुंची थी।

सुभाष यादव के कोर्ट में सरेंडर किए जाने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कुर्की जब्ती की कार्रवाई को रोक दिया। 30 जनवरी 2024 को कोर्ट ने पुलिस को सुभाष यादव को कोर्ट के सामने उपस्थित कराने का निर्देश दिया था। कोर्ट के नोटिस के बावजूद सुभाष फरार चल रहे थे। इससे पहले पुलिस ने उनके घर पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई किए जाने की पर्ची भी लगाई थी। इसके बावजूद सुभाष कोर्ट में शामिल नहीं हुए। इसके बाद एएसपी के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस की टीम मंगलवर को उनके आवास कौटिल्य नगर कुर्की जब्ती के लिए पहुंच गई। पुलिस अपने साथ जेसीबी भी लेकर आई थी। इस बात की



- जेसीबी लेकर घर की कुर्की जब्ती करने पहुंची थी पुलिस

जानकारी जब सुभाष को हुई तब वो आनन-फानन में वो एमपी एमएलए कोर्ट में सरेंडर करने पहुंच गए। सरेंडर किए जाने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कुर्की जब्ती की कार्रवाई को रोक दिया।

बता दें कि इससे पूर्व 30 जनवरी को जब जमीन के बदले नौकरी मामले में जिस वक्त तेजस्वी यादव से ईडी की टीम पूछताछ कर रही थी तभी उनके मामा सुभाष यादव के घर पर पुलिस डुगडुगी बताते पहुंची थी। पुलिस ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के साले और तेजस्वी-तेजप्रताप के मामला सुभाष यादव के घर पर कुर्की-जब्ती का इश्तेहार लगाया था। इस इश्तेहार में साफ तौर पर लिखा गया था कि यदि सुभाष ने कोर्ट में सरेंडर नहीं किया तो कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर भीम वर्मा एक अणे मार्ग में लगने वाले मुख्यमंत्री के जनता दरबार भी गए थे। मई 2023 में जनता दरबार पहुंचे भीम वर्मा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से न्याय की गुहार लगाई थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उसकी बातें सुनने के बाद इस संबंध में अधिकारियों से बात की थी और इस मामले पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। सीएम के आदेश के बाद पटना डीएम डॉ. चंद्रशेखर और पटना एसएसपी राजीव मिश्रा ने मामले की जांच की। जिसके बाद 96 लाख रूपये की इस जमीन विवाद मामले में आरोपी लालू के छोटे साले सुभाष यादव के खिलाफ बिहटा थाने में पीड़ित ने केस दर्ज कराया गया। सुभाष यादव के साथ-साथ उनकी पत्नी रेणु देवी, बेटे रणधीर यादव सहित 7 लोगों के खिलाफ भी जबरन जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया गया। इसी मामले में आज सुभाष यादव के आवास पर कुर्की जब्ती करने के लिए पुलिस पहुंची थी क्योंकि वो फरार चल रहे थे। कुर्की जब्ती की कार्रवाई से घबराकर उन्होंने कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

### रंगदारी व अपहरण मामले में किया गया था फरार घोषित

तेजप्रताप-तेजस्वी यादव के मामा सुभाष यादव को रंगदारी और अपहरण मामले में फरार घोषित किया गया था। पूर्व सांसद सुभाष यादव पर 7 कट्ठा जमीन की खरीद में हेराफेरी करने का आरोप है। नेउरा के बेला गांव के किसान भीम वर्मा की जमीन से जुड़ा यह मामला है। भीम वर्मा ने बिहटा थाने में सुभाष यादव, उनकी पत्नी रेणु देवी, बेटे, बेला के पूर्व सरपंच सहित अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। यह आरोप लगाया था कि 7 कट्टा जमीन लेने के बाद इसे वापस करने की बात कही थी। लेकिन अभी तक ना तो जमीन वापस किया और ना ही पैसे ही दिए।

# भ्रष्ट नेताओं को लेना मोदी की गारंटी : उद्धव

**मुंबई,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। गत सोमवार महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद से ही सियासी हलचल तेज हो गई है। मंगलवार को उन्होंने भाजपा का दामन थामा है। जिसके के बाद शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को भाजपा पर जमकर कटाक्ष किया। भाजपा के नारे मोदी की गारंटी पर तंज कसते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रमुख काम भ्रष्ट नेताओं को शामिल करना और उन्हें सीएम या उपमुख्यमंत्री का पद देना है। सत्तारूढ़ दल भाजपा पर हमला करते हुए उद्धव ठाकरे ने ने कहा कि देश में तानाशाही के रूप में एक नया वायरस फैल रहा है। हमने अपनी सरकार में कोरोना देखा लेकिन आज देश में एक नया वायरस आया है, इसे मोदी सरकार के तहत तानाशाही कहा जाता है। इसलिए, मैं जनता से अनुरोध करता हूं कि अपने हाथ धो लें और देश से इस तानाशाही वायरस को खत्म करें।



- अशोक चव्हाण के भाजपा में शामिल होने पर कसा तंज
- भाजपा तानाशाही के रूप में एक नया वायरस

**मोदी गारंटी मतलब भ्रष्ट नेताओं की भाजपा में एंट्री**

मोदी गारंटी नारे पर बोलते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि इनका काम भ्रष्ट नेताओं को भाजपा में शामिल करना है। बाद में उन्हें राज्यसभा सीटें देना है, उन्हें डिप्टी सीएम और सीएम बनाना है और उन्हें ईडी और सीबीआई मामलों से मुक्त करना है। उन्होंने कहा कि मैं मोदी जी से पूछना चाहता हूं कि आपके भाजपा नेता आपके सपने को पूरा करने में सक्षम नहीं हैं, इसलिए आप पार्टियों को तोड़ रहे हैं। भाजपा ने मेरी पार्टी शिवसेना को तोड़ा, फिर एनसीपी को तोड़ा, शरद पवार को और अब कांग्रेस से अशोक चव्हाण को, फिर और नीतीश कुमार को अलग किया। अब्दुल सत्तार का नाम लिए बिना उन्होंने कहा अगर हम सत्ता में आए तो उन्हें जेल में डाल देंगे। मेरी पार्टी के वफादार कार्यकर्ता गद्दारों को नहीं छोड़ेंगे और आने वाले चुनाव में सबक सिखाए बिना नहीं रहेंगे। भाजपा के पास हिंदुत्व के नकली बीज हैं, लेकिन हमारे पास असली लोग हैं। ठाकरे ने मोदी पर भारत रत्न का बाजार खड़ा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पंद्रह दिनों के अंदर पांच लोगों को भारत रत्न घोषित कर दिया गया। जिन राज्यों में वोट पाने के लिए ऐसे फैसले दिए गए।

हमें स्वामीनाथन को भारत रत्न देने पर गर्व है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कर भुगतान में हिस्सेदारी बढ़ाइए, फिर देखिए कैसे विकास नहीं होता है। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार चुनी गई तो हमें एक रुपये पर 25 से 50 पैसे का रिटर्न मिलेगा।

### किसानों के लिए केंद्र गंभीर नहीं : उद्धव

उद्धव ठाकरे ने किसानों के विरोध पर केंद्र सरकार की आलोचना की और कहा कि किसान गृह मंत्री अमित शाह से मिलना चाहते थे लेकिन उनके पास समय नहीं है और वह इस मामले पर गंभीर नहीं हैं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के पूर्व सीएम अशोक चव्हाण ने मंगलवार को महाराष्ट्र के रचनात्मक विकास के लिए काम करने का दावा करते हुए भाजपा का दामन थामा है।

# मध्य प्रदेश का अंतरिम बजट लेखानुदान ध्वनिमत से पारित

## जगदीश देवड़ा ने सदन में किया था लेखानुदान पेश

**भोपाल,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश विधानसभा में मंगलवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट (लेखानुदान) से संबंधित विनियोग विधेयक को ध्वनिमत से पारित करने के साथ ही लेखानुदान को अनुमति मिल गई। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सदन में सोमवार को लेखानुदान पेश किया था, जिसमें एक लाख पैंतालीस हजार करोड़ रुपयों से अधिक का प्रावधान किया गया है। सदन में आज इस पर चर्चा के उपरांत वित्त मंत्री देवड़ा ने संबंधित विनियोग विधेयक पेश किया और इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके पहले कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य रामनिवास रावत ने एक संशोधन भी नियमों के तहत पेश किया, जिस पर कुछ देर चर्चा हुयी और अंततः संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के अनुरोध पर रावत ने यह संशोधन वापस ले लिया। मध्यप्रदेश में लगभग दो माह पहले गठित डॉ मोहन यादव सरकार ने लेखानुदान के जरिए वित्त वर्ष 2024-25 के शुरुआती चार महीनों यानी 1 अप्रैल से 31 जुलाई की समय अवधि के लिए अंतरिम बजट पेश किया है। पूर्ण बजट जुलाई माह में लाया जाएगा। अंतरिम बजट में कुल एक लाख पैंतालीस हजार से अधिक धनराशि का प्रावधान किया गया है। इसमें से एक लाख छह हजार करोड़ रुपयों से अधिक धनराशि राजस्व और 38 हजार करोड़ रुपयों से अधिक की धनराशि पूंजीगत व्यय के लिए प्रस्तावित की गई है। वित्त मंत्री देवड़ा ने सदन को बताया कि संविधान के अनुच्छेद 206(1) के तहत अत्यावश्यक निरंतर व्यय के मदों के लिए नवीन व्यय और मद शामिल नहीं किए गए हैं।



**सुझाव** *जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने पहाड़ी समुदाय के सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को दिया सुझाव*

# पहाड़ी समुदाय को इसी वर्ष से मिलेगा आरक्षण का लाभ

**जम्मू,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष पहाड़ी, पदारी, कोली और गद्दा ब्राह्मणों को अनुसूचित जनजाति (एसटी) आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। साथ ही उन्हें जनजातीय योजनाओं में शामिल किया जाएगा। उन्होंने राजभवन में पहाड़ी समुदाय के 120 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान यह भी सुझाव दिया कि पहाड़ी समुदाय के प्रमुख सदस्यों की समिति गठित की जाए जो समुदाय से संबंधित मुद्दों पर सरकारी अधिकारियों के साथ निर्बाध समन्वय कर उनका समाधान करा सकें। उप राज्यपाल ने कहा कि प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि इस वर्ष पहाड़ी, पदारी, कोली और गद्दा ब्राह्मणों को अनुसूचित जनजाति आरक्षण का लाभ दिया जाए और उन्हें जनजातीय योजनाओं में शामिल किया जाए। पहाड़ी नेताओं ने



- जनजातीय योजना में भी होंगे शामिल

गुज्जर, बक्करवाल व अन्य जनजातियों के हितों की रक्षा करते हुए पहाड़ी व अन्य समुदाय को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि हम सब भाई-भाई हैं व साथ मिलकर राष्ट्र निर्माण के लक्ष्य के साथ काम करते रहेंगे।

पूर्व उप मुख्यमंत्री मुजफ्फर हुसैन बेग ने पहाड़ी और अन्य समुदायों की लंबे समय से लंबित मांगों को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार और जम्मू-कश्मीर प्रशासन की सराहना की। पहाड़ी नेता रफीक शाह ने कहा कि 75 साल की राजनीतिक और सामाजिक गुलामी के बाद न्याय मिला है। उन्होंने कहा आज हम सशक्त और स्वतंत्र महसूस कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता विबोध गुप्ता ने कहा कि गुज्जर, बक्करवाल और पहाड़ी समाज मिलकर जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए काम करेंगे और केंद्रशासित प्रदेश के विकास में जनजाति समुदाय की प्रमुख भूमिका होगी। दिनेश शर्मा ने पहाड़ी, पदारी, कोली और गद्दा ब्राह्मणों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के सरकार के ऐतिहासिक फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इस कदम ने असंतुलन को दूर किया है और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के दृष्टिकोण को मजबूत किया है। फ्लेल सिंह ने कहा कि यह हमारी युवा पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए पहाड़ी समुदाय की नई समृद्धि की सुबह है। राजा एजाज ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के मार्गदर्शन में वर्तमान सरकार ने पहाड़ी समुदाय और पूरे सीमा क्षेत्र के लिए अनुकूल माहौल बनाया है। अंजुम, प्रदीप शर्मा, इकबाल मलिक और मुर्तजा खान ने पहाड़ी समुदाय और भारत सरकार के बीच एक पुल के रूप में काम करने और समुदाय के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए जम्मू कश्मीर प्रशासन को धन्यवाद दिया। उपराज्यपाल ने आश्वस्त किया कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दों को पूर्णतः लागू किया जाएगा।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

शहर के सभी पार्कों की नियमित देखरेख की जा रही है जिसमें कई पार्कों में अच्छी घास तथा अच्छी फुलवारी वहां की मिट्टी के क्रम में होती है। सभी पार्कों में नियमित घासो की कटाई, पानी का छिड़काव, पेड़ पौधों की नलाई व अन्य कार्य गाजियाबाद नगर निगम के मालियों व अन्य के द्वारा किए जाते हैं, पार्कों के साथ-साथ ग्रीन बेल्ट तथा सेंट्रल वर्ज को भी नियमित साफ किया जाता है।

**डॉ. अनुज, उद्यान प्रभारी**

# चिल्ला बार्डर पर लग गए बेरिकेड, दिन भर रहा जाम

- **बिना चेकिंग दिल्ली में नहीं एंट्री, डीसीपी ने फोर्स को किया ब्रीफ**
- **नोएडा के किसानों की मांगों को लेकर प्रदर्शन**

**नोएडा,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। संयुक्त किसान मोर्चा के अगुवाई में दिल्ली कूच को लेकर नोएडा में अलर्ट जारी कर दिया गया है। यहां चिल्ला बार्डर के अलावा कालिंदी कुंज बार्डर दोनों ही स्थानों पर सुबह से बेरिकेड कर चेकिंग की गई। किसानों को आगे बढ़ने नहीं दिया जाएगा। इस लिए यमुना एक्सप्रेस और नोएडा एक्सप्रेस वे पर वाहनों की रफ्तार स्लो रही। भारी और मालवाहन वाहनों पर प्रतिबंध है। चिल्ला बार्डर पर बेरिकेट और सिमेंट ब्लाक साइड में रखे गए है।





जरुरत पड़ने पर उनको सड़क पर लगाकार किसानों को रोका जाएगा। इसके चलते दिन भर चिल्ला बार्डर, डीएनडी पर वाहनों की लंबी कतार लगी। हांलाकि दोपहर बाद डीएनडी फ्लाईओवर के पास वाहन चालकों को थोड़ी राहत मिली। कल भी यहीं सिलसिला जारी रहेगा। मंगलवार को चिल्ला बार्डर पर दो से तीन किसानों के वाहनों को रोका गया। जिनको वापस भेजा गया। हालांकि लोग जाम से परेशान रहे। नोएडा के सेक्टर-18, डीएससी रोड के अलावा सेक्टर-62 की ओर भी जाम लगा रहा।

**जाम से बचना है तो मेट्रो से करे सफर**

ट्रैफिक एडवाइजरी में यह सलाह दी गई है कि आम लोग ट्रैफिक जाम से बचने के लिए मेट्रो का अधिक से अधिक प्रयोग करें। यमुना एक्सप्रेस-वे से नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे होकर दिल्ली जाने वाले व सिरसा से परी चौक होकर सूरजपुर जाने वाले मार्ग पर सभी प्रकार के मालवाहक वाहनों का आगमन प्रतिबंधित था।

**18 फरवरी तक बनेगी हाई लेवल कमेटी, मांगे पूरी होने तक जारी रहेगा धरना**

चिल्ला और कालिंदी कुंज बार्डर पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके अलावा डीसीपी विद्या सागर और एडसीपी मनीष मिश्रा ने सुबह सभी बॉर्डर का जायजा लिया और यहां पुलिस को ब्रीफ किया गया। ताकि यदि किसान आगे बढ़ते है तो कैसे रोका जाए। वहीं दोपहर बाद नोएडा में भारतीय किसान परिषद के तत्वाधान में सुरजपुर में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किसानों की बैठक हुई।

इस बैठक में तीनों संगठन जय जवान जय किसान मोर्चा, भारतीय किसान परिषद व अखिल भारतीय किसान सभा के अध्यक्षों ने हिस्सा लिया। उनके साथ पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह, जिलाधिकारी मनीष वर्मा, तीनों प्राधिकरण के सीईओ के साथ मीटिंग हुई। बैठक में निष्कर्ष निकला कि 18 फरवरी तक एक हाई लेवल मीटिंग का गठन किया जाएगा। इसमें किसानों के 10 प्रतिशत प्लॉट, आबादी का निस्तारण, नई भूमि अधिग्रहण पॉलिसी का गौतम बुद्ध नगर में



लागू होना व एनटीपीसी दादरी के समान रोजगार व मुआवजे का निस्तारण किया जाएगा। इसके इतर तीनों प्राधिकरण के किसानों के जो अन्य मुद्दे हैं। उनकी अपने-अपने सीईओ के साथ 2 दिन के अंदर वार्ता होगी।

# नोएडा ने तैयार किया 73 हजार करोड़ का ग्राउंड

**नोएडा,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 19 से 21 फरवरी तक लखनऊ में होगी। नोएडा इसके लिए तैयार है। अब तक कुल 73 हजार करोड़ रुपए के निवेश का ग्राउंड तैयार कर चुका है। इसमें से टॉप निवेश करने वाली कंपनियों के प्रतिनिधि भी जीबीसी में

- **1.5 लाख लोगों को 5 साल में मिलेगा रोजगार, 19 से 21 फरवरी तक होगी जीबीसी**

शिरकत करेंगे। वहीं यमुना विकास प्राधिकरण ने करीब 35 हजार करोड़ का ग्राउंड तैयार किया। अकेले नोएडा निवेश करने वाली कंपनियां 1.5 लाख लोगों को रोजगार देंगी। इन कंपनियों को पांच साल में निर्माण पूरा कर फंक्शनल सर्टिफिकेट लेना होगा।

इस ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में 16 देशों के 21 शहर और देश के 10 शहरों में रोड शो सहित प्रदेश के सभी 75 जनपदों में निवेशक सम्मेलन के उपरांत तीन दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से कुल 39.52 लाख करोड़ के औद्योगिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे 1.10 करोड़ रोजगार के अवसर सृजित होंगे। अब प्रदेश इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार है। जिसमें पहले दिन 19 फरवरी को प्रधानमंत्री द्वारा एक साथ 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों के जमीनी क्रियान्वयन की शुरुआत होगी।

बता दे साल 2018 में इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन के बाद जब पहली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित हुई थी उसमें 60 हजार करोड़ के निवेश प्रस्तावों का क्रियान्वयन प्रारंभ हुआ था। अब 06 वर्ष बाद जीबीसी फोर्थ में एक साथ 10 लाख 11 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों के ग्राउंड ब्रेकिंग की तैयारी है। जीबीसी में 500 करोड़ से अधिक की 262 परियोजनाएं सम्मिलित हैं। जबकि 100-500 करोड़ तक 889 औद्योगिक परियोजनाएं जमीन पर उतरेंगी। महत्वपूर्ण यह भी कि सभी 75 जनपद इससे लाभान्वित होंगे।

**नोएडा में 93 कंपनियों को कागजी और आवंटन कार्य पूरे**

नोएडा में 93 कंपनियों की बात कर रहे है उनको प्लाट का आवंटन, नक्शा पास और अन्य कागजी कार्य लगभग पूरे किए जा चुके है। इसमें प्राधिकरण के संस्थागत यानी आईटी/आईटीईएस 32 इकाई, इंडस्ट्री की 38 यूनिट, ग्रुप हाउसिंग की 11 और कमर्शियल की 12 इकाई शामिल है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि जीबीसी में इतना बड़ा ग्राउंड तैयार करने वाला नोएडा पहला शहर है।

## नोएडा से टॉप कंपनियां जो जीबीसी में लेंगी हिस्सा

एमउएम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 7500 करोड़ का निवेश
आइकिया 4300 करोड़ का निवेश
क्लियरलेक प्राइवेट लिमिटेड 4000 करोड़ का निवेश
थीम काउंटी प्राइवेट लिमिटेड 3200 करोड़ का निवेश
थीम काउंटी प्राइवेट लिमिटेड 2000 करोड़ का निवेश
रोजबेरी एस्टेट एलएलपी 2000 करोड़ का निवेश
महागुन इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड 1800 करोड़ का निवेश
गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड 1200 करोड़ का निवेश
थीम काउंटी प्राइवेट लिमिटेड 1000 करोड़ का निवेश
ग्रेट वैल्यू प्रोजेक्ट्स इंडिया लिमिटेड 1000 करोड़ निवेश
क्लियरलेक प्राइवेट लिमिटेड 1000 करोड़ निवेश

**यमुना एक्सप्रेस वे का निवेश**

न्यूजन सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड 1000 का निवेश
फन जू टॉयस 1052 करोड़ का निवेश
वीवो मोबाइल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 6990 करोड़ का निवेश
वीएएलएस डिवलेपर्स प्राइवेट लिमिटेड 11000 करोड़ का निवेश
व्यक्ति विकास केंद्र इंडिया 1000 करोड़ का निवेश
केंट आरओ सिस्टमस लिमिटेड 500 करोड़ का निवेश
सेटस फूड सोल्यूशनस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 600 करोड़ का निवेश

**कामर्शियल में दो कंपनियां कर रही 11 हजार करोड से ज्यादा का निवेश**

ग्रांउड ब्रेकिंग में सबसे बड़ा निवेश दो कंपनियां कर रही है। इसमें एक एमउएम है। ये कंपनी नोएडा में 7500 करोड़ का निवेश कर रही है। ये कंपनी नोएडा में रेजिडेंशियल ऑफिस, रेटिल सर्विस देगी। इस निवेश से करीब 14 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा इंजका कंपनी 4300 करोड़ का निवेश कर रही है। इससे 400 लोगों को रोगजार मिलेगा। नोएडा में इसका काम शुरू भी हो चुका है। बता दे कामर्शियल में कुल 12 कंपनियां आई है। ये कंपनियां नोएडा में आलीशान होटल, 1 सुपरमार्ट, 1 इंडस्ट्रियल टाउन शिप, 3 कामर्शियल कंप्लेक्स, रेजिडेंशियल ऑफिस, रेंटल ऑफिस और रिटेल शॉप के अलावा 4 रियल स्टेट के प्रोजेक्ट है।

# नोएडा में 30 करोड़ की जमीन को कराया कब्जा मुक्त

**नोएडा,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-138 स्थित इलाबांस गांव में प्राधिकरण ने जेसीबी चलाया। यहां 5000 वर्गमीटर से ज्यादा जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। इस जमीन की लागत करीब 30 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। कालोनाइजरों ने गांव के खसरा नंबर- 215,216,413,414,415 पर कब्जा किया और अवैध रूप से प्लाटिंग की। प्लाट को बेचा गया। अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण के समय यहां मौजूद लोग फरार हो गए। जिनको चिन्हित किया जा रहा है। इनके खिलाफ कानूनी एक्शन लिया जाएगा। प्राधिकरण ने एडवाइजरी की इस तरह से किसी कॉलोनाइजर के फेर में नहीं फंसे। प्राधिकरण को जानकारी मिली थी कि नोएडा के इलाबांस गांव में बड़े



- **अवैध रूप से की जा रही थी प्लाटिंग, जेसीबी की मदद से किया गया ध्वस्त**

स्तर पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। इसके बाद प्राधिकरण पुलिस और जेसीबी के साथ मौके पर पहुंची। करीब दो से तीन घंटे तक चले अभियान में यहां बनाए गए प्लाट, निर्माण और कब्जा की जमीन को मुक्त कराया गया। इस जमीन पर प्राधिकरण ने अपना बोर्ड लगाया साथ से फेंसिंग कराकर अपने कब्जे में लिया। दरअसल ये जमीन मास्टर प्लान 2031 के अनुसार नियोजित की गई है। इसलिए जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि कब्जा करने वाले नोएडा या आसपास के नहीं है। बल्कि ये बाहरी है। इन लोगों यहां अवैध निर्माण और कब्जा कर प्लाटिंग की। यही नहीं कई लोगों को सस्ती जमीन का लालच देकर बेचा भी है।

इनका पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही एडवाइजरी दी है बिना वेरिफिकेशन के कोई भी जमीन न खरीदी जाए। अन्यथा जीवन भर की कमाई जाया हो सकती है।

# मोटिवेशनल स्पीकर विवेक बिंद्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

**नोएडा,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। पुलिस ने पत्नी से मारपीट के मामले में मोटिवेशनल स्पीकर विवेक बिंद्रा के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है। 45 पन्नों की चार्जशीट को सीसीटीवी फुटेज, मेडिकल रिपोर्ट और विवेक की मां के बयान के आधार पर तैयार किया गया है। विवेक बिंद्रा की पत्नी के भाई ने बीते साल 14 दिसम्बर को केस दर्ज कराया था। पुलिस के मुताबिक दिसम्बर में गाजियाबाद निवासी वैभव ने सेक्टर-126 में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी बहन यानिका के साथे बीते वर्ष छह नवम्बर को विवेक बिंद्रा ने शादी की थी। दोनों नोएडा सेक्टर-94 स्थित सुपरनोवा वेस्ट रेजिडेंसी स्थित फ्लैट में रह रहे थे। शादी के करीब एक माह बाद सात दिसम्बर को विवेक बिंद्रा अपनी मां प्रभा से झगड़ा कर रहे थे। इस बात को लेकर यानिका ने बीचबचाव करने का प्रयास किया तो विवेक ने उसे कमरे में बंद कर दिया। गाली गलौज करते हुए विवेक ने यानिका को इस दौरान बुरी तरह से पीटा। मारपीट की वजह से यानिका के पूरे शरीर पर चोट और घाव हो गए। बाल नोंचने की वजह से यानिका के सिर में भी घाव हुए। आरोप यह भी है कि विवेक ने यानिका को इस कदर पीटा कि उसके कान का पर्दा फट गया। यानिका का लंबे समय तक दिल्ली स्थित अस्पताल में उपचार चला। मामला हाई प्रोफाइल होने के चलते पुलिस ने सोयाइटी के कैमरे में कैद वीडियो, यानिका की मेडिकल रिपोर्ट और उसके व अन्य लोगों के भी बयान दर्ज किए। इन बयानों, सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों को आधार बनाते हुए पुलिस ने पत्नी से मारपीट के मामले में विवेक बिंद्रा के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की। एसीपी रजनीश वर्मा ने पत्नी से मारपीट करने के मामले में चार्जशीट दाखिल होने की पुष्टि की है। इस मामले में विवेक बिंद्रा से भी पूछताछ की गई थी।

- **45 पेज की है चार्जशीट, सीसीटीवी फुटेज, मेडिकल रिपोर्ट और विवेक की मां के बयान शामिल**

# यूपीएसटीएफ के एसीपी राहुल श्रीवास्तव के निलंबन के बाद राष्ट्रवादी जन सत्ता दल ने की गिरफ्तारी की मांग

**गाजियाबाद,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रवादी जन सत्ता दल ने यूपीएसटीएफ के एएसपी राहुल श्रीवास्तव के सस्पेंशन के बाद तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। राहुल श्रीवास्तव पर यूपीएससी की तैयारी कर रही युवत का होटल बुलाकर योन शोषण करने का आरोप है।इसको लेकर पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. बीपीएस त्यागी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस मसले पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकांत त्यागी के दखल के बाद एफआईआर दर्ज की गई थी। फरवरी 2024 को लखनऊ पुलिस हैडक्वाटर का घेराव करने की अपील की थी। इस दौरान आरोपी ने लखनऊ हाई कोर्ट से स्थगन आदेश ले लिया था। मगर अब केस 12/02/2024 को उन्हें विभाग ने सस्पेंड कर दिया। डॉ. त्यागी ने कहा कि हमारा दल माननीय हाई कोर्ट के ऑर्डर का सम्मान करता है। लेकिन आरोपी एएसपी की गिरफ्तारी की जानी चाहिए। ताकि मामले में कोई छेड़खानी न कि जा सके। उन्होंने पीड़िता को सिक्योरिटी दी जाने, पीड़िता को लीगल सपोर्ट दी जाने, राहुल श्रीवास्तव को गिरफ़्तार करके जेल भेजने मांग की। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी पीड़िता को न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रखेगी।




- **पीड़िता को न्याय मिलने तक जारी रहेगा आंदोलन : बीपी त्यागी**

## वेतन विसंगति दूर करने व सामाजिक सुरक्षा की मांग

# एनएचएम के हजार कर्मचारियों ने सीएम को लिखे पत्र

**गाजियाबाद,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। वेतन विसंगति को दूर करने और सामाजिक सुरक्षा बढ़ाने की मांग को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर पत्र लिखें हैं। दिल्ली से सटे गाजियाबाद में करीब 1000 से ज्यादा कर्मचारियों ने पत्र लिखकर मुख्यमंत्री को अपना दुखड़ा सुनाया है और अपनी समस्याओं को तत्काल हल करने की मांग की है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के तहत कार्यरत संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ से जुड़े इन कर्मचारियों ने अपने पत्र में कहा है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन केंद्र व राज्य सरकार द्वारा क्रमश है 60 और 40 प्रतिशत राशि से वित्त पोषित स्कीम है। जिसका संचालन 2005 से लगातार हो रहा है। उत्तर प्रदेश की बात करें तो यहां पर करीब डेढ़ लाख कार्मिक कार्यरत हैं उत्तर प्रदेश में इसमें स्कीम के लिए किसी तरह की नीति नहीं है। जिस कारण अनेक व्यवस्थाओं के चलते कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन पत्रों में कहा गया है कि कोरोना जैसी वैश्विक बीमारी में प्रदेश के प्रबंधन व्यवस्था की प्रशंसा पूरे देश में और विश्व स्तर तक की गई थी। इस दौरान कर्मचारियों ने पूरे मनोयोग से महामारी से लड़ने में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। स्कीम वर्कर होने के कारण राज्य के नीति निर्देशन मिशन पर लागू होते हैं। इसलिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यकर्ता कर्मियों की समस्याएं मुख्यमंत्री स्तर पर ही संभव है। संघ के उप राष्ट्रीय महामंत्री संजय यादव। कहा कि एक ही पद पर अलग-अलग कार्य में कार्यक्रमों में कार्यरत कर्मियों का वेतन भी अलग है। वेतन निर्धारित न होने के कारण वरिष्ठ कर्मियों का वेतन अधीनस्थ कार्य करो कर्मियों से भी काम है। पत्र में कहा गया है कि भाजपा शासित अन्य प्रदेशों में वेतन विसंगति दूर करते हुए वेतन वृद्धि का लाभ दिया गया है जबकि उत्तर प्रदेश में अभी तक कुछ नहीं हुआ है पत्र में तत्काल इन मांगों को पूरा करने की गुहारलगाई है।

- **कर्मचारियों ने समस्याओं से अवगत कराते हुए मांग पूरी करने की लगाई गुहार**

# मधुमेह के उपचार पर मधुमेह विशेषज्ञ ने दिया व्याख्यान

**नोएडा,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। सेक्टर-27 स्थित कैलाश अस्पताल के सभागार में मधुमेह के उपचार समाधान एवं सावधानी के विषय में लंदन से आये डा. हीना त्रिवेदी (वरिष्ठ मधुमेह विशेषज्ञ) ने व्याख्यान दिया। उन्होनें बताया कि आजकल की जीवन शैली, मानसिक तनाव और युवाओं में मधुमेह काफी संख्या में बढ़ रही है। हिन्दुस्तान मधुमेह हब बनता जा रहा है जो कि चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि सौ में से ग्यारह लोग भारत में मधुमेह रोग से ग्रसित है। जीवनशैली में बदलाव के लिए छः से आठ घंटे की नींद, योगा, वॉकिंग, समय पर खानपान एवं संतुलित आहार एवं समय पर दवाई से ही मधुमेह से होने वाली भयंकर बीमारियों से बचा जा सकता है।



डा. हीना त्रिवेदी ने अपने मधुमेह के क्षेत्र में 25 वर्षो से भी ज्यादा का अनुभव साझा करते हुए बताया कि अगर जीवन शैली एवं खानपान में बदलाव किया जाये तो मधुमेह होने का कम खतरा होता है जिन लोगों को मधुमेह की पहचान हो जाती है उन्हे समय-समय पर डॉक्टर से परामर्श करानी चाहिए और समय-समय पर अपना ब्लड शुगर टेस्ट, एच बीए-1सी कराना चाहिए जिससे सही समय पर सही ईलाज हो सके। इस अवसर पर डा. महेश शर्मा, सांसद गौतमबुद्धनगर एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार ने डा. हीना त्रिवेदी को मधुमेह के विषय में जानकारी देने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर अस्पताल के वरिष्ठ विशेषज्ञ, आर.डब्ल्यू.ए. के सदस्य, आर्मी के भूतपूर्व सैनिकों तथा नोएडा के वरिष्ठ नागरिकों एवं कैलाश अस्पताल की अध्यक्षा डा. उमा शर्मा, निदेशक डा. पल्लवी शर्मा, डा. कार्तिक शर्मा, डा. अनिल गुरनानी, ग्रुप डायरेक्टर क्रिटीकल केयर, डा. विजय गंजू मेडिकल सुपरिटेन्डेन्ट एवं तीन सौ से अधिक डॉक्टरों ने हिस्सा लिया।

## अवैध विज्ञापन पर निगम सख्त : हटाए गए 450 अवैध होर्डिंग



**गाजियाबाद,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम अवैध होर्डिंग के खिलाफ सख्ती दिखा रहा है। इसी क्रम में आज मोहननगर जोन में 450 अवैध होर्डिंग हटाये गए। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि वृहद स्तर पर अवैध विज्ञापन हटाने का अभियान चल रहा है, रोस्टर के क्रम में पांचो जोन में अवैध विज्ञापन पट हटाए जा रहे हैं रूफटॉप भी लगातार है रहे हैं। संबंधित अधिकारी व टीम को अवैध विज्ञापन करने वालों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हुए हैं ।मोहन नगर जोन के अंतर्गत अभियान चलाया गया जिसमें छोटे व बड़े सभी अवैध विज्ञापन पट हटाए गए लगभग 450 विज्ञापन पट हटाए गए। विज्ञापन प्रभारी पल्लवी सिंह ने बताया कि नगर आयुक्त महोदय की निर्देश अनुसार रोस्टर के क्रम में अभियान चल रहा है मोहन नगर जोन के अंतर्गत 'अप्सरा बॉर्डर पर रूफटॉप हटाया गया साथ ही मोहन नगर से लेकर हिंडन एयर फोर्स तक तथा हैंडल एयर फोर्स से गगन विहार तक' लगे अवैध रूप से विज्ञापनों को हटाया गया है, अन्य आसपास के क्षेत्र में भी अवैध रूप से लगे विज्ञापन होर्डिंग को हटाने की कार्रवाई की गई है ज़ोनल प्रभारी भी कार्रवाई में सहयोग कर रहे हैं लगातार अवैध विज्ञापन के विरुद्ध कार्रवाई जारी है।

# बसंत के अवसर पर निगम ने सजाए शहर के कई पार्क, सर्वश्रेष्ठ का दिया संदेश

**गाजियाबाद,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। बसंत पर्व के मद्देनजर शहर को महकाने के लिए नगर निगम ने शहर में कई पार्कों को विशेष रूप से सजाया है। ताकि शहर के नागरिक गुड फील कर सकें। कुछ पार्कों में वेस्ट से बेस्ट की मुहिम पर कार्य किया गया है।

वहीं नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने नागरिकों से ज्यादा से ज्यादा ग्रीनरी करने का आह्वान किया।

उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज बताया कि शहर के सभी पार्कों की नियमित देखरेख की जा रही है जिसमें कई पार्कों में अच्छी घास तथा अच्छी फुलवारी वहां की मिट्टी के क्रम में होती है। सभी पार्कों में नियमित घासो की कटाई, पानी का छिड़काव, पेड़ पौधों की नलाई व अन्य कार्य गाजियाबाद नगर निगम के मालियों व अन्य के द्वारा किए जाते हैं, पार्कों के साथ-साथ ग्रीन बेल्ट तथा सेंट्रल वर्ज को भी नियमित साफ किया जाता है। गाजियाबाद नगर निगम ने संत कबीर पार्क वार्ड संख्या 91 को खराब पड़े टायर ड्रम का इस्तेमाल करते हुए सुंदर-सुंदर फूलों को लगाया है। इसी प्रकार से अन्य सभी जोन में कई पार्क बहुत ही सुसज्जित और सुंदर है जिसमें मुखर्जी पार्क वार्ड संख्या 24, चिरंजीव विहार सेंट्रल पार्क, कैप्टन सुरी पार्क वार्ड 47, राजनगर सेक्टर 3 वाला पार्क वार्ड 84, डॉक्टर कपूर पार्क वार्ड संख्या 8, वार्ड 96 अशोक नगर बी ब्लॉक वाला पार्क, विजयनगर के अंतर्गत सेक्टर 9 ई 116 ई 19 के सामने वाला पार्क सेक्टर 11 प्रताप विहार जी ब्लॉक के पार्क, वसुंधरा के अंतर्गत ध्रुव पार्क वार्ड 94, वैशाली सेक्टर 4 का चंद्रशेखर पार्क वार्ड 77, वसुंधरा सेक्टर 6 वार्ड संख्या 61 का पार्क व अन्य कई पार्क पूर्णतया व्यवस्थित है बाकी पार्कों में भी नियमित व्यवस्था कराई जाती है क्षेत्र वासियों का वहां रह वासियों का भी निगम को सहयोग मिलता रहता है जो की सराहनीय है जो पार्क व्यवस्थित नहीं है उन पर ध्यान देकर बेहतर किया जा रहा है। नगर आयुक्त ने शहर वासियों से भी अपील की है कि वह अपने-अपने घरों में भी फुलवारी अवश्य रखें तथा फुलवारी के अंदर वेस्ट से बेस्ट करने का कार्य करें जिसमें पुराने सामान से फुलवारी को बेहतर करने का कार्य किया जाए। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर को व्यवस्थित और सुसज्जित करने का कार्य किया जा रहा है पार्कों को भी सुंदर बनाने का कार्य चल रहा है।



- **हर घर में हो फुलवारी : नगर आयुक्त**



## नगर आयुक्त ने संभव में मौके पर किया समस्या समाधान, खुशी से फरियादियों के चमके चेहरे

**गाजियाबाद,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम मुख्यालय में संभव में नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने जब कई फरियादियों की समस्या का समाधान मौके पर ही कर दिया तो उनके चेहरे खुशी से चमक गए उन्होंने नगर आयुक्त का न केवल आभार प्रकट किया बल्कि उनके कार्य शैली के भी प्रशंसा की।संभव में आज कुल 20 संदर्भ प्राप्त हुए, अधिकांश समस्याएं निर्माण जलकल तथा टैक्स विभाग की प्राप्त हुई, स्वास्थ्य, प्रकाश तथा उद्यान की सबसे कम समस्याएं प्राप्त हुई। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि संभव जनसुनवाई में आगंतुकों की समस्याओं को सुना गया। कई शिकायतें या समस्या तत्काल होने वाली थी उन पर अविलंब कार्रवाई करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए निर्माण विभाग से पांच संदर्भ प्राप्त हुए। जिसमें आवेदन अतिक्रमण की भी समस्याएं सामने आई, जलकल विभाग से पांच संदर्भ प्राप्त हुए जिसमें पानी की पाइपलाइन कनेक्शन तथा सीवर की समस्या सामने आई, स्वास्थ्य प्रकाश तथा उद्यान विभाग से एक-एक समस्या



सामने आई जिनको मौके पर टीम भेज कर निस्तारित कराया गया। संभव के दौरान कई क्षेत्रीय पार्षद में जनप्रतिनिधि भी मिले जिनके द्वारा अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित विकास पर भी चर्चा की गई। संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी, महाप्रबंधक जल के पी आनंद, प्रकाश विभाग व अन्य विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। समस्याओं पर तत्काल समाधान देने की कार्य शैली पर शिकायतकर्ताओं ने नगर आयुक्त गाजियाबाद का धन्यवाद भी जताया।

उवाच "

भूमिगत ट्रांसपोर्ट सेंटर के अंदर 4210 कार, 40 बस के लिए पार्किंग की सुविधा होगी। इसके अलावा एयरपोर्ट कर्मचारियों के लिए 2320 और 450 कार, 1620 टैक्सी, 3620 दोपहिया वाहन की पार्किंग होगी। टर्मिनल बिल्डिंग एक और दो भूमिगत ट्रांसपोर्ट सेंटर से जुड़े होंगे। नोएडा एयरपोर्ट के मास्टर प्लान के अनुसार फेस-तीन में भूमिगत ट्रांसपोर्ट सेंटर का निर्माण होगा। उस समय एयरपोर्ट पर 30 मिलियन पैसेंजर का आकलन किया गया है। **डॉ. अरूणवीर सिंह, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड सीईओ**

# कैपिटल ज़ोन

# नोएडा एयरपोर्ट के टर्मिनल बिल्डिंग में होगा भूमिगत ट्रांसपोर्ट सेंटर

## विमान से उतरने के बाद यात्रियों को टर्मिनल बिल्डिंग के अंदर मिलेगी बस, टैक्सी, मेट्रा की सुविधा

**ग्रेटर नोएडा,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल जेवर एयरपोर्ट में यात्रियों को हवाई सफर करने के बाद गंतब्य तक पहुंचने के लिए परिवहन सुविधा के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। विमान से उतरने के बाद टैक्सी, बस, रैपिड और मेट्रो पकड़ने के लिए टर्मिनल बिल्डिंग से बाहर नहीं निकलना होगा। नोएडा एयरपोर्ट में इसके लिए टर्मिनल बिल्डिंग के अंदर 20 एकड़ में भूमिगत सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। भूमिगत ट्रांसपोर्ट सेंटर तीन मंजिला होगा। जिसमें मेट्रो और रैपिड ट्रेन स्टेशन भी होगा। बस, टैक्सी, कार और मोटरसाइकिल पार्किंग की भी सुविधा होगी। देष में यह सुविधा किसी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अंदर नहीं है।



- देश में अभी तक किसी भी एयरपोर्ट के अंदर भूमिगत ट्रांसपोर्ट सेंटर की सुविधा नहीं
- टर्मिनल बिल्डिंग में 20 एकड़ में बनाया जा रहा तीन मंजिला भूमिगत ट्रांसपोर्ट सेंटर

नोएडा एयरपोर्ट पहले चरण में 1334 हेक्टेयर में किया जा रहा है। जिसमें दो रनवे के साथ टर्मिनल बिल्डिंग और एयर ट्रैफिक कंट्रोल का निर्माण किया जा रहा है। इस साल के अंत तक नोएडा एयरपोर्ट से विमानों का उड़ान शुरू हो जाएगा। एयरपोर्ट सीधे अन्य प्रदेशों और शहरों से जोड़ने के लिए मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। नोएडा एयरपोर्ट के टर्मिनल बिल्डिंग में 20 एकड़ में तीन मंजिला भूमिगत ट्रांसपोर्ट सेंटर बनाया जा रहा है। ट्रांसपोर्ट सेंटर के मेट्रो, बुलेट ट्रेन और रैपिड ट्रेन स्टेशन होगा। इसके अलावा बस, कार, ट्रैक्सी और मोटर साइकिल के लिए पार्किंग सुविधा होगी। हवाई सफर करने के बाद यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने के लिए किसी प्रकार की परिवहन सुविधा के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। विमान से उतरने के बाद यात्रियों को टर्मिनल बिल्डिंग से एक्सीलेटर के माध्यम से सीधे भूमिगत ट्रांसपोर्ट सेंटर पहुंच जाएंगे। जहां पर उन्हें किसी भी प्रदेश और आसपास के शहर में जाने के लिए मेट्रो, रैपिड ट्रेन, बस, टैक्सी आदि मिल जाएंगे। टर्मिनल बिल्डिंग में भूमिगत ट्रांसपोर्ट सेंटर में प्रस्तान और निकासी के लिए एलिवेटेड तीन लेन का रोडवे बनाया जा रहा है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ डॉ. अरूणवीर सिंह ने बताया कि भूमिगत ट्रांसपोर्ट सेंटर के अंदर 4210 कार, 40 बस के लिए पार्किंग की सुविधा होगी। इसके अलावा एयरपोर्ट कर्मचारियों के लिए 2320 और 450 कार, 1620 टैक्सी, 3620 दोपाहिया वाहन की पार्किंग होगी। टर्मिनल बिल्डिंग एक और दो भूमिगत ट्रांसपोर्ट सेंटर से जुड़े होंगे। नोएडा एयरपोर्ट के मास्टर प्लान के अनुसार फेस-तीन में भूमिगत ट्रांसपोर्ट सेंटर का निर्माण होगा। उस समय एयरपोर्ट पर 30 मिलियन पैसेंजर का आकलन किया गया है।

# आंदोलनरत किसानों के साथ प्राधिकरण, जिला प्रशासन व पुलिस अधिकारियों की हुई वार्ता

## वार्ता में शासन स्तर पर 18 फरवरी तक उच्चस्तरीय कमेटी गठन का दिया आश्वासन, किसानों ने कहा जारी रहेगा आंदोलन

**ग्रेटर नोएडा,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। आंदोलनरत किसानों के साथ मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय के सभागार में अखिल भारतीय किसान सभा, भारतीय किसान परिषद, जय जवान जय किसान मोर्चा और एनटीपीसी के किसान संगठनों के साथ नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेस वे के सीईओ, जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त करीब एक घंटे के वार्ता हुई। वार्ता के दौरान अधिकारियों की तरफ से किसानों को आश्वासन दिया गया कि 18 फरवरी तक शासन स्तर पर उनकी मांगों को उच्चस्तरीय कमेटी का गठन कर दिया जाएगा। अधिकारियों की तरफ से किसानों को आंदोलन समाप्त करने के लिए कहा गया।

किसानों ने कहा कि उनका धरना तब तक जारी रहेगा जबतक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती है। बैठक में 10 फीसदी आबादी प्लाट देने के तीनों प्राधिकरण से पास प्रस्ताव को जो शासन स्तर पर अनुमोदन के लिए लंबित है, नए कानून को लागू करने का प्राधिकरण से पास प्रस्ताव एवं नोएडा प्राधिकरण से साढ़े चार सौ वर्ग मीटर के स्थान पर 1000 वर्ग मीटर तक आबादी छोड़े जाने के नियमावली में संशोधन प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड से पास प्रस्ताव होकर शासन स्तर पर लंबित सहित एवं अन्य शासन स्तर के सभी मुद्दों पर 18 फरवरी तक शासन से हाई पावर कमेटी के गठन का आश्वासन अधिकारियों ने दिया है।



जिस पर किसाना संगठनों की तरफ से कहा गया तब तक हर जगह धरना प्रदर्शन चलते रहेंगे, प्राधिकरण स्तर के मुद्दों पर नोएडा ग्रेटर नोएडा के किसान अपने-अपने मुख्य कार्यपालक अधिकारी के साथ वार्ता कर उनका हल निकालेंगे। बैठक में अखिल भारतीय किसान सभा की ओर से मनोज प्रधान, संयोजक वीर सिंह नागर, महासचिव जगदीश नंबरदार, सुरेंद्र भाटी, पप्पू ठेकेदार, निशांत रावल, सुशील, सुनील फौजी, राजू पलला, सुखबीर खलीफा, उदल यादव, रंगलाल भाटी, दुष्यंत सेन, विकास गुर्जर, प्रशांत भाटी, यतेंद्र मैनेजर, निरंकार प्रधान, सचिन भाटी, गुरप्रीत एडवोकेट, भीम सिंह प्रधान, बाबा करतार, सतपाल खारी, कृष्ण भाटी, मोहित यादव, मनवीर भाटी, अजय पाल भाटी, श्याम सिंह प्रधान जी, शर्मा भाटी, मोनू मुखिया, बुधपाल यादव, श्याम सिंह प्रधान जुनपत, संजय इमलिया, गौरव यादव, महेश प्रजापति एवं अन्य दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर धरना स्थल पर रात दिन के धरने का 15वां दिन रहा धरने पर उपस्थित सैकड़ो लोगों ने प्राधिकरण और सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की धरने को संबोधित करते हुए वीर सिंह ने कहा लड़ाई आर पार की है जीत कर ही दम लेंगे।

# एक्सप्रेस वे पर बिना मानकों के फर्राटा भर रही थी पांच लोगों की खूनी बस

**ग्रेटर नोएडा,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे पर 116वें किमी पर जिस बस के टायर फटने से हादसा हुआ था, वह बस मानकों को पूरा नहीं कर रही थी। बस का बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र और आरसी एक्सपायर हो चुकी है। ऐसी हालत में बस फर्राटे भर रही थी। अब यमुना प्राधिकरण इस मामले को शासन तक पहुंचाएगा।

- यमुना एक्सप्रेस वे पर स्लीपर बस की टक्कर कार सवार पांच लोगों की हुई थी मौत
- बिहार से दिल्ली तक एक्सपायर प्रदूषण प्रमाण पत्र और आरसी के चल रही थी बस




यमुना एक्सप्रेस वे पर सोमवार सुबह करीब आठ बजे 116वें किमी पर टायर फटने से बस से कार टकरा गई। इस हादसे में पांच लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई थी। जांच में पता चला है कि बस किसी भी मानक को पूरा नहीं कर रही है। बस की आरसी पिछले साल 21 अक्टूबर को एक्सपायर हो चुकी है। इसी तरह प्रदूषण प्रमाण पत्र इसी साल चार जनवरी और बीमा 15 जनवरी को खत्म हो चुका है। अनफिट हालत में भी बस सड़क पर दौड़ रही थी। अनफिट बस के चलने से हादसे की आशंका बढ़ जाती है। अब यमुना प्राधिकरण इस मामले को शासनस्तर तक पहुंचाएगा। ताकि हाइवे पर दौड़ती इस तरह की अन्य बसों पर शिकंजा कसा जा सके। यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने कहा कि अनफिट बसों से हादसे की आशंका बढ़ जाती है। सोमवार को जिस का हादसा हुआ था, वह भी मानकों को पूरा नहीं कर रही थी। एआरटीओ सियाराम ने बताया कि प्रवर्तन के लिए चार टीम लगी है। जो लगातार बसों को पकड़ने और सीज करने का काम कर रही है। अगर ये बस नोएडा से होकर लगातार जाती है तो इसका चालान हुआ होगा। लेकिन पुख्ता नहीं बता सकते। इसके अलावा रोजाना बसों की चेकिंग की जा रही है। गाइड लाइन और नियमों अनदेखी करने पर उनको जब्त किया जा रहा है।

# प्रमुख सचिव परिवहन में कर्म योग एवं सड़क सुरक्षा संगोष्ठी में हुए शामिल

## स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नाटक के माध्यम से दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

**ग्रेटर नोएडा,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। आम जनमानस को सड़क दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक करने को लेकर मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव परिवहन उत्तर प्रदेश एल. वेंकटेश्वर लू एवं मंडल आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ सेल्वा कुमारी जे की अध्यक्षता में गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा के ऑडीटोरियम में कर्म योग एवं सड़क सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा सड़क सुरक्षा पर आधारित नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव एवं मंडल आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ ने सड़क सुरक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रोडवेज चालकों व अन्य व्यक्तियों को सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उप परिवहन आयुक्त मेरठ परिक्षेत्र मेरठ सुनीता वर्मा ने सड़क सुरक्षा के सभी मानकों पर खरे उतरने के लिए अपील की। इस अवसर पर एल. वेंकटेश्वर लू. ने सड़क पर धीमी गति से वाहन चलाने और सड़क पर यातायात के नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना देश की एक विकट समस्या है, सड़क दुर्घटनाओं से लाखों लोगों की प्रतिवर्ष मौत होती हैं। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए हम सबको यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए। प्रमुख सचिव ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हमें सजग रहना जरूरी है।



उन्होंने बताया कि यातायात के नियमों का विधिवत पालन करने से शत-प्रतिशत सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, कुलपति गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा आदि मौजूद रहे।

# टोल मांगने पर टोलकर्मी से मारपीट, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**जेवर,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे के साबौता इंटरचेंज पर टोल मांगने पर कार सवार चार लोगों ने टोलकर्मी को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अलीगढ़ के थाना पिसावा के गांव जलालपुर का रहने वाले पीड़ित रविकिरन ने कोतवाली पुलिस से षिकायत करते हुए बताया कि सोमवार शाम को वह यमुना एक्सप्रेस वे के साबौता इंटरचेंज पर ड्यूटी पर था। उसी दौरान टोल मांगने को लेकर कार सवार चार लोगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य सहकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित को बचाया तथा आरोपितों से उनके नाम व पते की जानकारी प्राप्त की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर नोएडा के सेक्टर 142 के रहने वाले प्रिंस, अभिषेक व प्रशांत तथा अलीगढ़ के गांव खुर्द खेड़ा के रहने वाले रवि के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मूँजखेडा में उपजिलाधिकारी सदर द्वारा प्रस्तुत परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 429/एस0टी0-एस0डी0एम0/2016 दिनांक 25.04.2016 के अनुसार मृतक हरप्रसाद पुत्र स्व0 श्री बाबू नि0 ग्राम मूँजखेडा, जिला गौतमबुद्धनगर परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 107/एस0टी0-एस0डी0एम0/2024 दिनांक 09.02.2024 के अनुसार मृतक राजेन्द्र पुत्र स्व0 बाबू नि0 ग्राम मूँजखेडा, जिला गौतमबुद्धनगर, परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 434/एस0टी0-एस0डी0एम/2013 दिनांक 13.03.2013 के अनुसार मृतक गोपी पुत्र स्व0 श्री बाबू नि0 ग्राम मूँजखेडा, जिला गौतमबुद्धनगर व परिवार सदस्यता प्रमण पत्र 105/एस0टी0-एस0डी0एम/2024 दिनांक 09.02.2024 के अनुसार मृतक प्रेमपाल पुत्र गोपी नि0 ग्राम मूजखेडा, जिला गौतमबुद्धनगर परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 106/एस0टी0-एस0डी0एम/2024 दिनांक 09.02.2024 के अनुसार मृतक हरकेश पुत्र बाबू नि0 ग्राम मूँजखेडा, जिला गौतमबुद्धनगर के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| मूँजखेडा | 708 708/1119 | हरप्रसाद पुत्र स्व0 श्री बाबू नि0 ग्राम मूँजखेडा, जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती बती | 48 | पत्नी |
| | | | श्री सुरेन्द्र | 28 | पुत्र |
| | | | श्री शिव कुमार | 26 | पुत्र |
| | | | श्री नरेन्द्र | 24 | पुत्र |
| | | | श्री सुखबीर सिंह | 19 | पुत्र |
| | | | श्रीमती गीता | 27 | पुत्री विवाहित |
| | | राजेन्द्र पुत्र स्व0 श्री बाबू नि0 ग्राम मूँजखेडा जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती किशनी | 52 | पत्नी |
| | | | श्री मुकेश | 32 | पुत्र |
| | | | श्रीमती सुशीला | 36 | पुत्री विवाहित |
| | | गोपी पुत्र स्व0 श्री बाबू व प्रेमपाल पुत्र गोपी नि0 ग्राम मूँजखेडा, जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमती हरप्यारी | 55 | पत्नी |
| | | | श्री भूप सिंह | 45 | पुत्र |
| | | | श्री महीपाल | 42 | पुत्र |
| | | | श्रीमती कृष्णा | 40 | पुत्री विवाहित |
| | | | श्रीमती पुष्पा | 36 | पुत्री विवाहित |
| | | | श्रीमती कौशल | 34 | पुत्री विवाहित |
| | | | श्रीमती सीमा | 35 | पत्नी प्रेमपाल |
| | | हरकेश पुत्र बाबू नि0 ग्राम मूँजखेडा जिला, गौतमबुद्धनगर | श्रीमती सतदेवी | 62 | पत्नी |
| | | | श्री वीरपाल | 42 | पुत्र |
| | | | श्री गजेन्द्र | 35 | पुत्र |
| | | | श्री जयप्रकाश सिंह | 33 | पुत्र |
| | | | श्रीमती लक्ष्मी | 31 | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर या प्राधिकरण द्वारा अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण


# कृतिका शर्मा को एनसीसी कैडेट महानिदेशक पदक मिलने पर सम्मान समारोह आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय में कंप्यूटर साइंस में पढ़ाई कर रही अंडर ऑफिसर (यूओ) कृतिका शर्मा 31 यूपी गर्ल्स बटालियन को महानिदेशक एनसीसी पदक मिलने पर विश्वविद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान कृतिका शर्मा को प्रतीक चिन्ह और शॉल उठाकर स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय के डायरेक्टर पीआर डॉ. अजीत कुमार ने कहा कि कृतिका शर्मा प्रतिष्ठित कैडेट उन्होंने अपनी गतिविधियों में असाधारण प्रतिभा और अटूट समर्पण का प्रदर्शन किया है। उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों में महानिदेशक एनसीसी पदक मिला है, जो उनकी अथक मेहनत का प्रमाण है। विश्वविद्यालय की एएनओ लेफ्टिनेंट यशोधरा राज के सराहनीय मार्गदर्शन में उन्होंने विश्वविद्यालय के साथ-साथ 31 यूपी गर्ल्स बटालियन के लिए भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। व्यक्तिगत और सहयोगात्मक दोनों प्रयासों के प्रति उनकी बहुमुखी प्रतिभा और समर्पण का प्रदर्शन। उनकी यात्रा एनसीसी और शारदा विश्वविद्यालय में उनके कौशल, दृढ़ता और योगदान का एक उल्लेखनीय प्रमाण है।



# कासना से सूरजपुर मार्ग पुनर्निर्माण में भ्रष्टाचार की जांच की मांग

**ग्रेटर नोएडा,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। करप्शन फ्री इंडिया संगठन के कार्यकर्ताओं ने कासना से सूरजपुर मार्ग के निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांग व मार्ग को गड्ढा मुक्त करने को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ आशुतोष द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा। संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय व प्रदेश महासचिव दिनेश नागर ने बताया कि कासना से सूरजपुर तक की सड़क का निर्माण ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के द्वारा लगभग 2 वर्ष पूर्व किया गया था। इस सड़क के निर्माण में घटिया किस्म की सामग्री का प्रयोग किया, जिससे सड़क में एक वर्ष में ही गड्ढे हो गए, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है, जिससे जनमाल का नुकसान हो रहा है। प्रवीण भारतीय ने बताया कि ठेकेदार ने संबंधित अधिकारियों से मिलीभगत कर सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार किया जिसकी शिकायत पूर्व में भी कार्यपालक अधिकारी से की गई थी, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ भी नहीं हुआ। दिनेश नागर ने बताया कि संगठन के कार्यकर्ताओं ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी को ज्ञापन सौंपकर कासना से सूरजपुर तक सड़क के पुनर्निर्माण एवं इस सड़क के निर्माण में घटिया किस्म की सामग्री के प्रयोग की जांच कर ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान मास्टर दिनेश नागर, कुलबीर भाटी, जितेंद्र नागर आदि लोग मौजूद रहे।




पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009


# पुलिस ने बेरिकेड लगाकर किसानों को दिल्ली जाने से रोका

**दनकौर,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। भाकियू टिकैत संगठन के किसानों को मंगलवार को अपनी मांगों के समाधान के लिए दिल्ली में सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन में शामिल होने जाना था। जिसके लिए दो दिन से किसान ट्रैक्टर लेकर दिल्ली जाने की तैयारी में लगे थे। लेकिन इससे पहले ही एडीसीपी अशोक कुमार, एसीपी सार्थक सेंगर पुलिस बल के साथ पहुंचे और किसानों को रोकने के लिए यमुना एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड़ व सलारपुर अंडरपास आदि जगहों पर बड़े वाहन खड़े कर बेरिकेडिंग कर दी। संगठन के जिलाध्यक्ष श्यामवीर नागर ने बताया कि जिले में तीन प्राधिकरण होने के बाद भी किसानों की समस्याओं का समाधान नही किया जा रहा है। एमएसपी पर गारंटी कानून लागू नही किया है। सरकार ने किसानों के साथ वादाखिलाफी की है। इसके विरोध में किसान करीब 20 ट्रैक्टर के साथ दिल्ली में प्रदर्शन में शामिल होने के लिए निकले थे। लेकिन पुलिस और सरकार की तानाशाही के कारण किसानों को रास्ते में ही रोक दिया गया। किसानों ने रोके जाने पर दो घंटे तक धरना भी किया, लेकिन पुलिस ने किसानों को वापस लौटा दिया। अब किसान किसी और रास्ते से दिल्ली पहुंचने का प्रयास करेंगे। इस दौरान बॉबी नागर, कुलदीप नागर, वेदपाल शर्मा, देवेंद्र व जयकिशन आदि मौजूद रहे।




**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जगनपुर अफजलपुर में तहसीलदार, महरौली, दिल्ली से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र सं0 90660000142734 दिनांक 25.05.2022 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक स्व0 बल्लूराम पुत्र स्व0 टोडर की मृत्यु दिनांक 24.04.2021 व स्व0 पीतो पत्नी स्व0 बल्लू की मृत्यु 15.04.2016 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु/जन्म तिथि | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| जगनपुर अफ़जलपुर | 114 | 369 370 | स्व0 बल्लूराम पुत्र स्व0 टोडर व स्व0 पीतो पत्नी स्व0 बल्लू नि0 ग्राम जौनापुर, साउथ दिल्ली, दिल्ली | श्री अमरपाल | पुत्र | 57 वर्ष | |
| | | | | श्रीमती अमरवती | पुत्री | 47 वर्ष | |
| | | | | श्रीमती भगवती | पुत्री | 66 वर्ष | |
| | 737 | 892M 894M 898M 899M | | श्रीमती बाला | पुत्री | 62 वर्ष | |
| | | | | श्री महीपाल | पुत्र | 55 वर्ष | |
| | | | | श्रीमती रजमा | पुत्री | 43 वर्ष | |
| | | | | श्री सतपाल सिंह | पुत्र | 62 वर्ष | |
| | | | | श्रीमती शिमला | पुत्री | 44 वर्ष | |

उपरोक्त परिवार सदस्यों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व अन्य अनुमन्य लाभ संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जाँच के क्रम मे प्रश्नगत भूमि पर किसी न्यायालय या आदेश द्वारा कृषक का स्वत्व समाप्त होता है अथवा क्षेत्रफल कम किया जाता है तो कम हुए क्षेत्रफल अथवा सम्पूर्ण क्षेत्रफल के सापेक्ष इस वारिसान को स्वतः निरस्त समझा जायेगा। तहसीलदार, यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# आपदा बचाव प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण के सहयोग से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की तरफ से भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित विभिन्न आपदाओं के बचाव के उद्देश्य से जिले के समस्त प्राथमिक विद्यालय से एक-एक प्रधानाध्यापक-अध्यापक के लिए बालक इंटर कॉलेज प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वरिष्ठ कोषाधिकारी, शिखा गुप्ता ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अवसर पर वरिष्ठ कोषाधिकारी ने जिले की विभिन्न आपदाओं पर प्रकाश डालते हुए आपदा प्रबंधन नीति, निर्धारण व बेहतर क्रियान्वयन तथा शासन के इस बेहतर प्रयास को जनपद में सार्थक रूप प्रदान करने पर बल दिया।

उन्होंने बताया कि आपके माध्यम से जनपद के प्रत्येक विद्यार्थी एवं आम जनमानस को आपदाओं के प्रति जागरूक किए जाने व उसके प्रभाव को कम किया जाए। जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद इसी तरह से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अपने-अपने स्कूल के बच्चों व आप-पास के लोगों तथा तहसीलों व ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित कर सभी वर्ग-समुदाय को प्रशिक्षित करते हुए आपदा की स्थिति में बचाव, सुरक्षा आदि उपायों की जानकारी देते हुए जागरूक किया जाए, जिससे की लोग आपदाओं के प्रभावों को समझे और उससे बचने के तरीकों को अपने जीवन में उतार सके और सरकार की योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा तक पहुंचें। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल आठवीं बटालियन के इंस्पेक्टर राजेश सिंह द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में एनडीआरएफ की भूमिका एवं कार्य के बारे में जानकारी उपलब्ध करायी गयी।



- प्रशिक्षण में सभी प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व अध्यापक हुए शामिल

इस दौरान डॉ. हरिओम गर्ग ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद इसी तरह से प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर स्कूल के बच्चों व आस-पास के लोगों को प्रशिक्षित करते हुए आपदा की स्थिति में बचाव, सुरक्षा आदि उपायों एवं सीपीआर को सही तरिके से दिए जाने की जानकारी देते हुए जागरूक किया।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मुहफाड, परगना दनकौर उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या 182/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023 दिनांक 23.02.2023 में मृतक श्री स्व0 सतवीर सिंह पुत्र श्री स्व0 खचेड़ू, निवासी मुहफाड, परगना दनकौर तहसील, जनपद गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विवाहित/अविवाहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुहफाड़ परगना दनकौर | 226म 227/1 | श्री स्व0 सतवीर सिंह पुत्र श्री स्व0 खचेड़ू निवासी मुहफाड़ परगना दनकौर तहसील जनपद गौतमबुद्धनगर | श्रीमती महेन्द्री देवी | पत्नी | 68 वर्ष | विधवा |
| | | | | श्री अनिल कुमार | पुत्र | 21 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्रीमती रेखा | पुत्री | 38 वर्ष | विवाहित |
| | | | | श्रीमती भारती | पुत्री | 30 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण

## { संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 14 फरवरी 2024
*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# तीन साल में दूसरा किसान आंदोलन

केंद सरकार की वादाखिलाफी और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ न्याय की आवाज उठाए हजारों किसान एक बार फिर दिल्ली की ओर बढ़ने लगे हैं। किसान मजदूर मोर्चा (केकेएम) और संयुक्त किसान मोर्चा (गैरराजनैतिक) ने पहले ही 13 फरवरी को दिल्ली कूच का ऐलान कर दिया था, जिसके लिए किसानों ने तैयारी शुरु कर दी थी। इधर केंद्र सरकार ने भी किसानों को रोकने के लिए सीमाओं को सील करने से लेकर सड़कों पर कांटेदार जाल बिछाने और कीलें लगाने जैसी सारी तैयारियां कर ली थीं। पंजाब-हरियाणा के गांवों में लाउडस्पीकर से ऐलान करके किसानों को मार्च में शामिल न होने की परोक्ष धमकियां दी गईं। पुलिस की मॉक ड्रिल करवाई गई कि किस तरह किसानों को रोका जाए। पंजाब और हरियाणा से दिल्ली आने वाले रास्तों पर सीमेंट और भारी पत्थरों से बैरिकेडिंग कर किसानों को आगे बढ़ने से रोका गया, और किसान फिर भी नहीं रुके, तो उन पर शंभू बार्डर पर आंसू गैस के गोले दागे गए। केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार से बवाना स्टेडियम को अस्थायी जेल में बदलने तक का प्रस्ताव भेजा था, ताकि किसानों को आगे बढ़ने से पुलिस न रोक पाए, तो उन्हें जेल में तब्दील स्टेडियम में कैद कर लिया जाए। हालांकि दिल्ली सरकार ने इस प्रस्ताव को मानने से साफ इंकार कर दिया और कहा कि किसानों की मांगें जायज हैं। दिल्ली सरकार के गृहमंत्री कैलाश गहलोत ने यह भी कहा कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। इसलिए, किसानों को गिरफ्तार करना गलत है।

दिल्ली सरकार के गृहमंत्री जो कह रहे हैं, केंद सरकार के गृहमंत्री शायद उससे इत्तेफाक नहीं रखते। किसान राजनीति के पुरोधा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करने वाली सरकार किसानों का ही नहीं, लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान भी नहीं कर पा रही है। सबसे बड़ी बात यह कि केंद्र सरकार अपनी पिछली गलती से न कोई सबक ले रही है, न ही उस गलती के लिए पछतावे का कोई भाव दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि 2020 के अंत में किसान आंदोलन शुरु हुआ था। केंद्र सरकार ने किसानों से चर्चा किए बगैर, सारे पहलुओं को जांचे बिना ही तीन कृषि कानून लागू कर दिए थे। इन कानूनों से किसानों से उनकी जमीन और उपज दोनों ही कार्पोरेट के पास चले जाने का रास्ता साफ हो गया था। इससे किसानों का तो नुकसान था ही, देश को भी दीर्घकालिक नुकसान होता। देश के बेहतर भविष्य की खातिर तब किसानों ने काले कानूनों को वापस लेने के लिए खेतों को छोड़ सड़कों पर उतरने का फैसला लिया था। केंद्र सरकार ने तब कई दौर की बातचीत किसानों से की, लेकिन वह दिखावा ही साबित हुई क्योंकि किसानों की मांगों और उनकी समस्याओं को सरकार ने समझने की कोशिश नहीं की। 2020 से शुरु हुआ आंदोलन 2021 तक चलता रहा। इस दौरान किसानों को कभी आतंकवादी और खालिस्तानी कहा गया, कभी उनके रास्ते में कांटे गाड़े गए, कभी उनके शिविरों में लगे एसी और आंदोलन स्थल पर मिल रहे भोजन को लेकर तंज कसे गए कि किसान ऐश कर रहे हैं। उस आंदोलन में कम से कम 7 सौ किसानों की मौत हो गई। लेकिन सरकार तब भी विचलित नहीं हुई। सबसे दुखद पहलू यह था कि किसानों के इस आंदोलन पर जनता भी गुमराह नजर आई। आंदोलन के कारण ट्रैफिक में दिक्कतें आ रही हैं, यह तो लोगों को दिखाई दिया, लेकिन यह बात समझ नहीं आई कि कुछ दिनों की दिक्कत सालों साल की बदहाली से बेहतर है। अगर कृषि कानून लागू हो जाते तो देश में हुई हरित क्रांति का कोई अर्थ नहीं रह जाता, क्योंकि खेतों से लेकर गोदामों तक कुछ उद्योगपतियों का कब्जा होता।

किसानों ने तब देश को एक बड़ी बर्बादी की ओर धकेलने से बचा लिया था, और अब फिर से उन्हें उन्हीं कारणों और मांगों के साथ आंदोलन पर मजबूर होना पड़ा है। पिछली बार प्रधानमंत्री मोदी ने साल भर चले किसान आंदोलन के आगे झुकते हुए तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने का ऐलान किया था और कहा था कि शायद उनकी तपस्या में कोई कमी रह गई, तभी वे इन कानूनों का लाभ किसानों को समझा नहीं पाए। मौजूदा हाल देखते हुए लगता है कि प्रधानमंत्री ने अपनी तपस्या में हुई कमी को दूर करने का कोई प्रयास ही नहीं किया। तभी एक बार फिर किसानों को सड़कों पर उतरना पड़ा है, एक बार फिर किसानों पर उन्हीं अत्याचारों को दोहराने की सरकार की तैयारी है और एक बार फिर जनता को किसानों के खिलाफ किया जा रहा है कि वे कानून-व्यवस्था के लिए खतरा हैं।

मोदी सरकार के 10 सालों में किसानों ने कई बार अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया, लेकिन इस दूसरे कार्यकाल में तीन साल के भीतर दूसरी बार किसान सड़कों पर हैं, तो निश्चित ही सरकार की कृषि अर्थव्यवस्था को लेकर समझ और किसानों के लिए संवेदनशीलता में कमी है। इस कमी को तभी दूर किया जा सकता है जब सरकार किसानों से खुलकर चर्चा करे। लेकिन पिछली बार की तरह इस बार भी आंदोलन से पहले किसान प्रतिनिधियों और केंद्र सरकार के नुमाइंदों के बीच बातचीत असफल रही है। एमएसपी की कानूनी गारंटी, कर्जमाफी, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 में संशोधन, किसान आंदोलन में मारे गए किसानों के परिजनों को मुआवजा, लखीमपुर खीरी में किसानों को कुचलने वाले अपराधियों को सजा और प्रभावित किसानों को न्याय, ऐसी महत्वपूर्ण मांगें सरकार के सामने किसानों ने रखी हैं। लेकिन न जाने किन कारणों से किसान हितैषी होने का दावा करने वाली मोदी सरकार इन मांगों को पूरा नहीं करना चाहती।

सरकार की कथनी और करनी का इससे बेहतरीन उदाहरण दूसरा नहीं हो सकता। एक ओर चौधरी चरण सिंह और एम एस स्वामीनाथन को भारत रत्न और दूसरी ओर किसानों पर अत्याचार करके उनके विचारों का अपमान। पहले किसान आंदोलन के बाद भाजपा ने उत्तरप्रदेश समेत कई राज्यों के चुनाव जीत लिए, लेकिन क्या आम चुनावों से पहले खड़ा हुआ यह दूसरा आंदोलन भाजपा के प्रदर्शन को प्रभावित कर पाएगा, यह देखना होगा।

# मन ना लागो मेरा यार इंडिया गठबन्धन में...!

मन लागो मेरा यार फकीरी में।
आखिर यह तन खाक मिलेगा,
क्यूं फिरता मगरूरी में।।

कबीर दास जी ने जब यह भजन लिखा होगा तब उनके सामने बहुत विकल्प नहीं होगे, तभी उन्हें आगे की निम्नलिखित पंक्तियां भी सूझी होंगी–

जो सुख पावो राम भजन में, वो सुख नाही अमीरी में।
भला बुरा सब का सुन लीजै, कर गुजरान गरीबी में।।

कबीर का जीवन तीन मुस्लिम शासकों के कालखंडों से होकर गुजरा था। जब उनकी आंखें खुली थीं, तो तुगलक राज लगभग मिट चुका था और भारत पर तैमूर लंग का आक्रमण होने ही वाला था। कबीर ने बड़े होते हुए पूरा सैयद काल देखा। उन्होंने जब मगहर में 1518 में अपनी आंखें मूंदी थीं तब तक लोदी वंश का राज 67वें वर्ष में पहुंच चुका था। 12वीं सदी से मोहम्मद गौरी के जरिये भारत में प्रारम्भ होकर परवर्ती मुस्लिमों के सम्पूर्ण शासनकाल में अपेक्षाकृत सबसे उदार मुगलिया सल्तनत की स्थापना करने वाला बाबर कबीर साहेब की मृत्यु से 18 साल दूर खड़ा था। यहां इतिहास को हिन्दी साहित्य के सर्वाधिक क्रांतिकारी संत कवि के जीवन काल को इन सन्दर्भों के साथ इसलिये देखा जा रहा है क्योंकि यही वह काल था जब सारे कवियों, संतों के पास दो ऑप्शन थे (बाद में भी रहे)– उपरोक्त किसी के भी दरबार में रहकर सम्पन्नता का जीवन जियें, या फिर 'संतन को कहां सीकरी सो काम' की तर्ज़ पर जनता के बीच रहकर हरिनाम जपते रहें। कबीर ने बताया कि उनका मन गरीबी में लगता है। इसलिए कबीर का गुजरान गरीबी में आसानी से हो गया। उन्होंने न सत्ताधीशों की संगत में बैठना पसंद किया और न ही दरबार से जुड़े लोगों के गठबन्धन में वे शामिल हुए– जो कि उस वक्त भी ज़रूर रहा होगा। जैसा कि हर दौर में हुआ करता है।

अब स्थिति दूसरी है। कम से कम भारत के सियासी हवाले से कह सकते हैं कि आज, खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शासनकाल के तमाम राजनीतिक दलों के पास तीन-चार ऑप्शन उपलब्ध हैं– या तो भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में बने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबन्धन में जाकर सुकून से रहें; या फिर कांग्रेस की रहनुमाई में बने विपक्षी गठबन्धन इंडिया में रहकर तमाम खतरे मोल लें। तीसरा विकल्प भी ज़रूर है; वह है दोनों से अलग रहें और जब जिसके साथ जाने में फायदा मिले, उसके साथ निकल लिये। मायावती, रामदास अठावले, दिवंगत रामविलास पासवान आदि। हां, एक और रास्ता है जिसे भूलना अनुचित होगा– वह है अरविंद केजरीवाल, असदुद्दीन ओवैसी, के चंद्रशेखर राव, जगन मोहन रेड्डी आदि। अगर वे किसी की 'बी' टीम भी कहलाते हैं तो उन्हें उससे कोई गुरेज़ नहीं। वैसे भारतीय राजनीति में इस तरह की जितनी पार्टियां हैं वे और भाजपा एक दूसरे को तौलती व आजमाती रहती हैं। भाजपा से बाकी दलों का सम्बन्ध इतने भर का नहीं है कि केन्द्र के साथ रहने का फायदा उठाया जाये, बल्कि उनके सम्बन्धों का आधार केन्द्रीय जांच एजेंसियों का भय भी है। गिनती के ही कुछ नेता हैं जो बेहद निर्लिप्त किस्म के हैं, मसलन नवीन पटनायक आदि। वे शांत चित्त प्रदेश के लिये अपना काम करते हैं और दोनों ही खेमों से दूर रहते हैं। न तीन में न तेरह में।


डॉ. दीपक पाचपोर

> जब बिहार विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के दौरान तेजस्वी यादव बतलाते हैं कि नीतीश कुमार कहते थे कि 'उनका इंडिया गठबन्धन में मन नहीं लगता।' अगर किसी का विरोधी खेमे में मन नहीं लग रहा तो उसमें बुरा लगा लेने वाली कोई बात नहीं है। हालांकि नीतीश बाबू के संदर्भ में यह बात थोड़ी आश्चर्यकारी हो सकती है कि उनके घर में कभी जांच अधिकारी पहुंचते क्योंकि उन पर ऐसा कोई आरोप कभी नहीं रहा।

बहरहाल, आज दरबार लगाकर दिल्ली के तख्ते ताऊस पर बैठे लोग पुराने समय के मुकाबले काफी उदार भी हुए हैं। अब वे उन लोगों के लिये भी तपाक से अपने द्वार खोल देते हैं जिनके लिये कभी वे सार्वजनिक मंचों से ऐलान कर चुके होते हैं कि 'फलां-फलां कान खोलकर सुन लें कि उनके लिये महल के दरवाजे बन्द हो चुके हैं।' उनके हृदय की यह विशालता ही कही जायेगी कि जिन लोगों को वे देश के सबसे भ्रष्ट नेता, मंत्री या मुख्यमंत्री करार दे चुके होते हैं उनके साथ मिलकर वे चुनाव लड़ लेते हैं और जीत जाने पर सरकार भी बना लेते हैं; उनके तहत काम करने के लिये तक सहर्ष तैयार हो जाते हैं। अब शासकों को इन बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि अनैतिकता का नया नाम 'चाणक्यगिरी' है। विरोधियों को साथ लेने के लिये केवल चुनावी रणनीति या कोई साझा कार्यक्रम ही नहीं बनता बल्कि अब किसी का साथ पाने के लिये उनके पितामहों या आदर्श पुरुषों को 'भारत रत्न' से भी नवाज़ा जाता है, फिर चाहे उनके साथ कितना भी वैचारिक विरोध ही क्यों न रहा हो।

इसके विपरीत जो दरबार में हाजिरी नहीं बजाते उनका जीवन बड़ा कठिन होता है। किस रोज उनके द्वार पर सीबीआई, ईडी, आयकर अधिकारी दस्तक दे देंगे, कहा नहीं जा सकता। ऐसे गैर दरबारी नेताओं व दलों में हमेशा टूट-फूट होती रहती है और उनकी सरकारें कब गिर जायें– इसका बिलकुल भरोसा नहीं रहता। दरबार से बाहर रहने वाले दलों के विधायकों पर हमेशा दबाव रहता है। दबाव हर तरह के होते हैं– जैसा कि ऊपर बताया गया– जांच एजेंसियों का या थैलियों का। जो जिस लायक होता है उसके साथ वैसी डील करने में दरबार माहिर है। जिसे कमज़ोर नब्ज़ पर हाथ रखना भी कहा जाता है। कभी-कभी इस बात की सख्त ज़रूरत तो महसूस होती है कि ऐसे दरबार के खिलाफ विद्रोह कर दिया जाये, उसे उखाड़ फेंका जाये। सताये हुए या समविचारी साथी भी जुट जाते हैं लेकिन यह बहुत आसान नहीं होता। उसके लिये राहुल गांधी बनना होता है, हेमंत सोरेन, स्टालिन, सिद्धारमैया, डीके शिवकुमार और तेजस्वी यादव बनना होता है।

इसलिये बड़ी बात नहीं कि जब बिहार विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के दौरान तेजस्वी यादव बतलाते हैं कि नीतीश कुमार कहते थे कि 'उनका इंडिया गठबन्धन में मन नहीं लगता।' अगर किसी का विरोधी खेमे में मन नहीं लग रहा तो उसमें बुरा लगा लेने वाली कोई बात नहीं है। हालांकि नीतीश बाबू के संदर्भ में यह बात थोड़ी आश्चर्यकारी हो सकती है कि उनके घर में कभी जांच अधिकारी पहुंचते क्योंकि उन पर ऐसा कोई आरोप कभी नहीं रहा और वे साफ छवि के नेता माने जाते हैं। इसलिये तो वे मोदी विरोधी खेमे इंडिया के झंडाबरदार बने। हालांकि वर्तमान दौर में बिना आधार व कारण के भी जांच एजेंसियां धमक सकती हैं। राहुल के इस कथन का शायद कभी खुलासा हो कि आखिर वह 'थोड़ा सा दबाव' किस बात का था जिससे कि 'नीतीश कुमार टूट गये'। वैसे नीतीश की तरह ही बहुतों को लगता है कि दरबार के साथ बने रहे तो उनके राज्य में विकास के काम जल्दी होंगे; जहां कथित डबल इंजिन की सरकारें हैं, वहां काम की दशा और गति को देखकर जाना जा सकता है कि इसकी कोई गारंटी नहीं कि दरबार का आशीर्वाद सभी को मिलेगा ही। फिर, जैसा कि अष्टछाप कवियों में से एक कुंभनदास कह गये हैं–

संतन को कहां सीकरी सो काम
आवत जावत पनिहा टूटी, बिसरी गयो हरिनाम।।
जिनको मुख देखे दुख उपजत
तिनको करिबे परी सलाम।।

नीतीश की दिक्कत अब यह होगी कि वे हरिनाम की तरह सामाजिक न्याय, जातिगत जनगणना, विशेष राज्य का दर्जा, पैकेज आदि का अब तक जो सुमिरन करते थे, सब भूल जाएंगे। अभी तक जिन मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मुख देखते ही उनके मन में दुख उपजता था, उन्हें भी नीतीश बाबू को सलाम करना पड़ेगा।

गरीबी में जिसका मन लग जाये, आखिर वही तो कबीर होता है; जो हर कोई तो हो नहीं सकता।

(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)

# तमिल सुपरस्टार विजय की नई पार्टी डीएमके और एआईएडीएमके दोनों के लिए चुनौती

■ कल्याणी शंकर

तमिल सुपरस्टार थलपति विजय ने पिछले हफ्ते अपनी राजनीतिक पार्टी, थमिड़गावेत्रीकड़गम (टीवीके) लॉन्च की। उन्होंने घोषणा की कि उनकी पार्टी तमिलनाडु में केवल 2026 का विधानसभा चुनाव लड़ेगी, 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं। सवाल यह है कि क्या वह सफल होंगे?

अपनी पार्टी के लॉन्च के बाद विजय ने कहा, 'मैंने एक और फिल्म साइन की है, और मैं इसे पूरा करूंगा और अंतत: खुद को राजनीति में शामिल करूंगा। मैं लंबे समय से अपनी राजनीतिक यात्रा के लिए खुद को तैयार कर रहा हूं। मैं खुद को उसके लिए समर्पित करूंगा। तमिलनाडु के लोगों के लिए। यही एकमात्र तरीका है जिससे मैं अपने लोगों को वापस लौटा सकता हूं।' यह एक विशिष्ट तर्क है जिसका उपयोग कई राजनेता स्वयं को वास्तविक परोपकारी के रूप में प्रस्तुत करने के लिए करते हैं।

> क्या विजय प्रतिद्वंद्वी पार्टियों पर जीत हासिल कर सकते हैं और डीएमके की सत्ता विरोधी भावना पर काबू पा सकते हैं? द्रमुक और अन्नाद्रमुक के पास सत्ता बदलने का 50 साल का इतिहास है और दोनों के पास 30 प्रतिशत का मजबूत वोट आधार है। द्रमुक बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता देती है, जबकि अन्नाद्रमुक लोकलुभावन योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करती है।

तमिलनाडु में सफल अभिनेता से राजनेता बने एम.जी. रामचन्द्रन, जे. जयललिता, एम. करुणानिधि, सी.एन. अन्नादुरई, और कैप्टन विजयकांत। शिवाजी गणेशन, सरथकुमार, नेपोलियन और एस.एस. राजेंद्रन असफल रहे।

एमजीआर का द्रविड़ मुनेत्रकड़गम (डीएमके) में मजबूत आधार था और उन्हें 1972 में एआईएडीएमके लॉन्च करने तक पार्टी के वोट मिले थे। दूसरी ओर, जयललिता अपने डीएमके विरोधी रुख के लिए जानी जाती थीं और उन्होंने उस मंच पर लोकप्रियता हासिल की थी।

कमल हासन ने 2018 में अपनी राजनीतिक पार्टी, मक्कल निधि मय्यम (एमएनएम) की स्थापना की। दुर्भाग्य से, उनकी पार्टी ने 2019 और 2021 के चुनावों में कोई सीट नहीं जीती। दूसरी ओर, विजयकांत ने 2005 में अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत में उम्मीदें जगाई थी, लेकिन इसे बरकरार नहीं रख सके। हाल ही में उनका निधन हो गया।

थलपति (जनरल) विजय उद्यार समुदाय के एक प्रसिद्ध अभिनेता और ईसाई हैं। ऐसी अफवाह है कि वह प्रति फिल्म लगभग 150 करोड़ की फी लेते हैं।

विजय 2026 के विधानसभा चुनावों में मुख्यमंत्री पद के लिए चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं। सत्तारूढ़ द्रमुक और एआईएडीएमके के विकल्प के रूप में जनता का विश्वास हासिल करने के लिए उनके पास पर्याप्त समय है। पीढ़ीगत बदलाव में उनके प्राथमिक प्रतिद्वंद्वी उदयनिधि हैं, जो एक मंत्री और वर्तमान मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के बेटे हैं।

विजय की राजनीतिक पार्टी तीन महत्वपूर्ण हस्तियों के विचारों को शामिल करते हुए एक राजनीतिक दर्शन अपनाने की योजना बना रही है। जबकि बी.आर. आम्बेडकर ने दलितों के अधिकारों की वकालत की, पेरियार एक प्रसिद्ध समाज सुधारक थे। कामराज पिछड़े वर्ग के समर्थक थे। गौरतलब है कि विजय ने अपनी पार्टी के नाम में 'द्रविड़' शब्द का इस्तेमाल नहीं करने का फैसला किया है।

विजय का लक्ष्य सत्तारूढ़ द्रमुक और प्राथमिक विपक्षी अन्नाद्रमुक सहित विभिन्न राजनीतिक दलों से मतदाताओं का समर्थन हासिल करना है। दौड़ में अन्य हैं नाम तमिलरकाची (एनटीके), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), पीएमके, मक्कल निधि मय्यम और वीसीके। चुनाव जीतने के लिए उन्हें इन सभी पार्टियों के मतदाताओं को लुभाना होगा।

अतीत में, विजय के राजनीतिक समर्थन में 2011 में इंडिया अगेंस्टकरप्शन आंदोलन शामिल था। उन्होंने 2017 में जल्लीकट्टू समर्थक विरोध प्रदर्शन का भी समर्थन किया था। उन्होंने 2018 में थूथुकुडी घटना के पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात की। दूसरी ओर, जनता की उम्मीदों के बावजूद दशकों से रजनीकांत अब तस्वीर से बाहर हैं।

फिल्मों के दीवाने राज्य तमिलनाडु में विजय को फायदा है। वह युवा हैं, भीड़ खींचने वाले हैं और उनके लिए समय सही है। इसके अतिरिक्त, उनकी तमिल पहचान उन्हें रजनीकांत पर बढ़त दिलाती है, जिनकी मराठी जड़ों और भाजपा/आरएसएस संबंधों ने द्रविड़-प्रभुत्व वाले राज्य में विवाद को जन्म दिया है।

विजय की सफलता उनके संचार कौशल और अपनी पार्टी की विचारधारा को कैसे परिभाषित करते हैं, इस पर निर्भर है। उन्हें इसकी प्रभावी ढंग से द्रमुक और अन्नाद्रमुक पार्टियों के द्रविड़ सिद्धांत से तुलना करनी चाहिए और आक्रामक रुख अपनाना चाहिए।

विजय को बताना होगा कि वह किस राजनीतिक दल के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। क्या वेद्रमुक, अन्नाद्रमुक या राष्ट्रीय दल हैं? एक नवागंतुक के रूप में, उनका सबसे अच्छा दांव सत्तारूढ़ सरकार, डीएमके का विरोध करना है। यह रणनीति जे. जयललिता के लिए काम आई, जिन्होंने खुद को द्रमुक और उसके नेता करुणानिधि के खिलाफ खड़ा किया। इससे अंतत: एक राजनीतिज्ञ के रूप में उन्हें सफलता मिली।

क्या विजय प्रतिद्वंद्वी पार्टियों पर जीत हासिल कर सकते हैं और डीएमके की सत्ता विरोधी भावना पर काबू पा सकते हैं? द्रमुक और अन्नाद्रमुक के पास सत्ता बदलने का 50 साल का इतिहास है और दोनों के पास 30 प्रतिशत का मजबूत वोट आधार है। द्रमुक बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता देती है, जबकि अन्नाद्रमुक लोकलुभावन योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करती है। चुनाव परिणाम चाहे जो भी हों, विजय की पार्टी अन्य खिलाड़ियों पर प्रभाव डालेगी।

2026 के विधानसभा चुनाव में अपनी सफलता सुनिश्चित करने के लिए विजय को बूथ समितियों के गठन पर ध्यान देने की जरूरत है। चूंकि द्रमुक और अन्नाद्रमुक के पास पहले से ही एक ठोस मतदाता आधार है, इसलिए उन्हें अपने ग्रामीण समर्थकों को वास्तविक मतदाता बनने के लिए प्रेरित करने की जरूरत है।

ऐसी अफवाह है कि उनकी पार्टी को 2026 में मदद के बदले भाजपा से समर्थन मिल रहा है। उन्हें इस पर ध्यान देने की जरूरत है। विजय के लिए भविष्य क्या होगा, इसकी भविष्यवाणी करना जल्दबाजी होगी। उनकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या वह एमजीआर या एन.टी. रामाराव जैसा एक ठोस प्रशंसक आधार बना सकते हैं या नहीं। दोनों के पास अच्छे राजनीतिक सलाहकार थे – जिसका विजय के पास फिलहाल अभाव है। उन्हें अभी अपनी पार्टी खड़ी करनी बाकी है। हालांकि आगे का रास्ता चुनौतीपूर्ण होगा, विजय कड़ी मेहनत और समर्पण के माध्यम से बाधाओं को पार कर सकते है।

## पावन प्रसंग

# ऋतुराज बसंत जीवन का अभ्युदय

वसंत का स्मरण आते ही स्मरण आने लगते हैं – फूलों का खिलना. वनस्पतियों का प्रसन्न होना और धरती का श्रृंगार करना। वसंत अपने ही मन का हरियाली क्षेत्र है। जितनी उल्लासपूर्ण श्रेष्ठताएं हमारे भीतर और बाहर हैं, वे वसंत का ही रूप हैं। वसंत एक रंग है जो छूटता नहीं। वह भाव अनुभाव है। वह हमें अभिभूत करता है। वसंत में सहज ही घुले हुए हैं–ज्ञान, तप एवं प्रेन। ज्ञान हमें जीवन में दिशाबोध देता है। तप कठिन संघर्ष के रूप में अपना परिचय देता है और प्रेम हमें सभी के प्रति सकारात्मक, संवेदनशील व सृजनात्मक बनाए रखता है। ये तीनों ही मनुष्यता की अर्थगर्भित गतिशीलता के लिए जरूरी हैं।

वसंत में नवस्फुरण, नवोन्मेष। भारतीय वर्ष का अंत और आरंभ, दोनों वसंत में होते हैं। इससे भारतीय मनीषी को रंग-संरचना काल की अवधारणा और दृष्टिबोध का पता चलता है। वसंत प्रेम का ऐसा कुंभ है, जहां हम संजीवनी स्नान करते हैं। माघ शुक्ल पंचमी से ऐसी रसवती धाराएं चलती हैं, जिनमें संगीत, साहित्य, कलाएं अवगाहन करती रहती हैं। माता सरस्वती के प्रभाव से पंचमी से अद्‌भुत दृश्यावलियां दीखती हैं–प्रेम की, विद्या की, लिपियों की। इसलिए इस दिन का अबूझ मुहूर्त वाला माना जाता है अर्थात सब कुछ शुभ व मांगलिक। वंसत कुलवती व कला का घर है। प्रत्येक पुष्प, प्रत्येक पत्ती कविता पाठ करती है, यदि हम सुन सकें तो। हमारी आभा का सर्वोत्तम प्राणकेंद्र वसंत है। किसके यहां दुख नहीं, किंतु वसंत दुख को ठेलकर एक गहन प्राकृतिक राग देता है। यह जीवन और काल को संयुक्त करता है, आंतरिक मनोभावों में आत्मीय उल्लास भरता है। हम जीना सीखें, इंद्रिय व वैयक्तिकता का द्वार खोलें, सबको अपना बनाएं, सबका दुख-दर्द, हर्ष-विषाद अपना बनाएं, तब जाकर कविता, कला व साहित्य में सार्थकता आती है।

केवल कवि की कल्पना में ही वसंत रमणीय नहीं है, सचमुच में वसंत के आगमन से प्रकृति रम्य व नयनाभिराम लगती है। पर्यावरण व पारिस्थितिकी भी सम हो जाते हैं. शीत व ग्रीष्म का मध्य मार्ग है–वसंत। स्थल में स्थलपद्म व जल में जलपद्म प्रस्फुटित होते हैं। मलय समीर मंद-मंद चाल से प्रवाहित होता है। कुसुमों के सौरभ से वन-उपवन सभी आमोदित हो उठते हैं। हम चाहें ग्रामीण अंचल में रह रहे हों अथवा महानगरीय सभ्यता में, ध्यान दें तो चंद्रमा की दुग्ध स्निग्ध ज्योत्सिना, पक्षियों के कल कूंजन कोयल की कूक, सुमनों का सौरभ, अशोक-शोकहारी सुषमा, सभी इसी समय आह्लादकारी लगते हैं। वसंतकाल के गुण– कषाय, मधुर व रूक्ष हैं। हेमंतकाल में श्लेष्मा,उपचित होता है। वसंतकाल आने पर वह प्रकोपित हो उठता है। इस समय वायु एक तरह प्रशमित हो जाती है।

वसंत ऋतु पुरातनकाल से अब तक मनुष्य को सम्मोहित करती रही है। वसंत की प्राकृतिक छटा को हमें इस रूप में समझना चाहिए कि वह हमारे बाहरी यथार्थ व अपने अंतरस का अद्‌भुत सम्मिश्रण है। इस छटा को बचाए रखना है। वसंत का अर्थ है– अपने संपूर्ण अस्तित्व का सृजनात्मक राग। इस अनुभूति को स्वयं में प्रगाढ़ करने पर वसंत ऋतु हमारी आत्मा की उदासीनता को धोकर, मस्ती भरी भाषा का आविष्कार करती है। वह कल्पनाशीलता, पुनर्नवीकरण, प्रेम, सम्मोहन का जादू रचती है। उसमें एक लालित्य है। वसंत ऋतु में पद्म, पुष्प, खानपान, गीत-संगीत, वस्त्र-विन्यास सबमें एक नई ज्यामिति होती है। होली के गीत प्रारंभ हो जाते हैं। होली के गीतों में हँसी-खुशी, मस्ती, उल्लास, उमंग के साथ किसानों के जीवन में नयापन आता है।

आज जीवन आनंदहीन, प्रेमविहीन हो गया है। व्यक्ति हो या समाज उसमें जड़भाव की एकरसता घुल गई है। इस जड़ता को वसंत के रंगों व उत्सवों से तोड़ना है। जीवन से आज सरसता छिन गई है। अपने को और समाज को देने के लिए मनुष्य के पास प्रगाढ़ता बची ही नहीं। बिना आत्मीय प्रगाढ़ता के मनुष्यता का क्या अर्थ? जहां निकटता नहीं, जहां नीरसता छाएगी ही। विकल्प में सोशल साइटों का प्रचलन बढ़ेगा और ई-संपर्क साधे जाएंगे। मगर वहां वर्चुअलिटी होगी, आत्मीयता नहीं। आत्मीयता के लिए तो हमें अपने को और अपनों को फिर से वसंत का अर्थ समझाना होगा।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# बेकाबू होती कीमतें

भारत में महंगाई का स्तर अचानक उच्चतम सीमा से ऊपर हो गया है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ हिंदुस्तान में ही महंगाई का परचम भयानक तौर पर लहरा रहा है। पेट्रोल, डीजल, गैस के दाम तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रूड आयल के दाम बढ़ने से बढ़ते हैं, फिर अलग-अलग राज्य सरकारें उस पर कर लगाकर दाम बढ़ाने का काम करती है पर मूलरूप से वैश्विक स्तर पर महंगाई कोरोना के भयानक संक्रमण और रूस यूक्रेन युद्ध की भयानक विभीषिका की परिणति ही है। रूस के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों ने तो महंगाई में आग ही लगा के रख दी है। रूस अब किसी भी कीमत पर यूरोपीय देशों तथा अन्य पश्चिमी देशों को पेट्रोल-डीजल, गैस देने की मन:स्थिति में नहीं है, उस पर रूस पर यूरोपीय तथा नाटो देशों का प्रतिबंध भी महंगाई का बड़ा कारण है। रूस का अमानवीय तरीके से यूक्रेन पर आक्रमण और लगभग एक करोड़ यूक्रेन के नागरिक अन्य देशों में शरणार्थी बनकर रहने के कारण ही यूरोप में महंगाई बहुत बढ़ गई है। भारत के परिपेक्ष्य में महंगाई अब चरम सीमा पर है। आम आदमी का जीना मुश्किल होता जा रहा है। पाकिस्तान, बांग्लादेश के अलावा श्रीलंका में तो महंगाई ने सरकार का तख्ता ही पलट दिया है।

पाकिस्तान में भी सत्ता परिवर्तन का कारण महंगाई तथा बेरोजगारी ही रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध के इतने महीने बाद भी अमानवीय क्रूर विभीषिका थमने का नाम नहीं ले रही है। यूक्रेन के करोड़ों लोग बेघरबार हो गए हैं। यूक्रेन की अरबों रुपए की संपत्ति युद्ध की भेंट चढ़ चुकी है, यूक्रेन में नागरिकों का कोहराम मचा हुआ है।

ऐसे समय में संयुक्त राष्ट्रसंघ के महासचिव एंटोनियों गुतारेस की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से शांति बहाल हेतु शांति वार्ता मानवता के लिए सर्वाधिक सकारात्मक एवं अहम पहल है। अब रूस, यूक्रेन युद्ध भयानक तथा क्रूरतम रूप ले चुका है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पूरी तरह अपनी सनक में आकर यूक्रेन को बर्बादी के अंतिम छोर पर पहुंचाना चाह रहे हैं। ऐसा नहीं है कि सिर्फ अड़ियल रवैया रूस ही दिखा रहा है बल्कि यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेन्सकी भी न जाने किस घमंड और गुमान पर अड़े हुए हैं, उन्हें अपने देश के एक करोड़ से ज्यादा विस्थापित नागरिक दिखाई नहीं दे रहे हैं एवं हजारों निर्दोष नागरिकों के साथ सैनिकों की मृत्यु तथा शव भी उन्हें युद्ध रोकने के लिए बाध्य नहीं कर पा रहें है। ऐसे समय में संयुक्त राष्ट्रसंघ के महासचिव एंटोनियों गुतारेस की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से शांति बहाल हेतु शांति वार्ता मानवता के लिए सर्वाधिक सकारात्मक एवं अहम पहल है।

**संजीव ठाकुर**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*
*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## श्रीलंका का राष्ट्रपति चुनाव निर्धारित अवधि के भीतर होगा

**कोलंबो।** श्रीलंका का राष्ट्रपति चुनाव निर्धारित अवधि के भीतर ही कराया जाएगा। राष्ट्रपति के मीडिया प्रभाग (पीएमडी) ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी। उसने कहा कि देश का संसदीय चुनाव 2024 में होगा और इसके लिए 2024 के बजट में आवश्यक धन आवंटित किया जाएगा। पीएमडी ने कहा कि चुनाव कराने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है और जरूरत पड़ने पर सरकार आयोग से बातचीत करेगी।



# इजरायली सेना ने राफा में 2 बंधकों को बचाया

- बंधकों को रिहा करने के लिए किए हमले
- इजराइली हमलों में 67 फिलिस्तीनी मारे गए

**यरूशलम,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। इजरायल के विशेष बलों ने दो बंधकों को रिहा करने के लिए सोमवार तड़के गाजा के राफा में हमलों की शुरुआत की, जिसमें कम से कम 67 फिलिस्तीनी मारे गए। तीडिया रिपोर्टों के मुताबिक इज़रायल में इन हमलों को वीरता के रूप में मनाया गया वहीं इस ऑपरेशन ने गाजा के सबसे दक्षिणी शहर राफा में डर का माहौल पैदा कर दिया। इससे चलते एन्क्लेव के 20 लाख से अधिक निवासियों में से आधे से अधिक गाजा के अन्य हिस्सों में इजरायली बमबारी से शरण मांग रहे है। हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक अपडेट में कहा कि रात भर में कम से कम 67 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। स्थानीय टीवी चैनलों पर प्रसारित छवियों और वीडियो फुटेज में एक मस्जिद सहित क्षेत्र की इमारतों को व्यापक क्षति दिखाई गई। फिलिस्तीनी



प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजरायल ने सोमवार तड़के राफा क्षेत्र पर करीब 40 हवाई हमले किए, जिसमें जमीनी स्तर पर भारी गोलाबारी की गई। राफा में अल-कुवैती अस्पताल के निदेशक सुहैब अल-हम्स ने बताया कि दवाओं की भारी कमी से जूझ रहे उनके अस्पताल में बड़ी संख्या में घायल, दर्दनाक अंग-भंग और गंभीर रूप से जलने से पीड़ित लोग अस्पताल पहुंचे। राफा में फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि विशेष इजरायली बल गुप्त रूप से शहर के मध्य में शबौरा पड़ोस में स्थित एक इमारत में पहुंचे और हमास के सदस्यों के साथ झड़प के बाद दो बंदियों को मुक्त करा लिया गया। इज़रायल रक्षा बलों के प्रवक्ता डैनियल हगारी ने कहा कि बचाव के बाद इज़रायली बलों और हमास लड़ाकों के बीच भारी लड़ाई हुई। सेना ने भारी हवाई हमले किए। उन्होंने कहा, इजरायली वायु सेना द्वारा दक्षिणी कमान के साथ मिलकर हवाई कवरेज और हमलों की लहर थी।

इज़रायली अधिकारियों के अनुसार, गाजा में लगभग 130 बंधक बने हुए हैं, जिनमें से कम से कम 30 के मारे जाने की सूचना है। पिछले नवंबर में एक महिला सैनिक के बचाव के बाद, रात के समय का ऑपरेशन केवल दूसरा उदाहरण है जिसमें इजरायली बलों ने गाजा में बंधकों को सुरक्षित रूप से छुड़ाने का दावा किया है। रिहा किए गए दो बंधकों लुईस हार (70)और फर्नांडो साइमन मार्मन (60) दोनों के पास अर्जेंटीना की नागरिकता भी है - को विमान से तेल अवीव के बाहर शीबा अस्पताल ले जाया गया।

## गाजा में इजरायली हवाई हमले में तीन बंधकों की मौत

**गाजा।** हमास की सशस्त्र शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने सोमवार को घोषणा की कि गाजा पट्टी पर इजरायली हमलों में घायल हुए तीन इजरायली बंधकों की मौत हो गई । हमास ने एक प्रेस बयान में कहा कि ये तीन पीड़ित हाल के इजरायली हवाई हमलों में गंभीर रूप से घायल हुए आठ इजरायली बंदियों में से थे। इसमें कहा गया है कि अल-क़सम ब्रिगेड तीन मृतकों के नाम और तस्वीरों की घोषणा तब तक स्थगित कर रखेगी जब तक कि शेष घायलों का भाग्य स्पष्ट नहीं हो जाता। अल-कसम ब्रिगेड ने रविवार को पिछले 96 घंटों में पट्टी पर इजरायली गोलाबारी के कारण दो इजरायली बंदियों की मौत और 8 अन्य के घायल होने की घोषणा की। नवीनतम तीन मौतों की घोषणा इजरायली सेना द्वारा सोमवार तड़के गाजा पट्टी में हमास द्वारा रखे गए दो बंदियों, फर्नांडो साइमन मर्मन (60) और लुईस हेर (70) को मुक्त करने के कुछ घंटों बाद आई है, जिन्हें 7 अक्टूबर, 2023 को किबुत्ज़ नीर से गाजा पट्टी में अपहरण कर लिया गया था। दस जनवरी को इज़रायली सेना ने कहा कि गाजा पट्टी में 136 बंधकों को अभी भी बंदी बनाकर रखा गया है।



## मिस्र का इजरायली वित्त मंत्री पर वार्ता में बाधा डालने का आरोप

**काहिरा।** मिस्र ने इजरायल के वित्त मंत्री बेजेलेल स्मोट्रिच पर आरोप लगाया है कि वह गाजा युद्धविराम वार्ता में बाधा डाल रहे हैं। टाइम्स ऑफ इजरायल समाचार वेबसाइट ने मिस्र के अधिकारियों के हवाले से कहा कि श्री स्मोट्रिच ने शनिवार को इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बंधक वार्ता के लिए इजरायली प्रतिनिधि को मिस्र नहीं भेजने का आह्वान किया। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने कहा कि श्री स्मोट्रिच का गैर-जिम्मेदराना और भड़काऊ बयान देना जारी है, जिससे दिन-ब-दिन संघर्ष बढ़ रहा है। इससे गाजा पट्टी में संकट को रोकने के किसी भी प्रयास को विफल करता है। मंत्रालय के अनुसार इस तरह के बयान पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं, क्योंकि मिस्र का अपने क्षेत्र पर पूर्ण नियंत्रण है और वह किसी भी पक्ष को अपनी कमियों को सही ठहराने के किसी भी असफल प्रयास में मिस्र का नाम शामिल करने की अनुमति नहीं देता है। उल्लेखनीय है कि मिस्र गाजा पट्टी में शांति लाने और फिलिस्तीनी- इजरायली बंदियों को रिहा करने के लिये मिस्र-कतरी प्रायोजन के तहत वार्ता करने का प्रयास कर रहा है।

## सुडोकू 6466

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 9 | | | | | 3 |
| | 2 | | | 6 | 3 | 7 | | |
| | | | | 4 | | | | 5 |
| | | 4 | 1 | | | 6 | | 2 |
| | | | | | | | | |
| 7 | | 9 | | | 6 | 3 | | |
| 4 | | | | 5 | | | | |
| | | 6 | 3 | 9 | | | 2 | |
| 3 | | | | | 7 | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 14 फरवरी, 2024 माघ शुक्ल पक्ष 4

### राशिफल

मेष -आज वाणी पक संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। दोपहर के बाद का समय आपके लिए अनुकूल रहेगा।

वृषभ -गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। कोई नए दोस्त मिल सकते हैं। व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। दोपहर के बाद रिश्तों में ज़रा संभलकर चलें।

मिथुन -आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। व्यापार में लाभ होगा।

कर्क -आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा।

सिंह -आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी। अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा।

कन्या -सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है।

तुला -आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें।

वृश्चिक -मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हो। विद्यार्थी आज अभ्यास और कॅरियर के मामले में सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

धनु -पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। माता का स्वास्थ्य खराब रहेगा। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। दोपहर के बाद आप के स्वभाव में भावुकता बढ़ सकती है।

मकर -आज कोई महत्वपूर्ण डिसीजन आप ले पाएंगे। मित्रों और प्रियपात्र के साथ मुलाकात सुखद होगी। कोई छोटी यात्रा का आयोजन हो सकता है। भाइयों के साथ संबंधों में निकटता आएगी।

कुंभ -आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। नकारात्मक विचार से आपका मन दुखी हो सकता है।खान-पान में भी संयम बरतें। दोपहर के बाद आप वैचारिक स्थिरता के साथ सभी कार्यों को आसानी से पूरा कर पाएंगे।

मीन -आज आपके घर में धार्मिक कार्य होंगे। परिवार में आनंदमय वातावरण रहेगा। काम में सफलता मिलेगी। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नए काम के लिए दिन शुभ है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## कंबोडिया में मंकीपॉक्स का एक और मामला

**नोम पेन्ह,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। कंबोडिया में मंकीपॉक्स का एक और मामला दर्ज किया गया है,




जिससे पिछले दिसंबर से राज्य में संक्रमितों की कुल संख्या 10 हो गयी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को रिपोर्ट जारी कर यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ की प्रयोगशाला जांच में एक और व्यक्ति के मंकीपॉक्स से संक्रमित होने की पुष्टि हुई । नोम पेन्ह में डांगकाओ जिले के निवासी मरीज का अस्पताल में इलाज जारी है। मंत्रालय ने कहा कि दक्षिण पूर्व एशियाई देश में मंकीपॉक्स का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

## चुनाव में 'धांधली' के खिलाफ अदालत जाएगी पीटीआई : इमरान

**रावलपिंडी,** 13 फरवरी (एजेंसियां)।। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) 8 फरवरी के आम चुनाव के नतीजों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। पार्टी के संस्थापक इमरान खान ने अदियाला जेल में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत के दौरान ये बात कही।



■ पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए थे चुनाव

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, सोमवार को, पार्टी ने पाकिस्तान के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) सिकंदर सुल्तान राजा के तत्काल इस्तीफे की मांग की थी। उन पर संवैधानिक और कानूनी कर्तव्यों की उपेक्षा करने और चुनावी धोखाधड़ी में एक सूत्रधार की भूमिका निभाने का आरोप लगाया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीटीआई ने आगे जोर देकर कहा कि न केवल सीईसी राजा को पद छोड़ना चाहिए, बल्कि पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के सदस्यों को भी अपना इस्तीफा देना चाहिए।

इसमें आरोप लगाया गया कि उन्होंने 8 फरवरी के आम चुनावों में पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों को जनता द्वारा दिए गए जनादेश को छीनने के लिए मिलीभगत की।

पीटीआई प्रमुख ने पीएमएल-एन, पीपीपी या एमक्यूएम-पी के साथ गठबंधन की किसी भी संभावना को खारिज कर दिया। उन्होंने कथित धांधली के खिलाफ पीटीआई के सूचना सचिव रऊफ हसन को इन तीनों को छोड़कर दूसरे राजनीतिक दलों को इकट्ठा करने का निर्देश दिया।

पाकिस्तान के अगले प्रधानमंत्री पर खान ने कहा कि अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी इस पर विचार करेगी।

हालांकि, द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, पीटीआई संस्थापक ने खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री पद के लिए अली अमीन गंडापुर को नामित किया।

### यूक्रेन ने किया दावा

## रूस ने पहली बार उन्नत हाइपरसोनिक मिसाइल दागी



**कीव,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। यूक्रेन ने दावा किया है कि उसके पास इस बात के सबूत हैं कि रूस ने लगभग दो साल पुराने युद्ध में पहली बार एक उन्नत हाइपरसोनिक मिसाइल दागी है - जिसे मार गिराना लगभग असंभव है।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, सरकार द्वारा संचालित कीव साइंटिफिक रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक एक्सपर्टाइज ने एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि यूक्रेन की राजधानी पर 7 फरवरी के हमले के बाद बरामद मलबा रूसी सेना द्वारा जिरकोन हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल के इस्तेमाल की ओर इशारा करता है।टेलीग्राम पोस्ट के साथ एक वीडियो भी था, जिसमें मलबे के दर्जनों टुकड़े दिखाए गए थे, जिनके बारे में माना जा रहा है कि ये नई मिसाइल के हैं।

यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि 7 फरवरी के हमलों के दौरान कीव में चार लोग मारे गए, जबकि 38 अन्य घायल हो गए, लेकिन कथित जिरकोन मिसाइल के कारण सीधे तौर पर किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, मिसाइल के लिए लॉन्च प्लेटफॉर्म का भी कोई उल्लेख नहीं किया गया था, हालांकि रूसी राज्य मीडिया की पिछली रिपोर्टों में कहा गया है कि इसे एक युद्धपोत पर तैनात किया गया है।विशेषज्ञों का कहना है कि अगर रूसी सरकार जो कहती है, उस पर जिरकोन खरा उतरता है, तो यह दुर्जेय हथियार है।सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका स्थित मिसाइल डिफेंस एडवोकेसी एलायंस (एमडीएए) के अनुसार, इसकी हाइपरसोनिक गति इसे पैट्रियट जैसी सर्वश्रेष्ठ पश्चिमी मिसाइल रक्षा के लिए भी अजेय बनाती है।

## लीबियाई तट से 442 प्रवासियों को बचाया गया

**त्रिपोली,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने सोमवार को कहा कि पिछले सप्ताह लीबिया के तट से 442 प्रवासियों को बचाया गया। आईओएम ने एक बयान में कहा कि 4 से 10 फरवरी तक 68 महिलाओं और 25 बच्चों समेत 442 प्रवासियों को रोका गया। वे लीबिया लौट आए। इस साल अब तक कुल 1,004 अवैध प्रवासियों को बचाया गया है, जबकि 16 की मौत हो गई और 73 अन्य लीबियाई तट से लापता हो गए। वर्ष 2023 में बचाए गए और वापस लौटे लोगों की कुल संख्या 17 हजार 190 थी।

■ आईओएम ने दी जानकारी

2011 में दिवंगत नेता मुअम्मर गद्दाफी के पतन के बाद से देश में असुरक्षा और अराजकता के कारण कई प्रवासियों, जिनमें ज्यादातर अफ्रीकी थे, ने लीबिया से यूरोपीय तटों तक भूमध्य सागर पार करने का विकल्प चुना।

## वर्ग पहेली 6466



**बायें से दायें:-**

१. अपमानित, बेइज्जत (उर्दू)
३. मर्दुम, सुमारी, किसी क्षेत्र की आबादी की गणना
५. स्थिर
६. उर्दू के एक प्रसिद्ध शायर
७. पासपोर्ट
८. एक ही समय में रहने या होने वाला
१३. सितम, जुल्म
१५. व्याकुल, बेचैन
१६. अत्यधिक श्रम के कारण उत्पन्न शारीरिक शिथिलता
१७. किसी व्यापारिक संस्था के लनदेन ा हिसाब रखने वाला
१८. विपणन, तिजारत
२०. निरंतर
२२. पाठशाला (उर्दू)
२३. तूणिर

**ऊपर से नीचे:-**

१. अनियंत्रित, निरंकुशहीन
२. हठात्
३. कलेवा, नाश्ता
४. किसी संस्था आदि की स्थापना करने वाला
५. रात्रि, रजनी
९. इच्छा, कामना
१०. दुर्गा
११. आलीशान
१२. विश्वास, भरोसा (उर्दू)
१४. विनोबा भावे से संबंधित एक स्थान
१७. अभियान (उर्दू)
१९. अग्नि
२०. इस समय
२१. व्यसन, बुरी आदत

### वर्ग पहेली-6465



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1483-मुगल साम्राज्य के सम्राट बाबर का जन्म हुआ।
1537-गुजरात के सुल्तान बहादुर शाह की पुर्तगालियों से बच कर भागने के दौरान डूबने से मौत हो गई।
1556-पंजाब के गुरुदासपुर जिले के कलानौर में 13 वर्ष उम्र में अकबर का राजाभिषेक हुआ।
1628-शाहजहाँ आगरा की गद्दी पर बैठा।
1663-कनाडा फ्रांस का एक प्रान्त बना ।
1743-हेनरी पेलहम ब्रिटेन के वित्त विभाग के पहले प्रमुख बने।
1881-भारत के पहले होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना कोलकाता में हुई।
1899-अमेरिकी कांग्रेस ने संघीय चुनाव में वोटिंग मशीन के इस्तेमाल को मंजूरी दी।
1912-लंदन के पास ग्रोटन शहर में पहली डीजल पनडुब्बी बनाई गई।
1919-पोलिस-सोवियत युद्ध आरंभ।
1920-शिकागो में महिला मतदाता लीग की स्थापना की गयी।
1924-न्यूयॉर्क में आइबीएम की स्थापना।
1933-खूबसूरत अभिनेत्री मधुबाला का जन्म।
1945-पेरू, चिली, पराग्वे और इक्वाडोर संयुक्त राष्ट्र के सदस्य बने।
1952-भारतीय जनता पार्टी की महिला राजनीतिज्ञ सुषमा स्वराज का जन्म।
1972-अमेरिका ने चीन के साथ व्यापार प्रतिबंधों में ढील की घोषणा की।
1978-अमेरिका ने सऊदी अरब, मिस्र, और इसरायली को अरबों डॉलर के हथियार बेचने की घोषणा की।

**शुरुआत** दो दिवसीय संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर हैं प्रधानमंत्री

# एशिया के कई देशों के बाद अब अबू धाबी में भी रुपे कार्ड

**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दौरे पर हैं। यूएई पहुंचे पीएम मोदी की वहां के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ मुलाकात भी हुई और दोनों ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर व्यापक बातचीत की। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ मुलाकात के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हें रुपे कार्ड भेंट किया। मतलब साफ है कि अब भारत का रुपे कार्ड नई मंजिलों को छू रहा है।

पीएम मोदी से मिलने के बाद यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने यहां यूपीआई रुपे कार्ड सेवा शुरू की। इससे पूरे संयुक्त अरब अमीरात में

■ मोदी ने राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ की मुलाकात



रुपे की सार्वभौमिक स्वीकृति बढ़ेगी। यहां इस रुपे कार्ड की सुविधा का शुभारंभ करते हुए राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने अपने नाम उभरे हुए एक कार्ड को 'स्वाइप' किया।

इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि हम दोनों यूपीआई रुपे कार्ड और आपके जयवान कार्ड की पेशकश के साथ एक नए फिनटेक युग की शुरुआत कर रहे हैं, जो एक बड़ी उपलब्धि है। इसके जरिए भारत की यूपीआई पेमेंट व्यवस्था और यूएई की एएनआई व्यवस्था को एक साथ जुड़ने का मौका मिलेगा। इससे दोनों देशों के लोग बिना बाधा के सीमा पार लेनदेन की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। पिछले साल जुलाई में हस्ताक्षरित इंटरलिंकिंग भुगतान और मैसेजिंग सिस्टम पर समझौता ज्ञापन का यह परिणाम है। वहीं, डेबिट/क्रेडिट कार्डों को आपस में जोड़ने के लिए एक और समझौता हुआ, जिसमें रुपे कार्ड (भारत) के साथ जयवान (यूएई) को जोड़ा जाएगा। जिससे रुपे कार्ड का प्रसार बढ़ेगा। इसके पहले एशिया महादेश के नेपाल, भूटान, सिंगापुर, श्रीलंका और मॉरीशस के अलावा अफ्रीका में रुपे कार्ड लॉन्च किया जा चुका है। इससे डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा मिलेगा।

## दुनिया को जानें

# अमेरिका में फ्लू से लगभग 15 हजार मौतें

**लॉस एंजिल्स,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में इस सीजन में अब तक फ्लू से कम से 2 लाख 50 हजार लोग अस्पताल में भर्ती हुए हैं और 15 हजार मौतें हुईं। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने सीडीसी डेटा का हवाला देते हुए बताया कि तीन फरवरी को समाप्त नवीनतम सप्ताह के दौरान इन्फ्लूएंजा से संबंधित आठ बच्चों की मौत की सूचना मिली, इससे सीजन में कुल 74 बच्चों की मौत हो गई। सीडीसी के आंकड़ों से पता चलता है कि नवीनतम सप्ताह में 11 हजार से अधिक मरीजों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया। सीडीसी का कहना है कि जब तक इन्फ्लूएंजा वायरस फैल रहा है तब तक 6 महीने और उससे अधिक उम्र के सभी लोगों को वार्षिक फ्लू का टीका लगवाना चाहिए।



# प्रादेशिकी

**दिल्ली मे होने वाली राष्ट्रीय परिषद बैठक में प्रदेश से करेंगे 250 पार्टी प्रतिनिधि शिरकत : भट्ट**

**देहरादून।** भाजपा की दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय परिषद बैठक में प्रदेश से 250 पार्टी प्रतिनिधि शिरकत करेंगे। बैठक में केंद्रीय नेतृत्व द्वारा आगामी लोकसभा चुनावों की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। यमुना कालोनी स्थित आवास मे मीडिया से बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बताया कि 16-17 फरवरी को होने वाली बैठक में केंद्रीय नेतृत्व द्वारा आगामी लोकसभा चुनावों की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह समेत वरिष्ठ पार्टी नेताओं का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। परिषद में तय रणनीति को सभी प्रदेश बूथ लेवल तक अमलीजामा पहनाने का काम करेंगे। साथ ही प्रदेश से लेकर जिले, मंडल, बूथ एवं पन्ना इकाइयों तक के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जनता के मध्य जाकर विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।

# नितिन गड़करी ने उत्तराखण्ड में 8 एनएच का किया शिलान्यास

**रुद्रपुर,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एक दिवसीय दौरे पर मंगवलार को उत्तराखंड पहुंचे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के उत्तराखंड में दो कार्यक्रम है। पहला कार्यक्रम उनका कुमाऊं मंडल के टनकपुर में हुआ। वहीं दूसरा कार्यक्रम गढ़वाल मंडल के हरिद्वार जिले में है।

- 2217 करोड़ ने बनेंगे नेशनल हाईवे
- दिल्ली-ऋषिकेश हाईवे पर बने फ्लाईओवर का किया लोकापर्ण
- केंद्रीय सड़क एवं परिवहन के उत्तराखण्ड पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत



नितिन गडकरी फ्लाइट से सुबह दोपहर को करीब 12.30 बजे उधमसिंह नगर जिले के पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे, जहां उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी के साथ सरकार के कई मंत्री और बीजेपी के अन्य नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इसके बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और सीएम पुष्कर सिंह धामी दोनों सीमांत जिले चंपावत के टनकपुर पहुंचे। नितिन गडकरी के टनकपुर दौरे से बीजेपी कार्यकर्ता काफी उत्साहित है। टनकपुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी करीब 2217 करोड़ रुपए की योजनाओं की शिलान्यास किया। टनकपुर के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का हरिद्वार में भी कार्यक्रम है। हरिद्वार में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी दिल्ली-ऋषिकेश हाईवे पर बने फ्लाईओवर का लोकार्पण करेंगे।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नीतिन गडकरी ने कहा कि काठगोदाम से नैनिताल मार्ग के दो लेन पेव्ड शोल्डर सहित चैड़ीकरण से मानसखंड मंदिरों तक कनेक्टिविटी बेहतर होगी। काशीपुर से रामनगर मार्ग के 4-लेन चैड़ीकरण से जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क और मानसखंड मंदिरों तक पर्यटकों को पहुंचना आसान होगा। इसके अलावा कंगारछीना से अल्मोड़ा मार्ग के 2-लेन चैड़ीकरण से बागेश्वर जाने वाले पर्यटकों की न सिर्फ संख्या बढ़ेगी बल्कि उनका समय भी बचेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग 309ए पर उडियारी बैंड से कांडा मार्ग के 2-लेन चैड़ीकरण और पुनर्वास करने से बागेश्वर में बागनाथ और बैजनाथ मंदिर तक जाना सुगम होगा। साथ ही बागेश्वर से पिथौरागढ़ का दुर्गम सफर ज्यादा बेहतर, सुरक्षित और समय बचाने वाला होगा। उत्तराखंड में शानदार आधारभूत संरचना तैयार करने के लक्ष्य से केवल सड़कों और राजमार्गों का कार्य ही नहीं चल रहा बल्कि लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 87 एक्स्टेंशन पर दीवारों का निर्माण भी किया जा रहा है। बागेश्वर जिले में सरयू और गोमदी नदी पर 2 पुलों के मरम्मत का काम भी 5 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। इन परियोजनाओं से केवल पर्यटकों को ही लाभ नही है, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए भी आना-जाना सुगम होगा। साथ ही पर्यावरण को बगैर कोई क्षति पहुंचाए स्थानीय अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के इस सभी कार्यक्रमों को लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। क्योंकि लोकसभा चुनाव 2024 के नजदीक आते ही बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं का उत्तराखंड दौरा शुरू हो गया है। बीजेपी का दावा है कि वो इस बार भी उत्तराखंड की पांचों सीटों पर अपनी जीत का परचम लहराएगा।

### प्रदेश में विकास कार्यों की प्रगति संतोषजनक: धामी

रुद्रपुर। प्रदेश में अनेक परियोजनाओं पर काम हो रहा है। प्रदेश में जारी विकास कार्यों की प्रगति संतोषजनक है। हर साल 50 लाख से अधिक श्रद्धालु मां पूर्णागिरी के धाम टनकपुर में आते हैं। आने वाले समय में यह आंकड़ा बढ़ेगा। सीएम ने कहा कि अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदि कैलाश के दर्शन किए थे, जिसके बाद से बहुत सारे लोग यहां आ रहे हैं। उत्तराखंड धार्मिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है। देव स्थान उत्तराखंड की धरोहर है। कई संकटों को झेलने के बाद भी उत्तराखंड वही है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ा हैं। सीएम धामी ने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में चारधाम के साथ ही मंदिरमाला मिशन से जुड़े मंदिरों का जीर्णोद्धार हो रहा है। दिल्ली जाने के लिए वाया मुरादाबाद छह लेन का रास्ता उत्तराखंड को मिल रहा है।

# सूबे में 27 फरवरी को होने वाले राज्य सभा चुनाव को लेकर कांग्रेस में हलचल बढ़ी



**शिमला,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। सूबे में 27 फरवरी को होने वाले राज्य सभा चुनाव को लेकर कांग्रेस में हलचल बढ़ गई है। राज्य सभा चुनाव के लिए नामांकन से पहले सोमवार को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू दिल्ली पहुंचे। दिल्ली में मुख्यमंत्री ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के मध्य राज्य सभा चुनाव को लेकर मंत्रणा हुई। मालूम हुआ है कि मुख्यमंत्री ने प्रियंका गांधी को हिमाचल से राज्य सभा चुनाव में उम्मीदवार बनने का निमंत्रण दिया। पहले कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के हिमाचल से राज्य सभा चुनाव लड़ने की चर्चाएं थी, मगर अब उन्हें राजस्थान से राज्य सभा सांसद बनाए जाने पर मुहर लग गई।

राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि हाईकमान जिसका नाम तय करेगा, उसको जिताकर भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि शिमला में सोनिया गांधी व प्रियंका गांधी वाड्रा का अपना घर है। ऐसे में यदि वह यहां से निर्वाचित होकर जाती है तो हिमाचल प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात होगी। उन्होंने कहा कि इस पर अंतिम फैसला कांग्रेस आलाकमान को करना है। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी की तरफ से 15 फरवरी तक आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद नाम शार्ट लिस्ट किए जाएंगे जिसके बाद पार्टी आलाकमान अंतिम निर्णय लेगा।

**नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी**

राज्यसभा सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। ऐसा माना जा रहा है कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले 14 फरवरी तक शिमला पहुंच जाएंगे तथा नामांकन पत्र दाखिल करने के समय मौजूद रहेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा वर्तमान में हिमाचल से राज्य सभा सांसद हैं। बतौर राज्य सभा सांसद नड्डा का छह साल का कार्यकाल 2 अप्रैल को खत्म हो रहा है। इससे पहले 27 फरवरी को राज्य सभा सीट के लिए चुनाव होना है।

प्रियंका गांधी के हिमाचल से राज्य सभा उम्मीदवार न बनने की स्थिति में पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा अथवा विप्लव ठाकुर में से कोई एक कांग्रेस उम्मीदवार हो सकता है। इन दोनों नेताओं के अलावा कांग्रेस सूत्र राज्य सभा के संभावित उम्मीदवारों में वरिष्ठता के मद्देनजर पूर्व मंत्री आशा कुमारी तथा कौल सिंह ठाकुर का नाम भी चर्चा में बता रहे हैं।

**सार संक्षेप**

## स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कोटद्वार।** कोटद्वार में स्मैक की बड़ी खेप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से 8 ग्राम से अधिक स्मैक बरामद की गई है। बरामद की गई स्मैक की कीमत डेढ़ लाख रुपये बताई जा रही है। कोटद्वार पुलिस और सीआईयू की टीम द्वारा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत संदिग्धों की तलाश में अभियान चलाया जा रहा था, तभी भीम सिहं उर्फ सोनू को 8.20 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह स्मैक को बरेली से कम दामों में लाकर कोटद्वार के आसपास युवाओं को अधिक दाम पर बेचता था। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय के सामने पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चैबे ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को नशे के संबंध में कोई सूचना प्राप्त होती है, तो उसकी सूचना तुरंत दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

## ट्रेन में यात्री की हृदय गति रुकने से मौत

**रुड़की।** यमुनानगर से बिहार जा रहे एक यात्री की ट्रेन में बीमारी के चलते मौत हो गई। लक्सर रेलवे स्टेशन पर यात्री के शव को शहीद एक्सप्रेस ट्रेन से उतारा गया। डॉक्टरों का कहना है कि यात्री की मौत हृदय गति रुकने से हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मधुबनी बिहार निवासी विनोद 45 वर्ष अपनी पत्नी अनीता और पुत्री अंकिता के साथ अमृतसर से जयनगर (बिहार) जाने वाली शहीद एक्सप्रेस से मधुबनी बिहार जा रहे थे। ट्रेन के लक्सर पहुंचने से पहले यात्री विनोद कुमार की अचानक तबीयत खराब हो गई। तबीयत बिगड़ती देख यात्री की पत्नी और बेटी रोने लगीं। ट्रेन में सवार यात्री द्वारा इसकी सूचना स्टेशन मास्टर लक्सर को दी गई। जिस पर स्टेशन मास्टर सुभान खान मौके पर पहुंचे और बीमार यात्री को रेलवे कर्मचारी की मदद से उपचार के लिए लक्सर रेलवे स्टेशन पर उतारा गया। उपचार के लिए रेलवे चिकित्सकों को मौके पर बुलाया गया। चिकित्सकों ने यात्री विनोद कुमार को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर आरपीएफ और जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को बिहार तक पहुंचाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की।

## हादसे के बाद लापता हुए पांच वर्षीय मासूम का शव बरामद

**रुद्रप्रयाग।** मंगलवार सुबह बांसवाड़ा-मोहनखाल मोटर मार्ग पर गढ़सारी बैंड के समीप हुए सड़क हादसे में लापता हुए पांच वर्षीय बेटे का शव भी बरामद हो गया। जबकि पिता का शव सोमवार को ही बरामद हो गया था। जानकारी के अनुसार सोमवार को एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा था। इस हादसे में बलसुंडी गांव निवासी वाहन चालक राकेश सिंह की मौत हो गई। जबकि उसका पांच वर्षीय पुत्र लापता था। एसडीआरएफ, पुलिस और जिला आपदा प्रबंधन विभाग का रेस्क्यू दल लापता बच्चे की खोजबीन में जुटा था। मंगलवार को बच्चे का शव भी बरामद हो गया।

## सुडोकू 6466 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 9 | 2 | 5 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 4 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 7 |
| 3 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 5 | 6 |

# चिकित्सा अधिकारियों की मांगों और शिकायतों के निवारण के लिए समिति गठितः मुख्यमंत्री



**शिमला,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहां विशेष सचिव (स्वास्थ्य) की अध्यक्षता में चिकित्सा अधिकारियों की शिकायतों और मांगों पर विचार करने के लिए एक समिति गठित करने के निर्देश दिए। इस समिति में निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, निदेशक चिकित्सा शिक्षा और चिकित्सा अधिकारी संघ के प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह समिति चिकित्सकों की पदोन्नति से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करेगी और चिकित्सा अधिकारियों के कल्याण के लिए दिशा-निर्देशों की सिफारिश करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकट वित्तीय स्थिति के बावजूद प्रदेश सरकार चिकित्सकों की उचित मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर रही है। सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप राज्य की अर्थव्यवस्था अब धीरे-धीरे पटरी पर आ रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य के कर्मचारियों को समय पर सभी आर्थिक लाभ सुनिश्चित किए जाएंगे। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों का आह्वान किया कि राज्य की अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाने में वे प्रदेश सरकार को यथासम्भव सहयोग प्रदान करें। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिए राज्य सरकार नए चिकित्सा अधिकारियों और सहायक स्टाफ की भर्ती कर रही है। इसके अतिरिक्त चिकित्सकों के कार्य को बेहतर बनाने के लिए आठ घंटे की शिफ्ट शुरू करने पर कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नवीनतम तकनीक और उनके कौशल उन्नयन के लिए चिकित्सकों के लिए विदेशों के एक्सपोजर दौरे भी आयोजित करवाए जाएंगे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सकों की कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित करने के लिए अधिकारियों के डाटा को डिजिटल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सुविधाएं घर के समीप उपलब्ध करवाने के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान स्थापित कर, प्रत्येक संस्थान में 6-6 विशेषज्ञ चिकित्सक तैनात किए जा रहे हैं।

बैठक में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, स्वास्थ्य सचिव एम. सुधा देवी, विशेष सचिव स्वास्थ्य नीरज कुमार और डॉ. अश्विनी कुमार शर्मा, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. गोपाल बेरी और चिकित्सा अधिकारी संघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मिस अर्थ इंडिया-2022 ने मुख्यमंत्री से भेंट की

**शिमला।** मिस अर्थ इंडिया-2022 वंशिका परमार ने आज यहां मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की। हमीरपुर जिला के नादौन उपमण्डल के धनेटा गांव से सम्बंध रखने वाली वंशिका ने 19 वर्ष की आयु में नवम्बर, 2022 में फिलीपीन्स में आयोजित प्रतियोगिता में यह खिताब हासिल किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंशिका की इस उपलब्धि से अन्य लड़कियों को भी अपनी पसंद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि प्रदेश की बेटियां विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों से हिमाचल का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने वंशिका से महिला सशक्तिकरण में प्रदेश सरकार के प्रयासों को संबल प्रदान करने तथा एकल बेटियों के कल्याण के लिए सहयोग करने का आग्रह किया। वंशिका परमार ने प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने में अपना सहयोग प्रदान करने की भी इच्छा जताई। उन्होंने अवगत करवाया कि वह वर्ष-2023 में घाना की पर्यटन दूत रह चुकी हैं और फिलीपीन्स में भी पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के अभियान से जुड़ी रही हैं।

# कर्मचारियों की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

**देहरादून,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। उपनल और टीडीएस कर्मचारियों की हड़ताल से मंगलवार को भी दून मेडिकल कालेज की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रही। ओपीडी में मंगलवार सुबह से ही भारी भीड़ दिखायी दी तो वहीं स्थिति का जायजा लेने अपर सचिव स्वास्थ्य भी अस्पताल पहुंचे।




- अपर स्वास्थ्य सचिव जायजा लेने पहुंचे अस्पताल

प्रदेश के सबसे बड़े अस्पतालों में शुमार दून मेडिकल कालेज की स्वास्थ्य सेवाएं आज भी प्रभावित रही। बता दे कि मांगों पर कार्यवाही न होने से उपनल कर्मचारी व टीडीएस कर्मचारी हड़ताल पर है। जिससे चिकित्सालय में पंजीकरण से लेकर मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। उपनल कर्मचारियों के हडताल पर चले जाने के बाद से दून चिकित्सालय में भी मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। जबकि दून अस्पताल के डिप्टी एमएस डॉ. धनजय डोभाल ने ओपीडी के डाक्टरों से साफ कह दिया है कि सभी मरीज देखने के बाद ही ओपीडी से जाएं। अगर किसी मरीज का पर्चा 15 दिन पुराना है तो उसे पुराने पर्चे पर ही देखा जाए। आज दून चिकित्सालय प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था जरूर की पर यह इंतेजाम नाकाफी साबित हुए। सप्ताह के दूसरे दिन भी मरीजों को पंजीकरण व बिलिंग काउंटर पर पैरामेडिकल छात्रों व इंटर्न की डयूटी लगायी गयी है लेकिन उन्हें इस काम का अनुभव ना होने के कारण पर्चे बनाने में लम्बा समय लग रहा है। मरीजों के तिमारदारों को घंटो लाइन में खडा रहना पड रहा है। स्थिति यह है कि पंजीकरण व बिलिग काउंटर पर लम्बी कतार लगनी रही जबकि चिकित्सकों के कक्ष के बाहर नाम मात्र की ही भीड दिखायी दी।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया राज्यसभा सदस्य के लिए किया नामांकन



**देहरादून,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मंगलवार को राज्यसभा सदस्य के लिए अपना नामांकन पत्र भरा इस अवसर पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि मैं समझता हूं कि पार्टी अपने कार्यकर्ताओं की कड़ी परीक्षा लेती है। अब मुझे और भी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा रही है इसका मतलब है मेरी और अधिक कड़ी परीक्षा होगी। लेकिन मैं किसी भी परीक्षा के लिए तैयार हूं।

महेंद्र भट्ट ने कहा कि मेरी पार्टी ने बड़ा सम्मान और जिम्मेदारी मुझे दी है। मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को प्रदेश अध्यक्ष और अब राज्यसभा सांसद के योग्य समझा गया मैं इसके लिए अपने केंद्रीय नेतृत्व का दिल से आभार व्यक्त करता हूं। पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्नेह का आभारी हूं।

उन्होंने कहा कि एक सीमांत क्षेत्र का विधायक रहने के कारण मैं सीमांत क्षेत्र की समस्याओं से अच्छी तरह से वाकिफ हूं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री इन दिनों सीमांत क्षेत्रों तक विकास पहुंचाने और सीमांत क्षेत्र के लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए जो काम कर रहे हैं उससे लोगों को लाभ मिला है इसे और आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में आपदाओं का सिलसिला हमेशा जारी रहता है लोगों के जान माल की हिफाजत होनी चाहिए।

# मूल निवास होता तो हल्द्वानी की अप्रिय घटना न होती : डिमरी



- मजबूत भू कानून से बचेगी जमीन और संस्कृति: बुद्धिबल्लभ
- मूल निवास भू कानून समन्वय संघर्ष समिति की पत्रकार वार्ता
- 18 फरवरी को कोटद्वार में होगी मूल निवास स्वाभिमान महारैली

**रुद्रप्रयाग,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। हल्द्वानी में हुई घटना को लेकर 'मूल निवास, भू- कानून समन्वय संघर्ष समिति' ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। समिति के संयोजक मोहित डिमरी ने कहा कि अगर प्रदेश में मजबूत भूमि कानून और मूल निवास लागू होता तो इस तरह की अप्रिय घटना नहीं होती। उन्होंने हल्द्वानी की घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि देवभूमि की पहचान शांति की रही है। इस घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और दंगाइयों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

रुद्रप्रयाग में आयोजित पत्रकार वार्ता में डिमरी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जिन बाहरी तत्वों को प्रदेश की शांति के लिए खतरा बताते हैं और जिनके खिलाफ सख्त एक्शन लेने की बात करते हैं उन बाहरी तत्वों की पहचान वह कैसे करेंगे ? उन्होंने कहा कि मूल निवास और मजबूत भूमि कानून किसी भी बाहरी तत्व के खिलाफ सबसे असरदार हथियार है। डिमरी ने कहा कि सत्ताधारी भाजपा हल्द्वानी के बहाने ध्रुवीकरण की कोशिश कर रही है, जिससे मूल निवास और भू-कानून जैसे मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाया जा सके।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में न केवल हल्द्वानी बल्कि तमाम दूसरे इलाकों में भी अवैध अतिक्रमण मौजूद हैं, जिनके खिलाफ सरकार बुलडोजर चलाने की बात कहती है, लेकिन असल समाधान बुलडोजर नहीं बल्कि मजबूत भू-कानून है। डिमरी ने कहा कि सरकार को चाहिए कि प्रदेश में मजबूत भू-कानून सख्ती से लागू कर समस्त भूमि का ब्यौरा जुटाए और उसके आधार पर आगे की कार्यवाही करे।

डिमरी ने कहा कि धामी सरकार हल्द्वानी के मुद्दे पर मूल निवास और भू कानून के नजरिए से सोचने के बजाय सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का एजेंडा चला रही है, ताकि 2024 की चुनावी नैया पार हो सके। पहाड़ के लोगों के साथ भेदभाव कर रही है। अतिक्रमण के बहाने पहाड़ी क्षेत्रों में कई लोगों की दुकानें और मकान तोड़े गए, वहीं देहरादून में बसी अवैध बस्तियों को हटाने के बजाय उन्हें राहत देते हुए रातों-रात अध्यादेश लाया गया। सरकार के दोहरे चरित्र को जनता समझने लगी है। उन्होंने यह भी कहा कि 18 फरवरी को कोटद्वार में मूल निवास स्वाभिमान महारैली निकाली जाएगी।

# टिहरी संसदीय सीट पर कांग्रेस से की गुनसोला ने दावेदारी

**देहरादून,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। धीरे-धीरे उत्तराखण्ड चुनावी रंग में ढलता जा रहा है। प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा ने इसके लिए पूरी तरह से कमर कस ली है। कांग्रेस से पूर्व विधायक और उत्तराखंड क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष जोत सिंह गुनसोला ने कांग्रेस पार्टी से टिहरी लोकसभा सीट से अपनी दावेदारी। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी उन पर विश्वास कर टिकट देती है तो वह टिहरी लोकसभा की सीट जीत कर कांग्रेस को देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव मजबूती से लड़ने जा रही है। जोत सिंह गुनसोला ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर कांग्रेस के कार्यकर्ता मजबूत रूप से खड़े हैं और उनका पूरा विश्वास है कि 2024 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ज्यादा से ज्यादा सीट जीत कर केंद्र में सरकार बनायेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की टिहरी लोकसभा की सांसद कभी जनता के बीच नहीं दिखाई दी, ना ही उनके द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए कुछ किया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हवा बना रही है कि कांग्रेस पार्टी काफी कमजोर है, लेकिन कांग्रेस पार्टी मजबूती से 2024 का चुनाव लड़ेगी।



# सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम के लिए एन्फोर्समेंट कार्रवाई में लाए तेजी : डीएम

**पौड़ी,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। जिलाधिकारी डॉ. आशीष चैहान ने कैम्प कार्यालय पौड़ी में आयोजित की सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मे सड़क दुर्घटना रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैठक में निर्देश दिये कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए परिवहन विभाग, पुलिस विभाग और राजस्व विभाग को एन्फोर्समेंट की कार्यवाही में तेजी लायें। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियों, संभागीय परिवहन अधिकारी और पुलिस अधिकारियों को सक्ती से निर्देशित किया कि बिना लाइसेंस के वाहन चलाने वालों पर सक्त वैधानिक कार्यवाही करें।

जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना आदि से जुड़े विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी स्थान दुर्घटना संभावित चिन्हित किये गये हैं अथवा जहां पर हाल ही में दुर्घटनाएं घटित हुई हैं उन स्थानों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए चेतावनी व संकेतक बोर्ड लगाने, स्पीड ब्रेकर की यदि जरूरत हो तो उसे लगाने, क्रैश बेरियर्स, रंबल स्ट्रीट इत्यादि जो भी लगाया जाना चाहिए उसको लगाना सुनिश्चित करें, जिससे सड़क मार्गों पर सफर सुरक्षित और सुगम हो सके। उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा नशे में वाहन संचालन करने वालों के विरूद्व की गयी 27 चालानों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसी तरह एन्फोर्समेंट बढ़ायें। साथ ही उन्होंने कहा कि हाल ही के समय में जहां पर भी सड़क दुर्घटनाएं घटित हुई हैं उनकी केस स्टडी करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें ताकि तद्नुसार सुधारात्मक कार्यवाही की जा सके। बैठक में अधीक्षण अभियंता पीएस बृजवाल, क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार आदि कैम्प कार्यालय में उपस्थित थे तथा अपर पुलिस अधीक्षक जया बलूनी व समस्त क्षेत्रों के उपजिलाधिकारी, विभिन्न खंड़ों के अधिशासी अभियंता वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे।



# खड़ी बस में लगी आग, हड़कंप

**देहरादून,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। देर रात एक खड़ी बस में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस व फायर सर्विस ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण प्रथमदृष्टया शाट सर्किट माना जा रहा है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 12.40 बजे थाना रायपुर को सिटी कंट्रोल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि रांझावाला रायपुर के पास एक खडी बस में आग लग गयी है । सूचना पर तत्काल थानाध्यक्ष रायपुर मय फोर्स मौके पर पहुंचे, मौके पर फायर सर्विस को बुलाकर फायर सर्विस की मदद से आग को बुझाया गया। घटना के सम्बन्ध में जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त बस के स्वामी मनोज सिंह पुत्र दीवान सिंह निवासी रांझावाला रायपुर देहरादून है। उक्त बस जय दुर्गा ट्रेवल्स के नाम पर वाहन स्वामी द्वारा संचालित की जाती है तथा बुकिंग पर चलती है । रोज की भांति बीती रात को भी वाहन स्वामी द्वारा बस को उक्त स्थान पर खडा किया गया था । प्रथम दृष्टया बस में शार्ट सर्किट होने से आग लगना प्रतीत हो रहा है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# प्रादेशिकी

## निःशुल्क महिला हिमोग्लोबिन जांच शिविर आयोजित

**फर्रुखाबाद,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। भारत विकास परिषद महीयसी महादेवी शाखा फर्रुखाबाद एवं सहयोग शाखा द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस के पर्व पर ऐनिमिया मुक्त भारत के उद्देश्य से रामानंद बालिका इंटर कॉलेज, फर्रुखाबाद के प्रांगण में निःशुल्क महिला हिमोग्लोबिन टेस्ट शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्साधिकारी के सहयोग से डॉक्टर नवनीत गुप्ता एवं टीम के द्वारा किया गया। जिसमें पाया गया कि अधिकांश महिलाओं में हिमोग्लोवीन की कमी पाई गई ऐसी महिलाओं एवं छात्राओं को कैल्सियम और आयरन की टेबलेट्स भी वितरित की गईं। 68 महिलाओं की हिमोग्लोबिन जांच की गई। विद्यालय प्रवंधिका शिखा अग्निहोत्री ने सभी अध्यपिकाओं और छात्राओं को बताया कि आप लोग ये टेबलेट्स तो खाएं साथ ही गाजर, चुकंदर का जूस जिसमें कुछ टमाटर भी डाल लें तो जूस स्वादिष्ट भी लगेगा।

# निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने को उत्तर प्रदेश पूरी तरह तैयार : योगी

**लखनऊ,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक कर आगामी 19-21 फरवरी को प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 की तैयारियों

- **मुख्यमंत्री ने की लखनऊ में प्रस्तावित तैयारियों की समीक्षा**
- **दस लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने की है तैयारी**

की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में गत वर्ष 10-12 फरवरी को यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का सफल आयोजन हुआ था। इस आयोजन में 10 कन्ट्री पार्टनर, 40 देशों के 1000 से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों, पार्टनर कंट्री के 04 मंत्रीगण, 17 केंद्रीय मंत्रीगणों, राजदूतों/उच्चायुक्तों और 25000 से अधिक डेलीगेट्स सहित राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय निवेशकों तथा अन्य गणमान्य महानुभावों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर उत्तर प्रदेश का मान बढ़ाया। यह आयोजन हमारी 25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं, युवाओं की अपेक्षाओं को पूरा करने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होने वाला है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 16 देशों के 21 नगरों और देश के 10 शहरों में रोड शो सहित प्रदेश के सभी 75 जनपदों में निवेशक सम्मेलन के उपरांत तीन दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 39.52 लाख करोड़ के औद्योगिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे 1.10 करोड़ नौकरी/रोजगार के अवसर सृजित होंगे। अब उत्तर प्रदेश इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार है। आगामी 19-21 फरवरी तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन होने जा रहा है। पहले दिन 19 जनवरी को प्रधानमंत्री जी द्वारा एक साथ 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों के जमीनी क्रियान्वयन की शुरुआत होगी। इस अवसर पर उद्योग जगत के अनेक प्रतिष्ठित समूह, सीईओ, निवेशकों आदि की गरिमामयी उपस्थिति होगी।



### पार्किंग के समुचित प्रबंध के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने कहा कि विशिष्ट समारोह में अनेक केंद्रीय मंत्रीगणों, विभिन्न राजदूतों, जनप्रतिनिधिगणों की सहभागिता भी होनी है। अति विशिष्ट जनों के सुरक्षा व सत्कार प्रोटोकाल का पूर्णतः अनुपालन किया जाना चाहिए। सीएम फेलो की काउंसिलिंग/ट्रेनिंग करके उन्हें इन अतिविशिष्ट जनों के साथ संबद्ध किया जाए। औद्योगिक जगत के शीर्षस्थ जनों, उद्यमियों, निवेशकों आदि गणमान्य जनों की आवासीय व्यवस्था, भोजन, आवागमन, पार्किंग आदि के समुचित प्रबंध किए जाएं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के पूर्व सेवानिवृत्त आईएएस/आईपीएस/आईएफएस अधिकारियों, कुलपतिगणों के सहयोग से विभिन्न विश्वविद्यालयों/कॉलेजों में युवाओं के साथ इन्वेस्टर्स समिट की उपयोगिता, महत्ता, प्रभाव के बारे में संवाद का अभिनव प्रयास किया गया था। इससे अच्छा संदेश गया। जागरूकता बढ़ी। जीआईएस से हमारे युवाओं का जुड़ाव बढ़ा। इस बार जीबीसी के पूर्व 16-17 फरवरी के बीच ऐसे प्रयास करने चाहिए।

## चार दिनों से पेयजल आपूर्ति खराब, चेयरमैन ने हड़काया

**मवाना,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। मवाना हाईवे किनारे नाला निर्माण के चलते जेसीबी से पेयजल लाइन का पाइप फट गया, जिस कारण चार दिनों से मवाना के मोहल्ला रामबाग व काबलीगेट, तहसील रोड, नालंदा कालोनी व अशोक विहार कालोनी में पेयजल की किल्लत हो रही है। कई बार सूचना देने के बावजूद भी सुधार नहीं हुआ। चार दिनों से नागरिकों को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ा। मंगलवार को चेयरमैन अखिल कौशिक के हड़काने पर कर्मचारियों ने सुध ली। कर्मचारी दोपहर में डेढ़ घंटे पेयजल की आपूर्ति करते है लेकिन उस समय में घंटों बिजली आपूर्ति बंद रहती है। नागरिकों ने बताया कि यदि पेयजल आपूर्ति के समय में पेयजल लाइन खराब रहती है तो कर्मचारी उस समय की भरपाई दूसरे समय में नहीं करते। निक वेतन कर्मियों के भरोसे पेयजल व्यवस्था चल रही है। नागरिकों ने आरोप लगाया कि पालिका के अफसर मवाना में नहीं रहते। कार्यालय समय के बाद शाम को मेरठ चले जाते है, जिस कारण उन्हें नागरिकों की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। चेयरमैन अखिल कौशिक के हड़काने पर चार दिनों बाद मंगलवार को पेयजल व्यवस्था में सुधार हुआ है।

## पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा का एडमिट कार्ड करें डाउनलोड

**लखनऊ,** 12 फरवरी यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के एडमिट कार्ड का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों के लिए अच्छी खबर है। अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) की वेबसाइट पर जाकर 13 फरवरी से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इससे पहले, बोर्ड ने 10 फरवरी को प्रदेश के विभिन्न जिलों के एग्जामिनेशन सेंटर्स की लिस्ट जारी की थी। परीक्षा प्रदेश के विभिन्न जिलों में 17 और 18 फरवरी को आयोजित कराई जाएगी। बता दें कि मिशन रोजगार के तहत योगी सरकार ने 23 दिसंबर को प्रदेश के युवाओं को बड़ी सौगात देते हुए प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया था। प्रदेश के युवा काफी समय से यूपी पुलिस में सिपाही के 60 हजार से ज्यादा रिक्त पदों की भर्ती का इंतजार कर रहे थे। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (यूपीपीआरपीबी) की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा ने बताया कि यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा के लिए अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट uppbpb.gov.in पर जाकर 13 फरवरी से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। योगी सरकार की अब तक की सबसे बड़ी भर्ती के लिए तकरीबन 50 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जोकि बेसब्री से यूपी पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा एडमिट कार्ड का इंतजार कर रहे थे। एडमिट कार्ड जारी होने के बाद अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबासइट पर जाकर डाउनलोड कर सकेंगे। बोर्ड की अध्यक्ष ने बताया कि भर्ती बोर्ड ने एडमिट कार्ड से पहले प्रदेश के 10 फरवरी को विभिन्न जिलों के एग्जाम सेंटर की लिस्ट जारी की थी। परीक्षा के लिए प्रदेश के सभी जिलों में 2385 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

### अभ्यर्थी ऐसे डाउनलोड करें अपना एडमिट कार्ड

- बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट uppbpb.gov.in पर जाएं
- होमपेज पर नोटिस टैब पर क्लिक करें
- इसके बाद, उत्तर प्रदेश पुलिस में रिजर्व सिविल पुलिस के पदों के लिए सीधी भर्ती-2023 के तहत लिखित परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड डाउनलोड लिंक पर क्लिक करें
- अपने लॉगिन क्रेडेंशियल दर्ज करें
- इसे सबमिट करें और एडमिट कार्ड डाउनलोड करें।

**सार** संक्षेप

### विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन

**मेरठ।** उप्र कौशल विकास मिशन, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) के अन्तर्गत आज दिनांक मंगलवार को गुरूकुल सर्वोदय इण्टर कॉलेज पांचली खुर्द मेरठ, विकास खण्ड-जानी खुर्द, मेरठ में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उक्त रोजगार मेले में 8 निजी क्षेत्र की कंपनियों ने प्रतिभाग किया गया। इन कंपनियों ने सेल्स एग्जीक्यूटीव, जीओ पॉइन्ट मैनेजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फिटर, हेल्थ सेक्टर, इंश्यूरेंसध्बैंकिग सेक्टर, मशीन ऑपरेटर, डाटा इंट्री ऑपरेटर, ट्रेनी ऑपरेटर आदि सेक्टर के लिए रिक्तियां अधिसूचित की थीं। कम्पनियों द्वारा न्यूनतम 8000 रुपए और अधिकतम 25000 रुपए मासिक वेतन ऑफर किया गया। रोजगार मेले में 212 अभ्यर्थियों में, जो कि कौशल विकास मिशन, डीडीयू-जीकेवाई के प्रशिक्षित अभ्यर्थियों तथा अन्य ग्रामीण अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार में प्रतिभाग किया गया, जिसके सापेक्ष 26 अभ्यर्थियों को कंपनियों द्वारा मौके पर ही चयन किया गया।

### ऊर्जा भवन सभागार दिया गया प्रशिक्षण

**मेरठ।** पीवीवीएनएल की प्रबंध निदेशक चैत्रा वी.के निर्देशन में पश्चिमांचल डिस्कॉम मुख्यालय एवं मेरठ क्षेत्र के अधिकारियों को साइबर सेफ्टी एण्ड सिक्योरिटी के सम्बन्ध में ऊर्जा भवन, सभागार मेरठ में प्रशिक्षण दिया गया। साइबर अवेयरनेस से सम्बन्धित प्रशिक्षण कार्यक्रम उप्र पावर कारपोरेशन लि. के तत्वाधान में एएनबी सोलुशन प्राइवेट लि. के माध्यम से दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिस्कॉम हेडक्वाटर और मेरठ क्षेत्र के अधिशासी अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता एवं मुख्य अभियन्ता स्तर तक के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। एएनबी सोलुशन प्राइवेट लि. के प्रशिक्षक सचिन हिसारिया ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में साइबर अवेयरनेस, सीईए (केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण) की गाइडलाईन्स, साइबर सिक्योरिटी, ई-मेल और पासवर्ड हैकिंग, साइबर सुरक्षा आदि विषयों पर विस्तार से बताया। प्रशिक्षक अंकुर जैन ने ई-मेल अकाउंट की सुरक्षा, सुरक्षित पासवर्ड तथा साइबर सुरक्षा से जुड़े तकनीकी पहलुओं के सम्बन्ध में जानकारी दी।

### किसान यूनियन नें तहसील में दिया धरना-प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद।** किसान की खेत में खड़ी खड़ी सरसों की फसल पर लेखपाल नें बुलडोजर चलवा दिया। जिसके विरोध में किसान यूनियन नें तहसील पंहुचकर धरना प्रदर्शन किया। एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद धरना समाप्त हुआ। अमृतपुर तहसील के ग्राम कमालुद्दीनपुर में बीते 10 फरवरी को ग्रामीण रामनारायण पांडेय नें 25 डिसमिल भूमि पर सरसों की फसल की थी। जिसको गांव के ही प्रधान पति की मिली भगत से कानून-गो धनंजय दीक्षित व लेखपाल सावन ने आकर सरसों की खड़ी फसल जुतवा दी और ग्रामीणों के खेत में चक मार्ग डाल दिया। रामनारायण नें जानकारी भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के मंडल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा को दी।

## एक्सिस बैंक ने विनायक विद्यापीठ से किए 16 विद्यार्थी शॉर्टलिस्ट

**मेरठ,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ, मोदीपुरम में एक्सिस बैंक द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें 16 विद्यार्थियो को शॉर्टलिस्टेड किया गया। जिनका अन्तिम साक्षात्कार एक्सिस बैंक नोएडा मुख्य कार्यालय में 16 फरवरी, 2024 को होगा। विनायक विद्यापीठ की प्राचार्या डा. अनुप्रिता शर्मा ने कंपनी के अधिकारियों का स्वागत किया और शॉर्टलिस्टेड विद्यार्थियों को अंतिम साक्षत्कार में सफलता प्राप्त करने के लिए भी अपनी शुभकामनाएं दी।



निदेशक इंजी. विकास कुमार ने शॉर्टलिस्टेड विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि रोजगार प्राप्त करने के लिए शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ व्यक्तिव विकास की ओर भी ध्यान देना चाहिए , वही ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट ऑफिसर प्रवीन शर्मा ने कंपनी से आए अधिकारियों का धन्यवाद किया और शॉर्टलिस्टेड विद्यार्थियों अंतिम साक्षात्कार के लिए बधाई दी और अपने कार्य के प्रति सचेत रहने, अनुशासन में रहकर कार्य करने के लिए भी प्रेरित किया।

## पांच करोड़ 99 लाख का लाभ का बजट पास



- **पलिका बोर्ड की बैठक सम्पन्न, कई योजनाओं को हरी झंडी**
- **आरओ पर बने सभागार में हुई नगर पलिका बोर्ड की बैठक**

**मवाना,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। तहसील रोड स्थित नगर पालिका के आरओ वॉटर प्लांट के ऊपर स्थित सभागार में मंगलवार को आयोजित नगर पलिका बोर्ड की बैठक चेयरमैन अखिल कुमार कौशिक की अध्यक्षता में हुई। बोर्ड बैठक में 40 करोड़ 73 लाख रुपये का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया गया। इसके सापेक्ष में अनुमानित आय 32 करोड़ 40 लाख की बताई गई। इस आय में से 34 करोड़ 73 लाख रुपए का खर्चा बताया गया। पालिका बोर्ड के समक्ष पांच करोड़ 99 लाख रुपए का लाभ दर्शाया गया है। पालिका अवर अभियन्ता मूलचन्द ने बजट प्रस्तुत किया, जिस पर सभासदों ने स्वीकृति प्रदान कर दी। पालिका बोर्ड बैठक में राज्य वित्त आयोग से मिली धनराशि दो करोड़ 75 लाख रुपए के विकास कार्यो की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए साप्ताहिक पैठ का ठेका छोड़े जाने की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी। वहीं पालिका कार्यालय में कबाड़ व खराब वाहनों की नीलामी के प्रस्ताव का पारित कर दिया गया। सभासदों ने कहा कि उनके कई मोहल्लों में स्ट्रीट लाइटें नहीं लगी है, जब वे पालिका कार्यालय में स्ट्रीट लाइटें लगवाने को कहते है तो उन्हें स्टोर में स्ट्रीट लाइटें उपलब्ध नहीं है का जवाब दिया जाता है। सभासदों के शोर मचाने पर पालिका गोदाम में पांच सौ स्ट्रीट लाइटें खरीदने का प्रस्ताव पारित किया ताकि सभासदों के कहने पर स्ट्रीट लाइट उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त चेयरमैन की अनुमति से अन्य प्रस्तावों पर चर्चा हुई, जिनकी सर्वसम्मति से स्वीकृति दे दी गई। पालिका बोर्ड बैठक में अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार व पालिका अवर अभियन्ता मूलचन्द, वरिष्ठ लिपिक लाखन सिंह, सभासद आशीष, प्रमीला, अवजीत चौहान, नीरज, अनुज कुमार, मुकेश, सलीम, अतीक, विशाल, विनित कुमार आदि मौजूद रहे।



## संत रविदास गुरुकुलम में मनाया वसंत पंचमी पर्व

**मेरठ,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। दिनांक 13 फरवरी को सरायकाजी, जागृति विहार स्थित संत रविदास गुरुकुलम में छात्र-छात्राओं द्वारा वसंत पंचमी (सरस्वती पूजा) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वसंत पंचमी कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए अंजू सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही, उनके साथ विश्वास राणा, पिंकी राणा, सुजाता गौतम की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके बाद छात्रों के द्वारा नृत्य की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में पिंकी (प्रधानाचार्य) ने जन सेवा न्यास द्वारा संचालित केंद्र की सराय में पढ़ने वाले छात्रों हेतु उपयोगिता एवम केंद्र द्वारा सराय के समाजोत्थान के लिए किए जा रहे क्रिया कलाप के बारे में जानकारी दी।

## स्टार अलफलाह इंटर कॉलेज में विदाई समारोह संपन्न

**किठौर,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। जीवन के दो मुख्य उद्देश्य हैं लगन और संघर्ष जिसने इन्हें अपनाया वह सफल हुआ, जिसने छोड़ दिया वह असफल हो जाता है। ये बातें मंगलवार को एसडीएम मवाना अखिलेश कुमार ने स्टार अलफलाह इंटर कालेज किठौर में आयोजित 12वीं के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह में कहीं। बतौर मुख्यातिथि छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए एसडीएम अखिलेश कुमार ने कहा कि इंटरमीडिएट का दौर छात्र-छात्राओं के बनाव और बिगाड़ का दौर होता है। इसलिए लक्ष्य निर्धारित कर उसे भेदने में लग जाओ। जरा भटके तो जिंदगी खराब निंउद्देश्य हो जाएगी। माछरा ब्लाक प्रमुख अशोक त्यागी ने कहा कि वर्तमान युग विज्ञान व तकनीक का है। ग्रामींण अंचल के छात्र हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। सरकार भी इनको प्रोत्साहित करने में पीछे नही। पढ़ो और आगे बढ़ते रहो। कार्यक्रम में सहकारी समिति के किठौर के चेयरमैन तेज बहादुर ने भी विचार व्यक्त किए। छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कॉलेज प्रबंधक डॉक्टर नुसरत सेठ ने भी अपने विचार प्रस्तुत किया और छात्र-छात्राओं से लगन और मेहनत के साथ अच्छे नंबरों से पास होकर अपने परिवार और स्कूल का नाम रोशन करना। कार्यक्रम के अंत में दिल्ली पुलिस में चयनित कालेज के पुरातन छात्रों आवेश भाटी, सौरव मोरल, जोगेंद्र सौरभ कुमार को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।



## विश्व रेडियो दिवस पर सुभारती विवि में वेबिनार आयोजित

**मेरठ,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर एक अंतरराष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमें ऑस्ट्रेलिया एवं लंदन से वरिष्ठ रेडियो प्रसारकों ने पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए अपने अनुभवों को साझा किया और रेडियो की महत्ता पर अपने विचार प्रकट किए। इस क्रम में बीबीसी लंदन के वरिष्ठ रेडियो प्रसारक ललित मोहन जोशी, ऑस्ट्रेलिया से अंतरराष्ट्रीय रेडियो प्रसारक व प्रशिक्षक स्टीव अर्हन तथा ऑल इंडिया रेडियो के लखनऊ केंद्र की निदेशक मीनू खरे जैसी प्रसिद्ध रेडियो हस्ती शामिल हुईं। ऑस्ट्रेलिया के जाने माने रेडियो प्रसारक स्टीव अर्हन ने अपने संबोधन में कहा कि रेडियो आधुनिक और अतीत को जोड़ने वाली एक मुख्य कड़ी के रूप में स्थित है। रेडियो संपूर्ण मानवता को शिक्षा, सूचना और मनोरंजन प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। विकास को आम जनमानस तक पहुंचाने में रेडियो की एक प्रभावी भूमिका रही है।

## बढ़ता जा रहा साइबर अपराध का खतरा : विकास कुमार

**मेरठ,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। विनायक विद्यापीठ के डायरेक्टर इंजीनियर विकास कुमार ने कहा कि आधुनिक तकनीक के बढ़ते इस युग में, साइबर अपराध का खतरा भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। फिशिंग, रैंसमवेयर, और अन्य ऑनलाइन हमले नए-नए रूप धारण कर रहे हैं, जिससे डिजिटल सुरक्षा का महत्व और उचितता और भी बढ़ गया है। कोविड-19 महामारी के चलते ऑनलाइन लेन-देन और रिमोट काम की मांग में वृद्धि हो रही है, जिससे साइबर अपराधियों को नई विपणन की मिलती है। फिशिंग हमले, जहां आपको आपकी जानकारी जैसे पासवर्ड और बैंक खाता जानकारी चुराई जाती है, और रैंसमवेयर हमले, जहां आपके डेटा को बंद करके राशि में मांग ली जाती है, अब आम बात हो गई है।



- **नए-नए रूप धारण कर रहे ऑनलाइन हमले**
- **सुरक्षा के लिए मजबूत उपायों की जरूरत**

साइबर अपराधों के खिलाफ लड़ने के लिए, हमें मजबूत सुरक्षा उपाय अपनाने की आवश्यकता है। इसमें सॉफ्टवेयर अपडेट, मजबूत पासवर्ड, और मल्टी-फैक्टर प्रमाणीकरण शामिल हैं। साथ ही, कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा के बारे में शिक्षित किया जाना भी महत्वपूर्ण है।

साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई में, तकनीकी उन्नति भी अहम भूमिका निभा रही है। एक तरफ जहां अपराधियों ने नए-नए हमले ढोंग साजिशों का आयोजन किया है, वहीं तकनीकी उन्नति सुरक्षा प्रणालियों को बेहतर बनाने में मदद कर रही है।

**आयोजन** *विश्व रेडियो दिवस पर श्री वेंक्टेश्वरा में सुरमयी शाम का हुआ आयोजन*

## कभी न भुलाए जाने वाला साधन है रेडियो : डॉ.सुधीर गिरि

**मेरठ,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान में जर्नलिज्म एवं मॉस कम्यूनिकेशन विभाग की ओर से 'विश्व रेडियो दिवस' पर 'मन की बात-रेडियो के साथ' एवं एक सुरमयी शाम 'गीतों का कारवॉ' कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें आधा दर्जन से अधिक संगीत एवं रेडियो प्रेमियों ने गीतों एवं गजलों के माध्यम से शानदार तरीके से विश्व रेडियो दिवस को सेलीब्रेट किया।

- **कभी खत्म नहीं होगी रेडियो की प्रासंगिकता : डॉ. राजीव त्यागी**
- **प्रसिद्ध हस्तियों ने गीतों व गजलों की शानदार प्रस्तुतियां दीं**



इसके साथ ही बौद्ध संस्थान पश्चिमी यूपी के अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सम्मानित एवं विश्व के सबसे बड़े रेडियो संग्रहालय के अध्यक्ष रामसिंह 'बौद्ध' को 'रेडियो' भेंटकर एवं पटका-पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान के रविन्द्रनाथ टैगोर के सभागार में 'विश्व रेडियो दिवस' पर आयोजित 'गीतों का कारवां' एक सुरमयी शाम एवं 'मन की बात-रेडियो के साथ' कार्यक्रम का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, मुख्य अतिथि 'मन की बात' रेडियों संग्रहालय के अध्यक्ष रामसिंह बौद्ध, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति डॉ. अनिल कुमार शुक्ला, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके दिया। इसके बाद आकाशवाणी लखनऊ की प्रसिद्ध गायिका एवं उद्घोषक विनीता सिंह ने 'राम आयेंगे आयेंगे, राम आएंगे' भजन से शुरुआत करके माहौल को भक्तिमय कर दिया। इसके बाद उन्होंने लता जी का 'इस मोड़ से जाते हैं' गीत सुनाकर खूब तालियां बटोरी। विख्यात कवियत्री डॉ. मधु चतुर्वेदी ने 'चांदनी रात हो आपका साथ हो, रोज यूँ जिंदगी से मुलाकात हो 'गजल सुनाकर सभी को मंत्र-मुग्ध कर दिया। रेडियो जॉकी राहुल शर्मा ने 'तेरी आवाज सुनकर दिल ही दिल में मुस्कुराता हूं, तेरी आवाज ना आये तो पल में टूट जाता हूँ'', शानदार गीत सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी एवं कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे ने 'रेडियो जर्नी' पर गीतों के माध्यम से प्रकाश डाला, डॉ. दिव्या गिरधर ने भी शानदार गजल प्रस्तुत की। इस अवसर पर प्रधान सलाहकार प्रो. वी.पी.एस. अरोड़ा, समूह सलाहकार आर.एस. शर्मा, प्रतिकुलपति राकेश यादव, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. तेजपाल सिंह, डॉ. सी.पी. सिंह, डॉ. अनिल जयसवाल, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. राम निवास शर्मा, डॉ. सर्वनन्द साहू, डॉ. दिनेश कुमार गौतम, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. ऐना एरिक ब्राउन, डॉ. एल. एस. रावत, एस. एस. बघेल, रिंकी शर्मा, अरूण कुमार गोस्वामी, डॉ. स्नेहलता गोस्वामी, मारूफ चौधरी, अभिषेक जैन, मेरठ परिसर निर्देशक डॉ. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा, आदि लोग रहे। समारोह का शानदार संचालन जर्नलिज्म एवं मॉस कम्यूनिकेशन की डीन डॉ. दिव्या गिरधर ने किया।

## जिलाधिकारी ने किया नौचंदी ग्राउंड का निरीक्षण

**मेरठ,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने मंगलवार को नौचंदी ग्राउंड का निरीक्षण कर वहां आगामी नौचंदी मेले के संबंध में की जाने वाली तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि नौचंदी मेला जनपद मेरठ की पहचान है। जिसमें आसपास के जनपदो से भी विभिन्न वर्गों के लोग आते है। उन्होने कहा कि नौचंदी मेले का आयोजन भव्य होना चाहिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार, अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार, एसीएम महेश दीक्षित सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु नई दिल्ली, बुधवार, 14 फरवरी, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

## 'सरफिरा' में नजर आएंगे अक्षय कुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता अक्षय कुमार फिल्म 'सरफिरा' में काम करते नजर आएंगे। अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म सरफिरा दक्षिण भारतीय फिल्म सोरारई पोटरु का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में तमिल स्टारर सूर्या ने लीड रोल निभाया था। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'सरफिरा' का अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया है। अक्षय कुमार ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर 'सरफिरा' का वीडियो शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने रिलीज डेट की जानकारी देते हुए कैप्शन में लिखा, इतना बड़ा सपना देखों, वो तुम्हें पागल बुलाए! 'सरफिरा' सिनेमाघरों में 12 जुलाई, 2024 को रिलीज हो रही है।

# करीब 10 में से 1 महिला में लांग कोविड विकसित होने की संभावना

### लक्षणों में मामूली शारीरिक या मानसिक गतिविधि के बाद भी थकान महसूस होना शामिल

**न्यूयॉर्क,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। गर्भावस्था के दौरान कोविड-19 से संक्रमित लगभग 10 में से 1 महिला में लंबे समय तक कोविड के विकसित होने की संभावना होती है। एक शोध में यह खुलासा हुआ है। जबकि सामान्य वयस्क आबादी में कोविड के दीर्घकालिक (लंबे समय तक के) प्रभावों के बारे में शोध बढ़ रहा है। गर्भवती होने के दौरान जो महिलाएं कोविड से संक्रमित हो जाती हैं उन पर दीर्घकालिक प्रभावों पर बहुत कम शोध किया गया है। अमेरिका के साल्ट लेक सिटी में यूनिवर्सिटी ऑफ यूटा हेल्थ के शोधकर्ताओं ने 46 अमेरिकी राज्यों और वाशिंगटन डीसी की महिलाओं के एक समूह को फॉलो किया, जो गर्भवती होने के दौरान कोविड से संक्रमित हुईं थीं। शोधकर्ताओं ने शोध यह देखने के लिए कि क्या उनमें लंबे समय तक कोविड विकसित हुआ था और यदि हां, तो कौन से फैक्टर उन्हें अधिक जोखिम में डालते हैं।

उन्होंने पाया कि शुरुआती संक्रमण के छह महीने या उससे अधिक समय बाद मूल्यांकन करने पर 9.3 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं में लंबे समय तक रहने वाला कोविड विकसित हुआ। महिलाओं द्वारा बताए गए सबसे आम लक्षणों में मामूली शारीरिक या मानसिक गतिविधि के बाद भी थकान महसूस होना शामिल है।



टीम ने यह भी पाया कि गर्भवती महिलाएं जो मोटापे से ग्रस्त थीं या अवसाद या पुरानी चिंता से पीड़ित थीं उन सभी में लंबे समय तक रहने वाले कोविड के विकसित होने का अधिक खतरा था। जो महिलाएं कोविड से अधिक संक्रमित थीं, उन्हें गर्भवती होने के दौरान ऑक्सीजन की आवश्यकता थी, उनमें भी लंबे समय तक कोविड विकसित होने का खतरा अधिक था।

विश्वविद्यालय में मातृ-भ्रूण चिकित्सा उपविशेषज्ञ और प्रसूति एवं स्त्री रोग विज्ञान की एसोसिएट प्रोफेसर टोरी डी. मेट्ज़ ने कहा कि गर्भवती मरीजों की देखभाल करने वाले चिकित्सकों के लिए मुख्य बात यह है कि गर्भावस्था के दौरान कोविड से पीड़ित लगभग 10 में से 1 महिला में छह महीने बाद भी लगातार कोविड के लक्षण बने रहते हैं।

संक्रमण की तिमाही लंबे समय तक चलने वाले कोविड के विकास से जुड़ी नहीं थी, इसलिए इससे कोई फर्क नहीं पड़ता था कि गर्भावस्था के दौरान महिलाएं कब संक्रमित हुईं थीं।

टीम ने अपने निष्कर्षों की तुलना बड़े समूह के निष्कर्षों से की, जिसमें गैर-गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं। जिसमें पता चला कि गैर-गर्भवती महिलाओं की तुलना में गर्भवती महिलाओं में लंबे समय तक कोविड की दर कम दिखाई देती है।

मेट्ज ने कहा कि ऐसा कई कारणों से हो सकता है जिनकी भविष्य में जांच की जानी चाहिए।

टीम ने कहा कि एक महत्वपूर्ण अगला कदम उन गर्भवती महिलाओं के शिशुओं के परिणामों को देखना है, जिनमें लंबे समय तक कोविड विकसित हुआ था।

# मिर्गी पीड़ितों में से ज्यादातर महिलाएं बांझपन से ग्रस्त

**कोच्चि,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय मिर्गी दिवस पर, केरल में मिर्गी विशेषज्ञों ने कहा कि दुनिया भर में करीब पांच करोड़ मिर्गी से पीड़ित लोगों में से देश में ज्यादातर महिलाएं बांझपन की समस्या से ग्रस्त हैं। कोच्चि के अमृता अस्पताल के न्यूरोलॉजिस्ट ने बताया कि मिर्गी से पीड़ित व्यक्तियों के लिये बाजार में दवाएं उपलब्ध होने के बावजूद भी इस बीमारी से निजात पाने में असफल हैं। जनसांख्यिकीय को महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

कोच्चि के अमृता अस्पताल में मिर्गी रोग विशेषज्ञ और न्यूरोलॉजी के प्रोफेसर डॉ. सिबी गोपीनाथ ने कहा कि मिर्गी, एक तंत्रिका संबंधी विकार है जिसमें बार-बार दौरे पड़ते हैं, जो दुनिया भर में लगभग पांच करोड़ लोगों को प्रभावित करता है, जिनमें से एक महत्वपूर्ण हिस्सा भारत में रहता है, जहां इस बीमारी से करीब एक-दो करोड़ लोग प्रभावित हैं।

देश में मिर्गी से पीड़ित करीब 15 लाख महिलाओं की प्रजनन क्षमता क्षीण होती जा रही है। एंटीपीलेप्टिक जैसी तमाम दवाएं खाने की वजह से वे बच्चा पैदा करने में असमर्थ हैं और समस्याग्रस्त महिलाओं की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। मिर्गी से पीड़ित बच्चों को प्रशिक्षित बाल चिकित्सा न्यूरोलॉजिस्ट द्वारा मूल्यांकन की आवश्यकता होती है। इससे सटीक निदान पाने के लिए व्यापक न्यूरोलॉजिकल और इलेक्ट्रोएन्सेफलोग्राम (ईईजी) तथा मस्तिष्क स्कैन जैसे उन्नत न्यूरोइमेजिंग अध्ययनों पर निर्भर करता है।




मिर्गी से पीड़ित व्यक्तियों को समय से पहले मौत का खतरा बढ़ जाता है, क्योंकि संक्रमण, गिरने व मस्तिष्क पर जरूरत से ज्यादा जोर देना या आत्महत्या मौत के प्रमुख कारण हैं।

विशेषज्ञों ने कहा कि महिलाओं में मिर्गी का जल्द पता लगाकर समय पर उचित इलाज करवाना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, स्वास्थ्य देखभाल प्रथाओं को लागू करना, सावधानीपूर्वक प्रसव के लिए प्रबंधन और आवश्यक टीकाकरण प्रोटोकॉल मिर्गी से निजात पाने में कारगर हैं। ये उपाय मिर्गी से प्रभावित महिलाओं और बच्चों के समग्र कल्याण में वृद्धि करने में सहायक हैं।

उन्होंने बताया कि शहरी इलाकों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में मिर्गी से पीड़ित व्यक्तियों के उपचार में काफी अंतर मौजूद है, जिससे वहां के औसतन लोगों की अपनी उम्र से करीब 10-12 साल पहले ही मृत्यु हो जाती है। इसीलिये, विशेषज्ञ मिर्गी के उपचार के साथ-साथ जागरुकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हैं। उन्होंने सांस्कृतिक मान्यताओं, सामाजिक कलंक और अपर्याप्त स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचे से प्रभावित होकर मिर्गी से पीड़ित महिलाओं पर अपर्याप्त ध्यान दिए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की।

## इस वैलेंटाइन डे पर अमेजन डॉट इन के साथ करें प्यार का इज़हार

नई दिल्ली। वैलेंटाइन डे बस आने ही वाला है। ऐसे में आप अमेजन की नई और विश्वसनीय सर्विस की मदद से अपने सबसे पसंदीदा शख्स को प्रीमियम गुणवत्ता वाले ताजा फूलों के गुलदस्ते के साथ सरप्राइज कर सकते हैं। यह सेवा भारत के 46 प्रमुख शहरों में 3000 से अधिक पिन कोड पर उपलब्ध है। इस खास सर्विस के तहत ग्राहकों को 30 से अधिक किस्मों के खूबसूरत फूलों वाले 1200 गुलदस्तों के विशाल संग्रह में से अपने लिए सबसे बेहतरीन बुके को चुनने का विकल्प मिलेगा। इस नई सर्विस के साथ हमारा प्रयास है कि प्रत्येक ग्राहक को हर अवसर के लिए सबसे बेहतरीन व्यवस्था मिल सके। ग्राहक प्यार के इस मौसम का भरपूर आनंद उठा सकें, इसे सुनिश्चित करने के लिए अमेजन डॉट इन 60 प्रतिशत तक की छूट के साथ उसी दिन डिलीवरी का विकल्प प्रदान कर रहा है। यहां पर 3000 रुपये से अधिक के ऑर्डर पर ग्राहकों को चुनिंदा कार्ड पर नो कॉस्ट ईएमआई का फायदा मिलता है। इसके अलावा चुनिंदा डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर 10 प्रतिशत तक का इंस्टेंट डिस्काउंट भी मिल रहा है। अमेजन इंडिया के होम, किचन एवं आउटडोर के डायरेक्टर के.एन. श्रीकांत ने बेहतरीन ग्राहक अनुभव प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा, 'हम Amazon.in पर ताजे फूलों के गुलदस्तों को पेश करते हुए बेहद रोमांचित हैं। हमारी ये कोशिश ग्राहकों को अधिक उपहारों के विकल्पों के साथ एक सुविधाजनक और विश्वसनीय गंतव्य प्रदान करती है। यह सेवा 3000 पिन कोड पर उपलब्ध होगी और इन स्थानों पर ग्राहकों की विभिन्न जरूरतों और प्राथमिकताओं को पूरा करेगी। हमारे पास एक्सपर्ट फूल विक्रेता हैं जो इस मौके को यादगार पल बनाने के लिए बेहतरीन क्वालिटी के साथ खूबसूरत डिज़ाइन।

## निर्देशक नीरज पांडे की अगली फिल्म में अभिनय करेंगी सैयामी खेर

**मुंबई,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। अभिनेत्री सैयामी खेर निर्देशक नीरज पांडे की आगामी फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। यह प्रोजेक्ट एक महिला प्रधान विषय की खोज करने वाली एक लेखक-समर्थित भूमिका है, जो दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है। यह नेटफ्लिक्स ऑरिजिनल फिल्म है। 'घूमर' में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद नीरज पांडे ने सैयामी को महत्वपूर्ण भूमिका के लिए चुना। हिट सीरीज 'स्पेशल ऑप्स' में उनकी सफल साझेदारी ने आगामी सीजन में उनके एक साथ आने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, 'फिल्म



की शूटिंग 15 फरवरी से शुरू होगी, प्रोडक्शन टीम 30 दिनों के शूटिंग शेड्यूल के लिए तैयार है, जिससे फिल्म समय पर पूरी होगी।'

वे पूरी फिल्म को एक बार में शूट करने की योजना बना रहे हैं। कोई ब्रेक नहीं होगा। यह नेटफ्लिक्स की ऑरिजिनल फिल्म होगी। सैयामी ने 2015 में तेलुगु फिल्म 'रे' से डेब्यू किया और राकेश ओमप्रकाश मेहरा की पंजाबी लोकगीत मिर्जा-साहिबां पर आधारित हिंदी फिल्म 'मिर्ज्या' में नजर आईं। 2020 में वह मयंक शर्मा की वेब सीरीज 'ब्रीथ' में अभिषेक बच्चन के साथ नजर आईं। 2021 में उन्होंने एक्शन फिल्म 'वाइल्ड डॉग' में नागार्जुन के साथ काम किया। 2023 में सैयामी आर बाल्की की 'घूमर' में नजर आईं।

## एआई के मामले में भारत पूरे विश्व का कर रहा नेतृत्व

**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। एक गूगल रिपोर्ट मंगलवार को जारी की गई, जिसके मुताबिक, मौजूदा वक्त में एआई के मामले में भारत पूरे विश्व का नेतृत्व कर रहा है। वहीं, आगामी पांच सालों में 82 फीसद लोग इससे लाभान्वित होंगे। भारत में 70 फीसद लोगों का स्पष्ट कहना है कि उन्होंने एआई से होने वाले फायदे को व्यक्तिगत रूप से अनुभव किया है और वो सूचना को प्राप्त करने की दिशा में इसे एक सशक्त माध्यम के रूप में देखते हैं। गूगल इंडिया के कंट्री हेड और वाइस प्रेसिडेंट, संजय गुप्ता ने कहा कि भारत की डिजिटल सफलता - इसके संस्थानों, उद्यमों और इसके लोगों की तकनीकी अग्रता द्वारा संचालित - इसे एआई द्वारा दुनिया भर में सक्षम किए जा रहे विवर्तनिक बदलावों का लाभ उठाने में अग्रणी शुरुआत प्रदान करती है। गुप्ता ने कहा कि हम अपने भारत-प्रथम दृष्टिकोण के साथ इस अपार आत्मविश्वास को प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपने एआई नेतृत्व के प्रभाव को व्यापक बनाने के लिए सरकार और पारिस्थितिकी तंत्र के साथ अपनी साझेदारी को गहरा करते हुए यह सुनिश्चित करते हैं कि हर नया नवाचार व्यक्ति और देश की आकांक्षाओं को पूरा करता है।

जब एआई के साथ भविष्य के बारे में पूछा गया, तो सकारात्मक अल्पकालिक प्रभाव की उम्मीद करने वालों में से लगभग दोगुने लोगों ने संकेत दिया कि एआई अगले 25 वर्षों में विकास के पूरे स्पेक्ट्रम को संबोधित करेगा।

लगभग 20 प्रतिशत भारतीयों ने प्रतिस्पर्धा, नवाचार और विकास को प्रोत्साहित करके अर्थव्यवस्था के निर्माण को सरकार की सर्वोच्च एआई प्राथमिकता बताया।

इसके अलावा, भारतीयों ने महसूस किया कि एआई का अनुप्रयोग स्वास्थ्य, सुरक्षा और जलवायु में महत्वपूर्ण होगा, लेकिन व्यक्तिगत शिक्षा, बेहतर पहुंच और अंतरिक्ष अन्वेषण में भी उतना ही महत्वपूर्ण होगा। वैश्विक औसत 65 प्रतिशत से कहीं अधिक, 95 प्रतिशत भारतीयों ने अपने कार्यस्थलों में एआई के बारे में बात की। रिपोर्ट के अनुसार, जिन लोगों ने महसूस किया कि एआई अगले पांच वर्षों में नौकरियों और उद्योगों के लिए पारिस्थितिकी तंत्र-व्यापी परिवर्तन लाएगा।

## ब्लड कैंसर को मात देने वाले व्यक्ति के सफर से जुड़ी एक प्रेरणादायक पुस्तक का अनावरण

**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। ब्लड कैंसर को मात देने वाले व्यक्ति के सफर से जुड़ी एक प्रेरणादायक पुस्तक मनदीप मीट्स मनदीप का दिल्ली में अनावरण किया गया। इस अवसर पर बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री एवं लेखिका टिस्का चोपड़ा भी उपस्थित थीं। यह एक नॉन-फिक्शन किताब है जो मनदीप नाम के एक मरीज की असल ज़िंदगी की कहानी पर आधारित है। मनदीप ने ब्लड कैंसर के खिलाफ अपनी लड़ाई तब जीती, जब उनका हमनाम मनदीप स्टेम सेल ट्रांसप्लांट के लिए सबसे उपयुक्त डोनर बनकर सामने आया। मनदीप मीट्स मनदीप पुस्तक डॉ. सोना शर्मा द्वारा लिखी गई है, जो पेशे से एक चिकित्सक एवं लेखिका हैं। सच्ची घटनाओं पर आधारित यह पुस्तक दो ज़िंदगियों की एक अद्भुत कहानी बयां करती है, और किस्मत से एक-दूसरे से जुड़ने वाले दोनों लोगों का नाम




मनदीप है, जिनका एचएलए टाइप भी एक-दूसरे से मेल खाता है। ब्लड कैंसर को मात देने वाले 35 साल के मनदीप पंजाब के किसान हैं, जिन्हें 2009 में पता चला कि वे क्रोनिक माइलॉयड ल्यूकेमिया से पीड़ित हैं। उन्हें डीकेएमएस बीएमएसटी फाउंडेशन इंडिया की मदद से एक असंबंधित डोनर का पता लगाने में 3 साल से अधिक समय तक इंतज़ार करना पड़ा, और जनवरी 2020 में उनका स्टेम सेल ट्रांसप्लांट किया गया। डीकेएमएस बीएमएसटी फाउंडेशन इंडिया के सीईओ, पैट्रिक पॉल ने कहा कि जीवन बदलने वाला नाता जोड़ने में मदद करना ही डीकेएमएस बीएमएसटी के मिशन का सबसे अहम हिस्सा है।

टिस्का चोपड़ा ने कहा कि दिल को छू लेने वाली यह कहानी सचमुच बड़ी प्रेरणादायक है। भारत में अनगिनत ऐसे मरीज़ हैं, जो ज़िंदगी बचाने वाले स्टेम सेल ट्रांसप्लांट का इंतज़ार कर रहे हैं, इसके बावजूद रजिस्ट्रेशन कराने वाले डोनर्स की कमी एक बड़ी चुनौती है।

## एक निर्माता के रूप में आदित्य धर को मिली नई पहचान

**मुंबई,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। 'उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक' फेम आदित्य धर ने 'आर्टिकल 370' के साथ एक नए क्षेत्र में कदम रखा है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट ने उन्हें एक बेहतर इंसान बनने के साथ फिल्म निर्माता के रुप में भी आकार दिया है। उन्हें फिल्में बनाने की प्रक्रिया की गहरी समझ के साथ वो नजरिया मिला जो अक्सर निर्देशक के लेंस से नहीं दिखाई देता।

यामी गौतम और प्रियामणि अभिनीत राजनीतिक ड्रामा में जम्मू और कश्मीर से हटाए गए 'अनुच्छेद-370' की कहानी को दिखाया गया है। एक निर्देशक और निर्माता होने के बीच के अंतर के बारे में बात करते हुए धर ने कहा कि मेरा मानना है कि जब आप एक निर्देशक होते हैं, तो आप हमेशा अपनी टीम से विचारों और सुझावों की तलाश में रहते हैं। एक महान निर्देशक वह होता



है, जिसके पास एक महान टीम होती है।

उन्होंने कहा कि एक निर्माता के रूप में मैं उन लोगों में से एक हूं, जो सुझाव देने वाली टीम का हिस्सा हैं। मैं उन सुझावों की तलाश नहीं कर रहा हूं, बल्कि उन्हें दे रहा हूं। यह आपकी भूमिका को बदल देता है, आप यह भी समझें कि आप अपने निर्देशक के लिए चीजों को कैसे आसान बना सकते हैं। निर्माता के रूप में मेरा यही एक मुख्य उद्देश्य था।

इस विषय पर विस्तार से बताते हुए धर ने कहा कि एक निर्देशक के रूप में आप मार्गदर्शन चाहते हैं, मगर एक निर्माता के रूप में आप मार्गदर्शन करते हैं। यह सब आपकी टीम को सर्वश्रेष्ठ देने के बारे में है। आपके पास उनका समर्थन है। अंतर यह है कि एक निर्देशक प्रोजेक्ट को चलाता है, लेकिन एक निर्माता इसका समर्थन करता है।

आर्टिकल 370 का ट्रेलर इस बात की झलक पेश करता है कि कैसे इसे हटाया गया, इसे एक खुफिया अधिकारी और एक पीएमओ अधिकारी के कार्यों के माध्यम से देखा जा सकता है।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता आदित्य सुहास जंभाले द्वारा निर्देशित और ज्योति देशपांडे, आदित्य धर और लोकेश धर द्वारा निर्मित, यह फिल्म 23 फरवरी को रिलीज होने वाली है।

## मल्लिका, आंचल, करम और अंकुर ने बताई वेलेंटाइन डे की प्लानिंग



**मुंबई**, 13 फरवरी (एजेंसियां)। मल्लिका सिंह, करम राजपाल, अंकुर वर्मा और आंचल साहू ने वेलेंटाइन डे से एक दिन पहले इस खास दिन को लेकर अपनी राय रखी है। साथ ही वह इस दिन क्या करने वाले हैं इसको लेकर खुलकर बात की।

'प्रचंड अशोक' में राजकुमारी कौरवकी की भूमिका निभाने वाली मल्लिका ने कहा कि कौरवकी के चरित्र से, मैंने किसी भी चुनौती पर विजय पाने के लिए प्यार की ताकत और जुनून सीखा है।

अभिनेत्री खुद को भाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें एक ऐतिहासिक किरदार निभाने का मौका मिला, जिसका प्यार दुनिया को बदलने का एक शानदार उदाहरण पेश करता है।

'कयामत से कयामत तक' में करम ने रजनीश का किरदार निभाया है। खुद को पुराने जमाने का रोमांटिक बताते हुए, करम ने कहा कि मैं महंगे उपहारों के बदले ईमानदारी, सम्मान और बलिदान को महत्व देता हूं। ऐसी दुनिया में जहां लोग भूल रहे हैं कि वास्तव में प्यार क्या होता है, मैं हर किसी को यह याद दिलाना चाहता हूं। अभिनेता ने कहा कि वैलेंटाइन डे मेरे लिए विशेष लोगों के प्रति अपना प्यार जताने का मौका है। हमें हर दिन प्यार का जश्न मनाना चाहिए, केवल 14 फरवरी तक यह सीमित नहीं रहना चाहिए। प्यार, आखिरकार, जीवन का सार है, और यह दिन इसे संजोने का काम करता है।

परिणीति में राजीव की भूमिका निभा रहे अंकुर ने कहा कि वेलेंटाइन डे प्यार का एक खूबसूरत दिन है, और इसे उन लोगों के साथ मनाने का इससे बेहतर तरीका कोई नहीं है जो हमारे दिलों को खुशी से भर देते हैं। मैं वास्तव में इसे मनाने के लिए उत्साहित हूं।

उन्होंने आगे कहा कि इसके अलावा शो के लिए हम राजीव और परिणीत की शादी के जश्न को फिल्मा रहे हैं, जिससे इसका मजा दोगुना हो जाएगा।

शो 'परिणीति' में परिणीत का किरदार निभाने वाली आंचल ने कहा कि मेरे आस-पास के लोगों को इस दिन को मनाते हुए देखना मुझे अच्छा लगता है। यह प्रेम की शक्ति का जश्न मनाने का एक और मौका है। मेरे लिए मेरा परिवार ही सब कुछ है। वे हमेशा मेरे लिए मौजूद रहे हैं, चाहे कुछ भी हो, मुझसे प्यार करते हैं। तो यह दिन उनके बारे में है। आंचल ने कहा कि वे मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं, और मैं हर दिन उनके प्यार और समर्थन के लिए आभारी हूं। परिणीति के दर्शक भी अब इस परिवार का हिस्सा बन गए हैं और मैं उन्हें इसके लिए धन्यवाद देती हूं। यह शो कलर्स पर प्रसारित होता है।

### पिछले साल स्नो इग्लू और बर्फ के ताजमहल ने खींचा था पर्यटकों का ध्यान

# अबकी बार कम बर्फ के बावजूद कश्मीर में आकर्षण का केंद्र है बर्फ की घोड़ागाड़ी

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। माना कि इस बार कश्मीर में देर से और कम बर्फबारी हुई है पर स्नो आर्ट की ललक कम नहीं हुई है। यही कारण था कि मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सोनमर्ग में घोड़ागाड़ी की बर्फ से बनी मूर्ति पर्यटकों के लिए नवीनतम आकर्षण बन गई है। हालांकि पिछले साल स्नो इग्लू, बर्फ का होटल और बर्फ का ताजमहल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना था।

सोनमर्ग, जिसे सर्दियों के मौसम के लिए खुला रखा गया था, बर्फ प्रेमियों के लिए पहले से ही कश्मीर में पर्यटन स्थलों की शीर्ष सूची में है, और बर्फ से ढके पहाड़ों और ग्लेशियरों का अनुभव करने के लिए भारी भीड़ देखी गई है।




और अब 'स्नो आर्ट' तेजी से आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है क्योंकि सोनमर्ग आने वाले स्थानीय लोग और पर्यटक सेल्फी लेने के लिए दौड़ रहे हैं और कलाकार की सराहना कर रहे हैं। यह नया आकर्षण उन आगंतुकों के बीच लोकप्रिय हो गया है जो अब सोनमर्ग में पहली बार ऐसी कला का अनुभव कर रहे हैं।

**बर्फ प्रेमियों के लिए पहले से ही कश्मीर में पर्यटन स्थलों की शीर्ष सूची में**

इससे पहले विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गुलमर्ग में स्नो इग्लू कैफे पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बन गया था। कम से कम 5 साल से पर्यटन क्षेत्र में काम कर रहे स्थानीय निवासी शमीम अहमद ने बताया कि यहां पहली बार ऐसा कुछ बनाया गया है। वे कहते थे कि यह सोनमर्ग में पर्यटकों को आकर्षित करेगा। बर्फ से बनी घोड़ागाड़ी की मूर्ति को देखकर पर्यटक रोमांचित और उत्साहित हो रहे हैं। एक पर्यटक, जो मूर्तिकला की सुंदरता से मंत्रमुग्ध था, ने लोगों से आने और सोनमर्ग की प्राकृतिक सुंदरता को देखने का आग्रह किया। राजस्थान से आने वाले महेश कहते थे कि मैं लोगों से आग्रह करता हूं कि वे आएं और इस जगह की भव्यता और सुंदरता का अनुभव करें। लोगों ने यहां अविश्वसनीय कला का प्रदर्शन करने के लिए समय निकाला है। आप इससे मंत्रमुग्ध हो जाएंगे। हालांकि एक अधिकारी कस दावा था कि बर्फ की मूर्ति बनाने का यह विचार सोनमर्ग विकास प्राधिकरण के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी इलियास अहमद के दिमाग की उपज थी।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एसबीआई | 3.55 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 2.31 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 2.14 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.39 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.17 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.40 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.88 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.84 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.67 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 1.39 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3590-3690 |
| चीनी एम | 4150-4250 |
| मिल डिलीवरी | 3470-3570 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5500-5600 |
| दाल चना | 6500-6600 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10000-10100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 12500-12600 |

## भारतीय घरेलू एयरलाइन उद्योग वित्त वर्ष 2024 में 20 प्रतिशत से अधिक परिचालन लाभ करेगा अर्जित : क्रिसिल रेटिंग्स

**चेन्नई,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स लिमिटेड ने कहा कि वित्त वर्ष 2024 में परिचालन लाभ लगभग तीन गुना होने के बाद, घरेलू एयरलाइन उद्योग का परिचालन लाभ अगले वित्त वर्ष में 20 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा, घरेलू एयरलाइन उद्योग का परिचालन लाभ अगले वित्त वर्ष में 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ जाएगा। इस वित्तीय वर्ष में लगभग तीन गुना होने के बाद, यात्री यातायात में मजबूत सुधार, यात्रियों के लिए अस्थिर ईंधन की कीमतों को पारित करने की क्षमता और विदेशी मुद्रा में उतार-चढ़ाव में कमी आई है। यह उनके क्रेडिट मेट्रिक्स का समर्थन करेगा, बावजूद इसके कि इस और अगले वित्तीय वर्ष में बेड़े में बढ़ोतरी के लिए ऋण में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। तीन एयरलाइनों का विश्लेषण, जो भारत के हवाई यातायात का दो-तिहाई हिस्सा है, इतना ही संकेत देता है। व्यापार और अवकाश यात्रा में बढ़ोतरी के साथ, इस वित्तीय वर्ष में यात्री यातायात 18-20 प्रतिशत बढ़ जाना चाहिए, जो पूर्व-महामारी के स्तर को आराम से पार कर जाएगा।

आर्थिक वृद्धि को देखते हुए अगले वित्त वर्ष में भी इस प्रक्षेपवक्र के बरकरार रहने की उम्मीद है। यात्री यातायात में वृद्धि ने एयरलाइनों की ईंधन लागत (कुल लागत का 40-50 प्रतिशत) को यात्रियों पर डालने की क्षमता को मजबूत किया है। क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि यह सकल मार्जिन में परिलक्षित होता है, जो पिछले तीन वित्तीय वर्षों में ईंधन की कीमतें दोगुनी से अधिक होने के बावजूद स्थिर रहा। लाभप्रदता में सुधार का समर्थन करने वाला एक अन्य कारक पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में कम विदेशी मुद्रा (विदेशी मुद्रा) घाटा है, जो अपेक्षाकृत स्थिर विनिमय दर से प्रेरित है।



- परिचालन लाभ अगले वित्त वर्ष में 20 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा
- तीन एयरलाइनों का विश्लेषण, जो भारत के हवाई यातायात का दो-तिहाई हिस्सा है

विदेशी मुद्रा की अस्थिरता एयरलाइनों की लाभप्रदता को प्रभावित करती है, क्योंकि उनके कुल ऋण का दो-तिहाई (पट्टा देनदारियों सहित) और उनकी कुल लागत का लगभग एक तिहाई विदेशी मुद्रा में अंकित होता है। अगले वित्तीय वर्ष में, परिचालन लाभ वृद्धि इस वित्तीय वर्ष में अनुमानित 18,000-20,000 करोड़ रुपये से 20 प्रतिशत के आसपास रहने की उम्मीद है, यहां तक कि कुछ इंजन प्रकारों में तकनीकी समस्याएं कुछ विमानों को रोक सकती हैं और परिचालन बेड़े में वृद्धि को सीमित कर सकती हैं। वरिष्ठ निदेशक मोहित मखीजा ने कहा, यात्री यातायात वृद्धि को प्रोत्साहन अगले वित्तीय वर्ष में जारी रहना चाहिए, हालांकि परिचालन लाभ में वृद्धि इस वित्तीय वर्ष के उच्च आधार को देखते हुए सामान्य हो जाएगी। कैलकुलस अगले वित्तीय वर्ष में स्थिर विदेशी मुद्रा आंदोलन मानता है, जिस तरह से यह इस वित्तीय वर्ष में रहा है।

अनुकूल कारकों और स्वस्थ लाभ क्षमता का अभिसरण, बेड़े में वृद्धि का मामला प्रस्तुत करता है। घरेलू एयरलाइंस ने पिछले कुछ वर्षों में बड़े पैमाने पर खरीद ऑर्डर दिए हैं। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ने कहा, हमारे नमूना सेट में एयरलाइंस द्वारा शुद्ध बेड़े में वृद्धि इस वित्तीय वर्ष में 80-85 होने की संभावना है और अगले वित्तीय वर्ष में भी इसी स्तर पर रह सकती है। इन बेड़े परिवर्धन के लिए पूंजीगत परिव्यय का लगभग दो-तिहाई हिस्सा ऋण (पट्टा देनदारियों सहित) के माध्यम से और शेष आंतरिक संचय और इक्विटी निवेश के माध्यम से वित्त पोषित किया जाएगा।

एसोसिएट डायरेक्टर स्नेहिल शुक्ला के अनुसार, जबकि शुद्ध ऋण (लीज देनदारियों सहित) अगले वित्त वर्ष 2023 के अंत तक दोगुना होकर लगभग 1 लाख करोड़ रुपये हो जाएगा, मजबूत परिचालन प्रदर्शन और इक्विटी निवेश द्वारा समर्थित क्रेडिट मेट्रिक्स मजबूत होंगे। क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि ऐसा कहा जा रहा है कि, समय पर इक्विटी निवेश, तकनीकी मुद्दों के कारण उम्मीद से कम परिचालन वाले बेड़े और विनिमय दर में किसी भी प्रतिकूल उतार-चढ़ाव पर नजर रखी जा सकेगी।

## एडटेक यूनिकॉर्न फिजिक्सवाला का मुनाफा 91 फीसदी घटकर 9 करोड़ रुपए हुआ

**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। एडटेक यूनिकॉर्न फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) ने 31 मार्च, 2023 के वित्तीय वर्ष में अपने लाभ में 91 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की। प्रमुख स्टार्टअप समाचार पोर्टल (आईएसी42) की एक रिपोर्ट के अनुसार, अपने खर्चों में वृद्धि के कारण अलख पांडे के नेतृत्व वाली कंपनी का शुद्ध लाभ वित्तीय वर्ष 2022-23 ( वित्तीय वर्ष 23) में घटकर 8.9 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 22 में 98.2 करोड़ रुपए था। फिज़िक्सवाला का परिचालन राजस्व वित्त वर्ष 2013 में 234 प्रतिशत बढ़कर 779.3 करोड़ रुपए हो गया, जो वित्त वर्ष 2012 में 233 करोड़ रुपए था।




वित्त वर्ष 2013 में स्टार्टअप का कुल राजस्व 804.6 करोड़ रुपए था, जो वित्त वर्ष 2012 में 234.6 करोड़ रुपए से 243 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी का कुल व्यय वित्त वर्ष 2013 में 671 प्रतिशत की भारी वृद्धि के साथ 794.5 करोड़ रुपए हो गया, जो वित्त वर्ष 2012 में 103.1 करोड़ रुपए था। पीडब्ल्यू ने वित्त वर्ष 2023 में कर्मचारी लाभ पर 413.8 करोड़ रुपए खर्च किए, जो पिछले वित्तीय वर्ष के 42.3 करोड़ रुपए से 878 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी है। एडटेक यूनिकॉर्न पिछले कुछ वर्षों में आक्रामक रूप से अपनी पेशकशों का विस्तार कर रहा है। पिछले साल नवंबर में पीडब्ल्यू ने 70 से 120 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था। कंपनी में पहली बार नौकरी में कटौती हुई थी, जो 2022 में वेस्टब्रिज कैपिटल और जीएसवी वेंचर्स से 100 मिलियन डॉलर के राउंड के साथ यूनिकॉर्न बन गई थी।

## बीएसएल ई सर्विसेज का मुनाफा 7.95 करोड़

**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। बीएलएस ई सर्विसेज लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 7.95 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 12.06 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि दिसंबर 2023 को समाप्त इस तिमाही में उसका परिचालन राजस्व 71.65 करोड़ रुपए रहा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह राशि 69.07 करोड़ रुपए रहा था। इस तरह से इसमें 3.74 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस प्रदर्शन पर कंपनी के अध्यक्ष शिखर अग्रवाल ने कहा कि 'हम आईपीओ के जरिए एनएसई और बीएसई पर बीएलएस ई-सर्विसेज लिमिटेड के शेयरों की सफल लिस्टिंग की घोषणा करके उत?साहित हैं। यह ई-गवर्नेंस, बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट और असिस्टेड ई-सर्विसेज सेक्टर में टेक्निकल और सेवा उत्कृष्टता की दिशा में हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस आईपीओ ने ऑर्गेनिक और इनऑर्गेनिक दोनों विकास अवसरों के लिए निर्धारित 310 करोड़ रुपये सफलतापूर्वक जुटाए हैं। ये हमारे दृष्टिकोण और हमारी मजबूत विकास रणनीति में निवेशकों के विश्वास को उजागर करता है।

## एसीसी निर्माण के लिए पीएलआई के लिए निविदा पूर्व बैठक

**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) ने 10 गीगावॉट पीएलआई एसीसी संचयी क्षमता के उद्देश्य से उन्नत रसायन कोशिकाओं (एसीसी) के लिए उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अंतर्गत निविदा से पूर्व बोली के लिए सफलतापूर्वक बैठक बुलाकर दूसरे दौर की नींव रखी है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार कल आयोजित इस बैठक में नीति आयोग, विद्युत मंत्रालय, एमएनआरई और उद्योग संघ आईईएसए सहित उद्योग हितधारकों और सरकारी संगठनों की भागीदारी देखी गई, जो एसीसी विनिर्माण में भारत की क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

निविदा के लिए बोली से पूर्व बैठक आगामी वैश्विक निविदा की तैयारी के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें गीगा-स्केल एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (एसीसी) विनिर्माण सुविधाओं की स्थापना के लिए बोली मांगी गई थी, जो संचयी रूप से 10 गीगावॉट क्षमता की थी। महत्वाकांक्षी पीएलआई एसीसी योजना के तहत, भारत सरकार का लक्ष्य नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, देश के भीतर किसी भी विशेष प्रौद्योगिकी के विनिर्माण को निष्पक्ष होकर बढ़ावा देना है।

मंत्रालय ने 10 गीगावॉट एसीसी क्षमता के लिए वैश्विक निविदा के दायरे और उद्देश्यों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। तकनीकी विशिष्टताओं, पात्रता मानदंड और मूल्यांकन प्रक्रिया पर और स्पष्टीकरण प्रदान किए गए। यह भी बताया गया कि बोलीदाताओं से प्रश्न प्राप्त करने की अंतिम तिथि 4 मार्च, 2024 है।

इस अवसर पर, केन्द्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेन्द्र नाथ पांडे ने इस आयोजन को निविदा प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने टिकाऊ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में विश्व स्तर पर भारत की अग्रणी स्थिति को आगे बढ़ाने में पीएलआई एसीसी योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्रांति में भाग लेने के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हितधारकों के लिए एक अनुकूल वातावरण की सुविधा प्रदान करने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता पर जोर दिया। निविदा दस्तावेज 24 जनवरी, 2024 से उपलब्ध हैं और बोली लगाने की तारीख 22 अप्रैल, 2024 है। बोलियाँ 23 अप्रैल, 2024 को खोली जाएंगी। बोली प्रक्रिया सीपीपी पोर्टल के माध्यम से गुणवत्ता और लागत आधारित चयन (क्यूसीबीएस) ढांचे के तहत ऑनलाइन पारदर्शी दो-चरण की प्रक्रिया का पालन करेगी। इस प्रकार का रास?ता अपनाने से बोली लगाने वालों के चयन में निष्पक्षता, पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित होगी, जिससे भारत के एसीसी विनिर्माण परिदृश्य में योगदान करने के लिए सर्वश्रेष्ठ वैश्विक प्रतिभा आकर्षित होगी।

### सार संक्षेप

#### कर्नाटक में 5,500 करोड़ रुपए का इलेक्ट्रिक स्टील प्लांट स्थापित करने को जेएसडब्ल्यू का जापान की जेएफई स्टील के साथ समझौता

**मुंबई।** अरबपति सज्जन जिंदल की अगुवाई वाली जेएसडब्ल्यू स्टील ने भारत में ग्रेन ओरिएंटेड विद्युत स्टील के निर्माण के लिए एक संयंत्र स्थापित करने के लिए 5500 करोड़ रुपए का निवेश करने के लिए जापान के जेएफई स्टील कॉर्पोरेशन के साथ एक समझौता किया है। जेएसडब्ल्यू ने एक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी। कर्नाटक में बनने वाली इस फैक्ट्री में वित्तीय वर्ष 2026-2027 में उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि ग्रेन ओरिएंटेड इलेक्ट्रिक स्टील एक उच्च गुणवत्ता वाला उत्पाद है, जिसमें चुंबकीय गुण होते हैं, और इसका उपयोग बिजली के उपकरण बनाने के लिए किया जाता है। 'यह सहयोग एक मील का पत्थर है, क्योंकि यह भारत में ग्रेन ओरिएंटेड विद्युत स्टील उत्पादों का एंड-टू-एंड विनिर्माण करने वाली पहली कंपनी होगी। जेएसडब्ल्यू ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, जेवी कंपनी ग्रेन ओरिएंटेड विद्युत स्टील की बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने और देश की ऊर्जा बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण योगदान देने की इच्छा रखती है।

#### नॉर्डेन कम्युनिकेशन ने सी-डैक के साथ किया समझौता

**नई दिल्ली।** नॉर्डेन कम्युनिकेशन ने एआई-बेस्ड जनरल पर्पस थर्मल कैमरे विकसित करने के लिए सेंटर फॉर डेवलपमेंट एंड एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) के साथ समझौता किया है। सी-डैक इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत एक अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) संगठन है। नॉर्डेन कम्युनिकेशन ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि कंपनी ने 'सामान्य प्रयोजन थर्मल कैमरा' (जनरल पर्पस थर्मल कैमरे) के डेवलपमेंट के लिए टेक्नोलॉजी ट्रांसफर (टीओटी) पर आधारित एक विशेष साझेदारी की है। नॉर्डेन कम्युनिकेशन के भारत और सार्क के निदेशक प्रशांत ओबेरॉय ने कहा, 'यह सहयोग निगरानी प्रौद्योगिकी में आगे बढ़ने का एक अवसर है और 'मेक इन इंडिया' पहल के एक हिस्से के रूप में राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट समर्पण को दर्शाता है।' नॉर्डेन एक्स्ट्रा-लो वोल्टेज (ईएलवी) समाधानों के निर्माण और वितरण में माहिर है। कंपनी निगरानी प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सी-डैक के विजन के साथ संरेखित है। टीओटी भागीदार के रूप में नॉर्डेन नेशनल हाईवे, रक्षा और तेल एवं गैस सेक्टर में सामान्य प्रयोजन थर्मल कैमरे के उत्पादन, विपणन, बिक्री और लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस समझौते के तहत इस सेक्टर में करीब 30 फीसदी उत्पादन की उम्मीद है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा संचालित सामान्य प्रयोजन थर्मल कैमरा, औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए तैयार किया गया एक स्मार्ट कैमरा है। यह खराब मौसम में डेटा सटीकता सुनिश्चित करता है, जिससे यह नेशनल हाईवे, सीमा क्षेत्रों, जंगलों, सोलर फार्म्स और अन्य जैसे विभिन्न सेक्टरों के लिए एक बहुमुखी समाधान बन जाता है।

# शेयर बाजार में तेजी

**मुंबई,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका में महंगाई आंकड़े जारी होने से पहले विश्व बाजार के मिलेजुले रूख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, वित्तीय सेवाएं, बैंकिंग और सेवाएं समेत सत्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 482.70 अंक अर्थात 0.68 प्रतिशत की छलांग लगाकर 71,555.19 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 127.20 अंक यानी 0.59 प्रतिशत चढ़कर 21,743.25 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.61 प्रतिशत मजबूत होकर 38,765.87 अंक और स्मॉलकैप 0.18 प्रतिशत चढ़कर 44,284.48 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3942 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1716 में तेजी जबकि 2136 में गिरावट रही वहीं 90 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी की 39 कंपनियां हरे जबकि 11 लाल निशान पर बंद रही। बीएसई के 17 समूहों में लिवाली हुई। इससे सीडी 0.27, ऊर्जा 1.03, एफएमसीजी 0.14, वित्तीय सेवाएं 1.23, हेल्थकेयर 0.74, इंडस्ट्रियल्स 0.28, आईटी 0.38, दूरसंचार 0.08, यूटिलिटीज 0.28, ऑटो 0.27, बैंकिंग 1.44, कैपिटल गुड्स 0.38, कंज्यूमर डयूरेबल्स 0.38, तेल एवं गैस 0.26, पावर 0.23, टेक 0.40 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.45 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.07, जर्मनी का डैक्स 0.66 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.83 प्रतिशत गिर गया। वहीं, जापान का निक्केई 2.89 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.28 प्रतिशत चढ़ गया।




शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 220 अंक की तेजी के साथ 71,292.08 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 70,924.30 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर बाद यह 71,662.74 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 71,072.49 अंक के मुकाबले 0.68 प्रतिशत मजबूत होकर 71,555.19 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी 48 अंक बढ़कर 21,664.30 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,543.35 अंक के निचले जबकि 21,766.80 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,616.05 अंक की तुलना में 0.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,743.25 अंक हो गया।

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक 2.46, एक्सिस बैंक 2.30, विप्रो 2.14, एनटीपीसी 1.85, कोटक बैंक 1.58, टेक महिंद्रा 1.11, रिलायंस 0.90, मारुति 0.77, एसबीआई 0.73, टीसीएस 0.73, एलटी 0.62, टाटा स्टील 0.36, इंफ़ोसिस 0.29, एचडीएफसी बैंक 0.25, भारती एयरटेल 0.15 और नेस्ले इंडिया 0.03 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, अल्ट्रासिमको 1.03, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.85, टाइटन 0.60, टाटा मोटर्स 0.48 और आईटीसी के शेयर 0.06 प्रतिशत गिर गए।

## भारत में लगभग 30 करोड़ रुपए मूल्य के नकली एचपी उत्पाद जब्त किए गए

**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। नवंबर 2022 और अक्टूबर 2023 के बीच 30 करोड़ मूल्य के एचपी के नकली उत्पाद जैसे टोनर और स्याही कार्ट्रिज बरामद किया गया। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट से इसकी पुष्टि हुई। एचपी एंटी-जालसाज़ी और धोखाधड़ी (एसीएफ) रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने एचपी की जालसाजी विरोधी पहल के समर्थन से लगभग 4.4 लाख अवैध वस्तुओं को बाजार से सफलतापूर्वक हटा दिया है। इस तरह की अधिकांश कार्रवाई मुंबई में हुई, जहां तकरीबन 1 लाख के अवैध सामान जब्त किए गए। एसपी इंडिया के प्रिंटिंग सिस्टम के वरिष्ठ निदेशक सुनील राघवन ने कहा, 'यह पहल सुनिश्चित करती है कि व्यक्तियों को प्रामाणिक एचपी उत्पाद प्राप्त हों, गुणवत्ता मानकों को कायम रखा जाए और उपभोक्ता हितों की रक्षा की जाए।' मुंबई में अधिकारियों ने पिछले साल फरवरी में लक्षित प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए एचपी प्रिंटर के लिए नकली कार्ट्रिज बनाने और उन्हें ऑनलाइन बेचने की योजना को रोक दिया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने नकली कार्ट्रिज और घटकों सहित लगभग 25,000 अवैध वस्तुएं जब्त की। पिछले साल मार्च में दिल्ली और मुंबई इलाकों में अधिकारियों ने एचपी प्रिंटर के लिए नकली प्रिंटिंग सप्लाई बनाने वाले दो बड़े ऑपरेशनों को विफल कर दिया था। अधिकारियों ने दो छापों में लगभग 14,000 अवैध वस्तुएं जब्त की। रिपोर्ट के मुताबिक, इसके अलावा अप्रैल से अक्टूबर 2023 तक अधिकारियों ने दिल्ली, मुंबई और कोलकाता के बाजार से लगभग 82,000 अवैध वस्तुएं जब्त की। एचपी ने नवंबर 2022 से अक्टूबर 2023 तक भारत में लगभग 300 ग्राहक डिलीवरी निरीक्षण किए।




# जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 19 रिंगिट गिरकर 3901 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.62 सेंट की तेजी लेकर 47.52 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में टिकाव रहा।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## भारत में फ्रेशर्स को नौकरी देने का इरादा 6 फीसदी बढ़ा, ई-कॉम और टेक स्टार्टअप आगे

**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। भारत में फ्रेशर्स को नौकरी देने का इरादा 2024 की पहली छमाही (जनवरी-जून 2024) में बढ़कर 68 प्रतिशत हो गया है। यह 2013 की पहली छमाही से छह प्रतिशत ज्यादा है, जिसमें ई-कॉमर्स और टेक स्टार्टअप आगे हैं। इसका खुलासा मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में हुआ है। शिक्षण और रोजगार समाधान प्रदाता टीमलीज एडटेक के अनुसार, नौकरी चाहने वालों की सभी श्रेणियों के लिए समग्र भर्ती की मंशा मामूली रूप से बढ़कर 79.3 प्रतिशत हो गई है, जो नए लोगों के लिए आने वाले महीनों में पॉजिटिव जॉब मार्केट का संकेत देती है। नए लोगों के लिए सबसे ज्यादा नियुक्ति की मंशा वाले टॉप तीन उद्योग ई-कॉमर्स और प्रौद्योगिकी स्टार्टअप (55 प्रतिशत), इंजीनियरिंग और बुनियादी ढांचा (53 प्रतिशत) और दूरसंचार (50 प्रतिशत) हैं।

टीमलीज एडटेक के संस्थापक और सीईओ शांतनु रूज ने कहा, 'हमारा हालिया सर्वे भारत की विकास कहानी में नियोक्ताओं के भरोसे को दर्शाता है। संगठन अपने भविष्य के पथ के बारे में अधिक आश्वस्त हैं, जो नई प्रतिभाओं को भर्ती करने और अपने प्रतिभा पूल को मजबूत करने के उनके उच्च आत्मविश्वास को दर्शाता है।' रिपोर्ट के अनुसार, नए लोगों के लिए ग्राफिक डिजाइनर, लीगल एसोसिएट, केमिकल इंजीनियर और डिजिटल मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव जैसी भूमिकाओं की इंडस्ट्री में काफी मांग है। रिपोर्ट में फ्रेशर्स के नौकरी परिदृश्य पर जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रभाव पर भी गहराई से चर्चा की गई है। सॉफ्टवेयर डेवलपर्स, टेक्निकल राइटर्स, कानूनी सहायक, बाजार अनुसंधान विश्लेषक और ग्राफिक डिजाइनर जैसी भूमिकाओं में बदलाव की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, नए लोगों को प्रासंगिक बने रहने और इसकी क्षमता का दोहन करने के लिए सक्रिय रूप से अपने कौशल को उन्नत करने और जेनरेटिव एआई के साथ काम करने के लिए तैयार रहने की जरूरत है।




टीमलीज एडटेक के एम्प्लॉयबिलिटी बिजनेस के प्रमुख और सीओओ जयदीप केवलरमानी ने कहा, 'वर्कफ़्लो को बदलने के लिए जेनरेटिव एआई ऑटोमेशन के साथ, फ्रेशर्स को एआई सिस्टम के साथ प्रभावी ढंग से सहयोग करने के लिए तैयार रहने की जरूरत है।' शहरों में, बेंगलुरु 69 प्रतिशत नियुक्ति के इरादे के साथ सबसे आगे है। इसके बाद मुंबई 58 प्रतिशत और चेन्नई 51 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। दिल्ली में यह 45 प्रतिशत है, जो 2023 के दूसरे हाफ से 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी है।

# खेल जगत

## मुझे पूरा यकीन है, कमिंस आईपीएल 2024 में हैदराबाद का नेतृत्व करेंगे: गावस्कर

**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) का नेतृत्व करने के लिए पैट कमिंस का समर्थन किया है। सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले साल दिसंबर में नीलामी में पैट कमिंस को 20.50 करोड़ रुपये में खरीदा था। ट्रैविस हेड (6.80 करोड़ रुपये) नीलामी में उनकी दूसरी महंगी खरीद थे। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर बोलते हुए, कमिंस के नेतृत्व गुणों और हरफनमौला कौशल को टीम की सफलता के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए इस कदम को हैदराबाद के लिए गेम-चेंजर बताया। गावस्कर ने कहा, 'मुझे लगता है कि पैट कमिंस एक स्मार्ट खरीदारी थी, शायद थोड़ी अधिक महंगी। स्मार्ट खरीदारी क्योंकि वह उनकी टीम में नेतृत्व का पहलू लाएंगे, जिसकी पिछली बार टीम में कमी थी। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, 'पिछली बार गेंदबाजी में कुछ बदलाव जो हमने महत्वपूर्ण मैचों में देखे थे, जिससे टीम को मैच गंवाना पड़ा।



## भारतीय महिला हॉकी टीम के पास है नीदरलैंड से हिसाब चुकाने का मौका



■ कप्तान सविता बोली, और सधा प्रदर्शन कर जरूर मैच जीत सकते हैं

**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (देशबन्धु)। मेजबान भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 में भुवनेश्वर चरण में एक में मात्र मैच अमेरिका के खिलाफ 3-1 से जीतने के बाद राउरकेला चरण में भी आगाज बढ़त लेने के बाद चीन से 1-2 से हार से किया। भारत की महिला टीम भुवनेश्वर में भी पहले मैच में चीन से 1-2 से हार गई थी। भारतीय महिला हॉकी टीम को साथ ही भुवनेश्वर में नीदरलैंड चरण से 1-3 और ऑस्ट्रेलिया से 0-3 से हार झेलनी पड़ी थी। भारतीय महिला हॉकी टीम के मजबूत नीदरलैंड से राउरकेला में बुधवार को दूसरे चरण में हार का हिसाब चुकाने का मौका होगा।

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान गोलरक्षक सविता ने नीदरलैंड के खिलाफ मैच की पूर्वसंध्या पर कहा हम एफआईए प्रो लीग के मौजूदा चरण में अपने मनमाफिक नतीजे नहीं मिले हैं लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी टीम में अच्छा प्रदर्शन कर कुछ अंक हासिल करने का मौका है। हमारी टीम टुकड़ों टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन कर पा रही है। हमारी टीम यदि और सधा हुआ प्रदर्शन करे तो हम जरूर और मैच जीत सकते हैं। दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड बेशक भारतीय टीम पर भारी पड़ी है लेकिन भारतीय टीम ने यह दिखाया कि वह टूर्नामेंट में क्या कुछ कर सकती है। नतीजे बेशक भारतीय टीम के हक में नहीं रहे हैं लेकिन जब वह नीदरलैंड के खिलाफ बुधवार को खेलने उतरेगी तो वह जीत दर्ज कर अंक तालिका में उपर चढ़ने की पुरजोर कोशिश करेगी। 'भारतीय महिला टीम की चीफ कोच यॉकी शॉपमैन ने कहा, नीदरलैंड एक बेहतरीन टीम है लेकिन हमारी टीम में क्षमता और प्रतिभा की कमी नहीं है। हमें धैर्य बनाए रख कर गोल करने के मौकों को भुनाना होगा।'

## आईसीसी पुरुष अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2024 टीम ऑफ टूर्नामेंट में कप्तान सहारन ने बनाए सबसे ज्यादा 396 रन

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली**, 13 फरवरी (देशबन्धु)। उदय सहारन की अगुआई में अजेय रह सेमीफाइनल सहित अपने सभी सात मैच जीत फाइनल में पहुंचने वाली पांच बार चैंपियन रही भारत की पुरुष क्रिकेट टीम को यह मलाल यह रह गया कि वह रविवार को आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से 79 रन से हार छठी बार खिताब जीतने से चूक गई। उदय सहारन की अगुआई वाली उपविजेता भारतीय टीम के उन सहित चार सदस्यों को आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्व कप 2024 टीम ऑफ टूर्नामेंट में जगह मिली है जबकि कप्तान हयू विबगेन सहित ऑस्ट्रेलिया के तीन, मैन ऑफ द' टूर्नामेंट तेज गेंदबाज क्वेना माफका सहित दो दक्षिण अफ्रीकी और पाकिस्तान और वेस्ट इंडीज के एक एक खिलाड़ी को जगह मिली है और बेशक ये सभी भविष्य के सुपरस्टार हैं। आईसीसी पुरुष अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2024 टीम ऑफ द टूर्नामेंट में शामिल चार चार भारतीय क्रिकेटर हैं- उदय सहारन, मुशीर खान, सचिन धस और बाएं हाथ के स्पिनर सौम्य पांडे। इस टीम में 2024 के संस्करण में शिरकत करने वाली 16 टीमों में पांच टीमों-ऑस्ट्रेलिया,भारत, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान और वेस्ट इंडीज के क्रिकेटरों को ही जगह मिल पाई।

आईसीसी पुरुष अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप 2024 टीम ऑफ टूर्नामेंट को चुनने वाले पैनल में कमेंट्री करने वाले कमेंटेटर के नुमाइंदो में इयान बिशप, मेलिंडा फरेल और अभिनव मुकुंद और मीडिया के सदस्य टलफर्ड वीस और आईसीसी हेड




ऑफ ऑफ इवेंटस क्रिस टेटले हैं। आईसीसी पुरुष अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप 2024 टीम ऑफ द टूर्नामेंट में बतौर विकेटकीपर 2024 के संस्करण में दक्षिण अफ्रीका के लिए टूर्नामेंट के आखिर के में सेमीफाइनल सहित तीन अर्द्धशतक जड़ कर 94.09 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। वहीं उनके सलामी जोड़ीदार हैरी डिक्सन ऑस्ट्रेलिया के लिए 2024 के अंडर-19 विश्व कप के सेमीफाइनल में पाकिस्तान और फाइनल भारत के खिलाफ तथा सुपर सिक्स में इंग्लैंढ के खिलाफ में मैचों में शीर्ष क्रम में बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए याद किए जाएंगे। भारत के मुशीर खान ने मौजूदा संस्करण में दो शतक जडने वाले अकेले बल्लेबाज के रूप में टीम में तीसरे नंबर जगह बनाई हालांकि वह सेमीफाइनल और फाइनल में नाकाम रहे। मुशीर ने 2024 के संस्करण में आक्रामक बल्लेबाजी के साथ बतौर बाएं हाथ के स्पिनर विकेट लेने की क्षमता भी दिखाई। वहीं ऑस्ट्रेलिया को अपनी कप्तानी में 2024 का अंडर 19 विश्व कप जिताने वाले कप्तान विबगेन ने मैदान पर बतौर कप्तान बहुत सूझबूझ दिखाई और चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के खिलाफ सुपर सिक्स में सनसनीखेज शतक जड़ जीत दिलाई और फिर भारत के खिलाफ फाइनल में बिनोनी में पहले बल्लेबाजी करने के साथ बहुत चतुराई से टीम चुन जिताया भी।

भारत के कप्तान उदय सहारन ने एक शतक और तीन अर्द्धशतकों सहित 2024 के अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप में सबसे ज्यादा कुल 397 रन बनाए। सहारन ने नेपाल के खिलाफ सुपर सिक्स में मुश्किल स्थिति में नेपाल के खिलाफ शतक जड़ा और सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मात्र चार विकेट मात्र 32 रन पर गंवाने के बावजूद 81 रन की यादगार पारी खेल जीत दिला फाइनल में स्थान बनाने में अहम भूमिका निभाई। वह बेशक आने वाले समय में भारत की सीनियर टीम में स्थान पाने के प्रमुख दावेदार हैं। भारत के लिए कप्तान सहारन के साथ सचिन धस ने मौजूदा संस्करण में दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन कर सुपर सिक्स में नेपाल (116रन) और दक्षिण अफ्रीका (96 रन)के खिलाफ सेमीफाइनल में बेहतरीन बल्लेबाजी भारत को जीत दिलाई आईसीसी पुरुष अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप 2024 टीम ऑफ द टूर्नामेंट में जगह पाई। वहीं ऑलराउंडर नाथन एडवडर्स ने वेस्ट इंडीज की इंग्लैंड के खिलाफ पोशफस्ट्रूम में जीत में 49 रन की बेहतरीन पारी के साथ तीन विकेट चटकाए उसे जीत दिलाई। यदि बारिश के चलते वेस्टइंडीज का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच धुला न होता तो वह शायद सेमीफाइनल में होती।

## इंग्लैंड की आक्रामक क्रिकेट से विकेट लेने में मदद मिली: कुलदीप

**राजकोट,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव का कहना है कि उन्होंने विशाखापटनम में इंग्लैंड के बैज़बॉल क्रिकेट का लुत्फ लिया क्योंकि इससे ना केवल विकेट लेने के अधिक मौक़े बने बल्कि इसने गेंदबाज़ों को टेस्ट में बल्लेबाज़ों को रोकने के बारे में सोचने पर मजबूर किया है। 15 फरवरी से राजकोट में शुरू होने वाले



तीसरे टेस्ट से पहले कुलदीप ने कहा, आमतौर पर टेस्ट क्रिकेट में आप टीमों के आक्रामक रूख [बैज़बॉल] के आदी नहीं होते हैं, लेकिन इससे आप अधिक शामिल होते हो। स्पिनर के तौर पर यह आपको यह फ़ोकस करने पर अधिक मजबूर करता है कि आप कहां गेंद करते हो और आपका दृष्टिकोण क्या हो।

कुलदीप ने मैच से पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, आमतौर पर जब आप टेस्ट खेलते हो तो आप इसकी चिंता नहीं करते हो कि बल्लेबाज़ आप पर आक्रमण करेंगे, आपका फ़ोकस केवल यही होता है कि कैसे बल्लेबाज़ों को आउट करो। लेकिन यहां दृष्टिकोण अलग है, वे आक्रामक मोड में है तो आपको योजना बनानी होती है कि कैसे उनको रोको। जब वे शॉट खेलते हैं तो आपके पास विकेट लेने के अधिक मौक़े बनते हैं। यह दिलचस्प है। पिछला मैच मेरा बैज़बॉल के ख़िलाफ़ पहला मैच था। मुझे बहुत मज़ा आया, यह क्रिकेट के लिए अच्छा है। मार्च 2017 में टेस्ट डेब्यू करने के बाद विशाखापटनम टेस्ट केवल उनका नौवां मैच था। यह 15 महीनों में उनका पहला टेस्ट भी था। कुलदीप ने मैच के अपने चार विकेट में से तीन पहली पारी में लिए जिसकी मदद से भारत को 143 रन की बढ़त मिली और भारत पांच टेस्ट की सीरीज़ 1-1 से बराबर करने में क़ामयाब रहा।

जब उनसे आख़िरकार टेस्ट क्रिकेट में मौक़ा मिलने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने हंसते हुए कहा, 'यह अच्छा रहा है। जो भी टेस्ट मैंने खेले हैं मैंने अच्छा प्रदर्शन किया है। मेरे पास तीन बार पारी में पांच विकेट हैं, तो हां जब आप आंकड़े देखते हैं तो अच्छा लगता है। मैं बहुत खुश हूं।' इस सीरीज़ के पहले दो टेस्ट की पिच रैंक टर्नर नहीं थी और अगर यही ट्रेंड राजकोट में भी चला तो कुलदीप प्लेयिंग इलेवन में अपनी जगह बरक़रार रख सकते हैं फिर चाहे रवींद्र जडेजा भी वापसी कर रहे हों। कुलदीप का खरापन और उन्हें

**आमतौर पर जब आप टेस्ट खेलते हो तो आप इसकी चिंता नहीं करते हो कि बल्लेबाज़ आप पर आक्रमण करेंगे, आपका फ़ोकस केवल यही होता है कि कैसे बल्लेबाज़ों को आउट करो:- कुलदीप यादव**

मिलने वाला अधिक उछाल उनको अक्षर पटेल से अधिक प्रभावी बना देता है। जब राजकोट टेस्ट में उनके खेलने के अवसर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मैं अपनी पॉज़िशन के बारे में पक्का नहीं हूं। अगर मुझे मौक़ा मिलता है तो मैं बहुत खुश होऊंगा। मैं अपने दिन का लुत्फ़ ले रहा हूं और कड़ी मेहनत कर रहा हूं। टीम गेम में संयोजन बहुत मायने रखता है।' कुलदीप को उनके पिछले राजकोट टेस्ट की याद दिलाने की ज़रूरत नहीं पड़ी जहां 2018 में उन्होंने वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ पांच विकेट लिए थे।

जब इंग्लैंड के ख़िलाफ़ होने वाली आगामी पिच के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, यह बल्लेबाज़ी विकेट होगा। इसका मतलब यह नहीं है कि यहां पर 700-800 रन बनेंगे, यह क्रिकेट के लिए बेहतरीन विकेट है। इस सीरीज़ के लिए अचानक से पिचों में बदलाव क्यों हुआ? कुलदीप ने कहा, मैंने रैंक टर्नर्स पर नहीं खेला हूं, मैं नहीं जानता इसके पीछे क?या दृष्टिकोण या सोच है। यह टीम प्रबंधन का फ़ैसला है। जाहिर तौर पर हर कोई अच्छा क्रिकेट देखना चाहता है। मुझे नहीं पता कि मुझे मौक़ा मिलेगा या नहीं, लेकिन फिर चाहे यह पाटा विकेट हो या रैंक टर्नर, मैं लुत्फ लूंगा। मुझे लगता है कि बल्लेबाज़ी भी जरूरी है, ना ही केवल स्पिन गेंदबाज़ी। तेज़ गेंदबाज़ी भी खेल में आती है, यह क्रिकेट के लिए अच्छा है।

## महिला वनडे रैंकिंग में स्मृति मंधाना चौथे नंबर पर पहुंचीं

**दुबई,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। स्मृति मंधाना ने दो पायदान की छलांग लगाते हुए नवीनतम आईसीसी रैंकिंग में महिला वनडे बल्लेबाजों की सूची में चौथा स्थान हासिल कर लिया है। इंग्लैंड की नट शिवर ब्रंट, श्रीलंका की चामरी अथापथु और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी शीर्ष तीन स्थानों पर काबिज हैं। मंधाना की उन्नति को बल्ले से उनके लगातार प्रदर्शन से मदद मिली, खासकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला में, जहां उन्होंने मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में 34 और 29 के स्कोर के साथ अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। उनके शानदार प्रदर्शन ने न केवल उनकी टीम को जीत दिलाई बल्कि उन्हें रैंकिंग सीढ़ी पर भी ऊपर पहुंचाया।

एश्ले गार्डनर तीन स्थान गिरकर 22वें नंबर पर आ गईं, जबकि फोएबे लीचफील्ड भी दो स्थान नीचे खिसक गईं। ताहलिया मैकग्रा बल्लेबाजी रैंकिंग में चार स्थान के फायदे से 30वें नंबर पर



पहुंच गईं। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोल्वार्ट को गिरावट का सामना करना पड़ा और वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बाद पांचवें स्थान पर खिसक गईं।

दुर्जेय एलिसा हीली एंड कंपनी के खिलाफ बल्लेबाजी की शुरुआत करते हुए, वोल्वार्ट ने संघर्ष किया और 2.33 की औसत से केवल सात रन ही बना सकीं। उनके निराशाजनक प्रदर्शन के कारण उन्हें अपनी पिछली रैंकिंग त्यागनी पड़ी, जिससे मंधाना के आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया। लेकिन यह सिर्फ बल्लेबाज़ नहीं थे जिनकी रैंकिंग में बदलाव देखा गया; हरफनमौला खिलाड़ियों और गेंदबाजों की भी हलचल देखने को मिली। दक्षिण अफ्रीका के एलिज़-मैरी मार्क्स की उल्लेखनीय वृद्धि, ऑलराउंडरों की रैंकिंग में 34 स्थान की बढ़त के साथ 75वें स्थान पर पहुंच गई, जिससे खेल में उभरती प्रतिभा की गहराई का पता चला। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया की किम गार्थ का 36वें नंबर पर पहुंचना और अलाना किंग का 19वें नंबर पर पहुंचना महिला क्रिकेट के प्रतिस्पर्धी परिदृश्य को रेखांकित करता है। गेंदबाजी विभाग में, मैरिज़ेन कैप का नंबर 2 पर पहुंचना, केवल इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन से पीछे, मैदान पर उनके प्रभुत्व को उजागर करता है।

## बधिरों के लिए तीसरी टेस्ट राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप का उद्घाटन

**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (एजेंसियां) भारतीय बधिर क्रिकेट संघ (आईडीसीए) की बधिरों के लिए तीसरी टेस्ट राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप 2024 का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि संतोष कुमार राय, जिला मजिस्ट्रेट दक्षिण-पूर्व, दिल्ली द्वारा एक शानदार समारोह में किया गया।

उद्घाटन समारोह में क्रिकेट और कॉर्पोरेट जगत के कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया, जिन्होंने इस आईडीसीए तीसरी टेस्ट नेशनल क्रिकेट चैंपियनशिप फॉर डेफ 2024 का समर्थन किया। देव दत्त, बीसीसीआई प्रमाणित कोच भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उद्घाटन समारोह में सभा को संबोधित करते हुए, पूर्व क्रिकेटर और मुख्य अतिथि, संतोष कुमार राय, जिला मजिस्ट्रेट दक्षिण पूर्व, दिल्ली ने कहा, 'तीसरी आईडीसीए राष्ट्रीय क्रिकेट



चैम्पियनशिप के साथ जुड़ना मेरे लिए गर्व का क्षण है। यह लीग एक मंच प्रदान करती है। विशेष रूप से विकलांग पुरुषों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए। उन्होंने इसके लिए वास्तव में कड़ी मेहनत की है, और मैं उनके साथ जुड़कर वास्तव में खुश हूं। आईडीसीए की संरक्षक रीना जैन मल्होत्रा ने उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि और सम्मानित अतिथि का स्वागत करते हुए कहा, आईडीसीए में हमारे लिए चार अलग-अलग राज्यों को प्रतिष्ठित तीसरी आईडीसीए राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप खेलने के लिए एक साथ देखना एक विशेष क्षण है। हम श्रवण-बाधित क्रिकेट के हित में विश्वास के लिए अपने सभी सहयोगी साझेदारों के बहुत आभारी हैं। हम आने वाले वर्षों में इसे विकसित करने और इसे बड़ा और बेहतर बनाने की उम्मीद करते हैं।

## सार संक्षेप

### दिल्ली के अर्जुन प्रसाद ने शुरुआती दौर में 62 के कार्ड से बढ़त बनाई

**कोलकाता।** दिल्ली के अर्जुन प्रसाद ने यहां टॉलीगंज क्लब में खेली जा रही सीजन की पहली प्रतियोगिता, 1 करोड़ रुपये की पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप 2024 में शुरुआती दौर में मंगलवार को आठ अंडर 62 का असाधारण स्कोर बनाकर बढ़त हासिल कर लिया। दिल्ली के एक अन्य गोल्फर गत चैंपियन सचिन बैसोया (63) एक शॉट पीछे दूसरे स्थान पर है। 64 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहे चार खिलाड़ियों में चेक गणराज्य के नौसिखिए स्टीफन डेनेक के साथ-साथ उदयन माने, करण प्रताप सिंह और स्थानीय खिलाड़ी मोहम्मद संजू शामिल हैं। अर्जुन प्रसाद, जो सोमवार को 25 साल के हो गए, ने यह सुनिश्चित किया कि वह मंगलवार को गोल्फ के एक धमाकेदार राउंड के साथ अपना जन्मदिन शानदार तरीके से मनाएं, जिसमें दो ईगल, पांच बर्डी और एक बोगी शामिल थी।

### भारत के सबसे उम्रदराज क्रिकेटर दत्ता गायकवाड़ का निधन, बीसीसीआई ने जताया शोक

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पूर्व कप्तान और भारत के सबसे उम्रदराज टेस्ट क्रिकेटर दत्ता गायकवाड़ के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। बीसीसीआई ने एक्स पर लिखा, 'बोर्ड दत्ता गायकवाड़ के परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता है।' पूर्व भारतीय कप्तान दत्ता गायकवाड़, जो देश के सबसे लंबे समय तक जीवित रहने वाले टेस्ट क्रिकेटर थे। उनका मंगलवार को बड़ौदा में अपने आवास पर निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। गायकवाड का टेस्ट करियर 1952 से 1961 तक चला, लेकिन इस दौरान उन्होंने केवल 11 टेस्ट खेले, जिसमें 350 रन बनाए। दत्ता गायकवाड़, 1959 में इंग्लैंड का दौरा करने वाली भारतीय टीम की कप्तानी की, लेकिन टीम सभी पांच टेस्ट हार गई। उनका सर्वोच्च स्कोर 1959 में नई दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ 52 रन था। रणजी ट्रॉफी में गायकवाड बड़ौदा के लिए ताकत का स्तंभ थे, जिसके लिए उन्होंने 1947 से 1961 तक खेला।

### भारत के दानिश मंजूर विश्व ताइक्वांडो प्रेसिडेंट कप एशिया क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा करेंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय ताइक्कांडो एथलीट दानिश मंजूर प्रतिष्ठित विश्व ताइक्कांडो प्रेसिडेंट कप एशिया रीजन और फज्र कप 2024 में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं, जो सोमवार को ईरान के तेहरान में शुरू हुआ और 21 फरवरी को समाप्त होगा। दक्षिण कोरिया में ऐतिहासिक विश्व ताइक्कांडो ऑक्टागन डायमंड जी4 ओलंपिक रैंकिंग कार्यक्रम में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद, जहां दानिश शीर्ष 8 में रहे, वह आगामी कार्यक्रमों के लिए कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं।

## ध्रुव जुरेल, सरफराज खान ने की कड़ी ट्रेनिंग, तीसरे टेस्ट में डेब्यू की संभावना

**राजकोट**, 13 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल और मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज खान के राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने की संभावना है। तीसरे टेस्ट से पहले पहले अभ्यास सत्र में ध्रुव जुरेल को विकेटकीपिंग अभ्यास करते देखा गया। खराब फॉर्म से गुजर रहे केएस. भरत की जगह ध्रुव जुरेल को मौका मिल सकता है। केएस भरत ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट खेले और कुछ पूर्व क्रिकेटरों ने चयनकर्ताओं को उनका विकल्प तलाशने की सलाह दी। पहले दो मैचों में केएस भरत ने 102 रन बनाए थे, जिसमें उनका सर्वाधिक स्कोर 41 रन था। पहले टेस्ट में केएल राहुल और रवींद्र जडेजा के चोटिल होने के बाद भारतीय टीम में शामिल किए गए सरफराज खान खेल के लंबे प्रारूप में डेब्यू करते नजर आ सकते हैं। सरफराज ने पहले अभ्यास सत्र में ज्यादातर समय नेट्स पर बल्लेबाजी करते हुए बिताया। वह पहली स्लिप पर तैनात होकर स्लिप फील्डिंग का अभ्यास भी कर रहे थे। पीठ में अकड़न के कारण श्रेयस अय्यर के हटने से सरफराज खान के लिए मध्यक्रम में दावा पेश करने का रास्ता खुल गया है। व्यक्तिगत कारणों से कोहली की अनुपस्थिति से भारत की बल्लेबाजी क्षमता कमजोर दिख रही है, जिससे कप्तान रोहित शर्मा के सामने चुनौतियां बढ़ जाती हैं।

## असम खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए तैयार, शिवांगी को प्रतिभागियों से 'अच्छी बातें' सुनने का भरोसा

**गुवाहाटी,** 13 फरवरी (एजेंसियां)। असम की तैराक शिवांगी शर्मा, जो हांगझोउ एशियाई खेलों में महिलाओं की 4×200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाली चौकड़ी का हिस्सा थीं, ने आगामी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) 2023 की मेजबानी के लिए अपने गृह राज्य की तैयारी की संभावनाओं पर प्रसन्नता व्यक्त की। शिवांगी ने चार साल के इंतजार के बाद पूर्वोत्तर राज्य में एक प्रमुख खेल आयोजन की वापसी पर खुशी व्यक्त की। शिवांगी, जिन्होंने चार साल पहले पूल में जलवा बिखेरा था जब असम ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स के तीसरे संस्करण की मेजबानी की थी और पांच पदक जीते थे, उन्होंने केआईयूजी के लिए राज्य की तैयारियों पर विश्वास व्यक्त किया क्योंकि वह अपने राज्य के बारे में 'अच्छी बातें' सुनने का इंतजार कर रही हैं।

उन्होंने कहा, 'मुझे बेहद खुशी है कि असम खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी कर रहा है। जब मैंने केआईयूजी में भाग लिया, तो मैंने देखा कि कैसे हमारी राज्य सरकार ने इस कार्यक्रम की व्यवस्था करने में पूरे दिल से प्रयास किया और सभी को यह पसंद आया।'

शिवांगी ने कहा, 'व्यवस्थाएं शानदार थीं, सभी ने कहा था कि लोग अच्छे थे, प्रबंधन शानदार था। इसलिए मैं केआईयूजी का इंतजार कर रही हूं, क्योंकि अपने राज्य के बारे में अच्छी बातें सुनना हमेशा अच्छा लगता है। चार साल के लंबे इंतजार के बाद, खेलो इंडिया असम में वापस आ गया है। 'युवा खिलाड़ी, जो वर्तमान में नई दिल्ली में प्रशिक्षण ले रही है, ने अपने राज्य में बुनियादी ढांचे के बारे में बात की, साथ ही सरुसजाई स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में डॉ. जाकिर हुसैन एक्वेटिक्स कॉम्प्लेक्स में बेहतर सुविधाओं का भी हवाला दिया - जो कि तैराकी स्पर्धाओं का स्थल है। 'मैंने सरुसजाई में कभी प्रशिक्षण नहीं लिया लेकिन मैंने देखा कि वहां पूरा पूल बहुत अच्छी तरह से बनाए रखा गया है। जनवरी में, गुवाहाटी में आमतौर पर अत्यधिक ठंड होती है, और वे हीटर चालू कर देते हैं ताकि तैराक गर्म पानी में प्रशिक्षण ले



सकें। यह तैराकों के लिए आरामदायक है। उन्होंने कहा, असम को केवल अधिक प्रशिक्षित प्रशिक्षकों की जरूरत है क्योंकि राज्य में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। लेकिन कुल मिलाकर, असम में बहु-विषयक कार्यक्रमों की मेजबानी के लिए सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा मौजूद है।